रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 19 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-30 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### बिहार में खुलेगा एपीडा कार्यालय

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) का कार्यालय खोलने की घोषणा करते हुए कहा है कि राज्य में कृषोन्नति योजना के लिए अच्छे प्रदर्शन के आधार पर अधिक राशि के आवंटन की जायेगी। चौहान ने बुधवार को यहां बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में, बिहार के कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने और किसानों की सुविधा के लिए बिहार में एपीडा का ऑफिस खोलने का निर्णय लिया गया।

### नये आपराधिक कानूनों के तहत साढे पांच लाख से अधिक प्राथमिकी दर्ज




**नयी दिल्ली।** देश में नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद साढे पांच लाख से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और आठ लाख से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के मौके पर बताया कि एक जुलाई को भारतीय न्याय संहिता लागू किये जाने के बाद से तीन सितंबर तक कुल 5 लाख 56 हजार प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं।

### कांग्रेस ने हरियाणा के मतदाताओं से किये सात वादे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के मतदाताओं से वादा करते हुए सात गारंटी देने की घोषणा की और कहा कि राज्य में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो पार्टी अपने इन वादों को पूरा करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन वादों की घोषणा करते हुए पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तो पूरे देश में खेल, कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रति व्यक्ति निवेश में हरियाणा नंबर एक पर था। इस बार हमारा संकल्प है कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती हे तो फिर से हरियाणा को नंबर एक राज्य बनाएंगे। उन्होंने राज्य के लिए सात घोषणाएं करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने का वादा किया और कहा कि हर महीने महिलाओं को 2,000 रुपए देने के साथ ही गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से भारत को विकसित बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा : पीएम मोदी

## लोकसभा और विधानसभाओं के साथ-साथ अन्य चुनावों को एक साथ कराने की दिशा में आगे बढ़ रहा देश

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार का मानना है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार के लागू होने से देश में विभाजनकारी राजनीति हतोत्साहित होगी, संसाधनों की मितव्ययिता के साथ विकास पर फोकस बढ़ेगा, शासन में स्थिरता आयेगी और देश में वित्तीय भार काफी कम हो जाएगा। इस प्रकार से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग सुलभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की एक राष्ट्र एक चुनाव पर रिपोर्ट में की गयीं सिफ ारिशों को स्वीकार कर लिया। सूत्रों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के साथ-साथ अन्य चुनावों को एक साथ कराना है। इस प्रस्ताव के कई फायदे हैं जो -लागत में कमी, चुनावी थकान में कमी, शासन में स्थिरता, मतदाता भागीदारी में वृद्धि, संसाधनों का कुशल उपयोग, नीतियों में स्थिरता, राष्ट्रीय ध्यान केंद्रित करना, सार्वजनिक जीवन में कम व्यवधान, काले धन पर अंकुश, विकास चक्र में समानता, प्रशासनिक भार में कमी, आदर्श आचार संहिता में स्थिरता, दीर्घकालिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहन, चुनाव प्रबंधन में सरलता, मतदाता जागरूकता में वृद्धि, संघवाद को मजबूत करना, निवेशक विश्वास में वृद्धि, लोकतांत्रिक जवाबदेही को मजबूत करना, प्रशासनिक नौकरशाही का राजनीति से कम संबंध, जाति, समुदाय, और धार्मिक ध्रुवीकरण में कमी, चुनावी तैयारी में सुधार, सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में व्यवधान को कम करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, चुनाव अभियानों को सरल बनाना, कानून और व्यवस्था प्रबंधन में सुधार, ईवीएम और वीवीपीएटी का बेहतर उपयोग, केंद्र और राज्य नीतियों के बीच बेहतर समन्वय तथा न्यायिक निरीक्षण को सरल बनाना, हैं। सूत्रों ने इसका उल्लेख करते हुए कहा कि एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्चों में कमी आ सकती है, क्योंकि कई दौर में मतदान केंद्र, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स पर खर्च बचाया जा सकता है। बार-बार होने वाले चुनाव लगातार राजनीतिक प्रचार का चक्र बनाते हैं, जिससे शासन में रुकावट आती है। एक चुनाव चक्र सरकारों को नीति-निर्माण और दीर्घकालिक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की अवसर देगा। लगातार चुनाव छोटे-छोटे, लोकलुभावन निर्णयों को जन्म दे सकते हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारें दीर्घकालिक शासन और विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव ध्यान भटकाने की कोशिश : खडगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मोदी सरकार के एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे को ध्यान भटकाने की कोशिश करार देते हुए कहा है कि यह संविधान तथा संघवाद के खिलाफ है। खडगे ने कहा कि भाजपा हर महत्वपूर्ण मुद्दे से ध्यान भटकाने का बराबर काम करती है और यहां भी सरकार की कमियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का मुद्दा सामने लाया जा रहा है। उन्होंने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव' केवल ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा है। ये संविधान के ख़िलाफ़है, ये लोकतंत्र के प्रतिकूल है, ये संघवाद के विरूद्ध है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।

### झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में देरी, केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका



**नई दिल्ली**/वार्ता। झारखंड सरकार ने राज्य के उच्च न्यायालय के साथ-साथ देश के अन्य उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति करने में 'असाधारण देरी' को न्यायपालिका की स्वतंत्रता के पोषित सिद्धांत के लिए नुकसानदायक करार देते हुए केंद्र सरकार के संबंधित शीर्ष अधिकारी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक अवमानना याचिका दायर की है। झारखंड सरकार की याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने राज्य के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत की कॉलेजियम द्वारा पारित प्रस्ताव को लागू नहीं किया है। इसकी वजह से झारखंड उच्च न्यायालय (15 दिनों की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, जिसके दौरान न्यायमूर्ति बी आर सारंगी को नियमित मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था) पिछले नौ महीनों से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की व्यवस्था के तहत चल रहा है।

### कोलकाता में डॉक्टरों ने जारी रखी हड़ताल

एजेंसी ‹ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में सरकारी अस्पतालों के आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत के लिए एक और दौर की मांग करते हुए बुधवार को भी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी। डॉ अनिकेत महतो ने संवाददाताओं से कहा कि वे राज्य के मुख्य सचिव को ईमेल करेंगे और मुख्यमंत्री से एक और दौर की बातचीत की मांग करेंगे। स्वास्थ्य सचिव को दंड देने की कार्वाई की मांग को लेकर राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के बाहर नौवें दिन भी धरना दे रहे एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, हमने अपनी कुछ अधूरी मांगों और अस्पतालों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री से और बातचीत का अनुरोध किया है जहां धमकी की संस्कृति ने माहौल को खराब कर दिया है। उच्चतम न्यायालय और सुश्री बनर्जी ने बार-बार डॉक्टरों से हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है। डाक्टरों की हड़ताल से पिछले 41 दिनों से सरकारी अस्पतालों के आउटडोर (बाह्य) रोगी विभागों में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के तत्वावधान में मंगलवार रात डॉक्टरों ने एक आम सभा की और गत नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित तौर पर स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने पर न्याय दिलाने, स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने और सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित कार्य संस्कृति बनाने की मांग को लेकर अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया।

### सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करेंगे केजरीवाल

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस फैसले से दिल्ली की जनता बहुत दुखी और गुस्से में हैं कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए अनेकों काम किए। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी? सिंह ने कहा कि दिल्ली और देश के लोग देख रहे हैं कि पिछले दो साल से भाजपा लगातार अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे आरोप खड़े किए, जबकि एक रुपए का अभी तक सबूत नहीं मिला है।

### मुख्यमंत्री साय ने कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे घायलों का बेहतर ईलाज करने चिकित्सकों को दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे पिकअप वाहन में 25 से 30 श्रद्धालु सवार थे। पिकअप वाहन लौटते समय वाहन गहरी खाई गिर कर पलट गई, जिससे उसमें सवार लोगों को चोट आयी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायलों के ईलाज के समुचित इलाज के निर्देश चिकित्सकों को दिए हैं। बगीचा क्षेत्र में हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही सीएम कैंप कार्यालय बगिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को इलाज के समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। घटना स्थल पर एंबुलेस और मेडिकल टीम भेजी गई। घायलों को बगीचा अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं गंभीर रूप से घायलों को अंबिकापुर रिफर किया गया है। जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर श्रद्धालु लौट रहे थे कि पिकअप वाहन खाई में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मामला बगीचा थाने के सोनगेरसा का है, जहां से कैलाश गुफा जाते हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय पिकअप में 25 से 30 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। आसपास के ग्रामीणों ने हर संभव प्रयास करते हुए घायलों को ईलाज के लिए तत्परता दिखाते हुए बगीचा अस्पताल ले जाया गया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

### जनदर्शन आज, कैबिनेट की बैठक कल



मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में आज जनदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनदर्शन में लोगों से सीधे रुबरु होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। जनदर्शन का आयोजन सबेरे 11:00 बजे से 1:00 बजे तक किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक कल आयोजित की जाएगी। 20 सितंबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे कैबिनेट की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई है।

### गिग श्रमिकों के लिए समिति गठित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक समिति बनाने का निर्देश दिया है। मांडविया ने एग्रीगेटर के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में मांडविया ने ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों को पंजीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में कार्यबल की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि इन श्रमिकों को आवश्यक सामाजिक सुरक्षा संरक्षण प्राप्त हो। गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा के लिए एक समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय मंत्री ने मंत्रालय को एक समिति बनाने का निर्देश दिया ताकि सभी पक्षों के साथ विचार विमर्श किया जा सकें। यह समिति प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगी और इन श्रमिकों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा ढांचा स्थापित करने के सुझाव देगी। उन्होंने अगले तीन महीनों के भीतर ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए श्रमिकों का पंजीकरण महत्वपूर्ण है। एग्रीगेटर्स से इस पंजीकरण अभियान में सहायता करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि सभी पात्र श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हों। बैठक में कुल आठ प्रमुख प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर शामिल हुए, जिनमें अर्बन कंपनी, स्विगी और इंस्टामार्ट, जोमैटो और ब्लिंकिट, पोर्टर, इवन कार्गो, अमेज़न, उबर, ओला के साथ-साथ फिक्की, डेलोइट, सीआईआई, एम्प्लॉयर्स फेडरेशन ऑफइंडिया, इंडियाटेक, ओएमआई आदि संगठन शामिल हुए।

### भारतीय इमर्सिव क्रियेटर्स संस्थान की स्थापना को मंजूरी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भारतीय इमर्सिव क्रियेटर्स संस्थान (आईआईआईसी) की स्थापना को आज मंजूरी प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा 8 कंपनी के रूप में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की। इस संस्थान में फेडरेशन ऑफइंडियन चैंबर्स ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भारतीय उद्योग परिसंघ भारत सरकार के साथ भागीदार के रूप में उद्योग निकायों का प्रतिनिधित्व करेंगे। रेल, सूचना प्रसारण, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इससे भारत में फिल्म निर्माण में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा और कम से कम पांच लाख रोजगार मिलेगा। एनसीओई की स्थापना मुंबई, महाराष्ट्र में की जाएगी और यह देश में एक एवीजीसी कार्य बल की स्थापना के लिए केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री की वर्ष 2022-23 की बजट घोषणा के अनुरूप है। एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र आज मीडिया और मनोरंजन के पूरे क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसमें फिल्म निर्माण, ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म, गेमिंग, विज्ञापन तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक क्षेत्रों सहित कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं, इस प्रकार देश की विकास गाथा की समग्र संरचना को समेटे हुए है। तेजी से विकसित हो रही तकनीक और पूरे देश में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के साथ-साथ सबसे सस्ती डेटा दरों सहित, वैश्विक स्तर पर एवीजीसी-एक्सआर का उपयोग तेजी से बढ़ने को तैयार है। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने, इसे तेज गति को बनाए रखने के लिए, देश में एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के शीर्ष संस्थान के रूप में कार्य करने के लिए की जा रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े

### विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बैम्बू टॉवर का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर/बेमेतरा
www.dailypioneer.com





विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का निर्माण किया गया है। करीब 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाला यह टॉवर भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर और बांस प्रौद्योगिकी से जुड़े गणेश वर्मा ने बनाया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बांस-टॉवर का लोकार्पण करते हुए कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस पर लगातार अनुसंधान कर इसकी नई-नई खासियतों को सामने ला रहा है। अपनी नई सोच और पहल से उन्होंने 140 फीट ऊंचा यह टॉवर बनाया है। यह टॉवर वजन में हल्का है और इसका जीवन काल कम से कम 25 वर्षों का है। वॉच टॉवर, टेलीकॉम टॉवर, ट्रांसमिशन टॉवर और रेडियो टॉवर के रूप में इसका उपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस के उपयोग और इससे निर्मित सामग्रियों की नई-नई डिजाइन और परिकल्पना पर लगातार काम कर रहा है। हम लोग उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनके इस कार्य के लिए मैं उन्हें बहुत बधाई देता हूं। गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यदि बांस के उपयोग के बारे में कोई नीति बनाती है और उसे प्रोत्साहित करती है, तो वहां के आदिवासियों का जीवन बदल जाएगा। छत्तीसगढ़ के हैंडलूम्स, हैंडीक्रॉफ्ट्स और मेटल-क्रॉफ्ट्स में नए डिजाइन बनेंगे तो उनकी अच्छी बिक्री होगी। मैं डॉ. रमन सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से अनुरोध करूंगा कि बांस से फर्नीचर और अन्य सामग्रियों के नए-नए डिजाइन उनकी उपयोगिता के आधार पर तैयार करने के लिए डिजाइन सेंटर बनेंगे तो राज्य में निर्यात करने लायक उत्पाद भी तैयार हो सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 140 फीट के इस नवनिर्मित टॉवर से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है। दुनिया के सबसे ऊंचे 140 फीट के बांस के टॉवर को देखकर मैं गौरवान्वित हुआ हूं। इसके लिए मैं भव्य सृष्टि उद्योग से जुड़े सभी साथियों को बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ का यह नया स्टार्ट-अप धरती से जुड़ा है, किसान से जुड़ा है और हमारे वनवासियों से जुड़ा है। सांसद विजय बघेल तथा विधायकद्वय दीपेश साहू और ईश्वर साहू भी कठिया में बांस-टॉवर के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

### विश्व व्यवस्था में भारत की स्थिति 'विश्व मित्र' और 'विश्व बंधु' की है: जनरल चौहान



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि वैश्विक व्यवस्था में भारत की स्थिति 'विश्व मित्र' और 'विश्व बंधु' की है। वह 18 सितंबर 2024 को नई दिल्ली में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ की रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा आयोजित विदेशी सेवा अताशे के लिए एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सैन्य कूटनीति के महत्व को स्पष्ट किया, जिसमें रक्षा अताशे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जनरल चौहान ने देश की रक्षा के चार अलग-अलग क्षेत्रों अर्थात परिचालन तैयारी, आधुनिकीकरण, परिवर्तन और स्वदेशीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सबसे हिंसक दशक में, राष्ट्रों के बीच संघर्षों को रोकने के लिए बल प्रयोग की प्रवृत्ति बढ़ रही है। बढ़ती अनिश्चितता और असुरक्षा राष्ट्रों को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को नवीनीकृत करने और रक्षा पर खर्च बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है, उन्होंने डेटा सेंट्रिक वारफेयर के महत्व और युद्ध में क्रांति लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर जोर दिया।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने शुरू की एनपीएस वात्सल्य योजना

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुसार आयोजित एक कार्यक्रम में एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक मोहंती की उपस्थिति में एनपीएस वात्सल्य की सदस्यता लेने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरुआत की, योजना विवरणिका जारी की और नए नाबालिग ग्राहकों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या कार्ड वितरित की। एनपीएस वात्सल्य कार्यक्रम पूरे देश में लगभग 75 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए गये। सीतारमण ने सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि अटल पेंशन योजना के तहत अब तक 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक का संपदा प्रबंधन किया जा रहा है। इसी तरह से राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के तहत 39 लाख करोड़ रुपये का संपदा प्रबंधन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपने औन अपने जानने वालों के बच्चों पर जन्मदिन के अवसर पर एक हजार रुपये का एनपीएस वात्सल्य उपहार के तौर पर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बेटी पढाओ और बेटी बचाओ जैसे अभियान संचालित करती है उसी तरह से अन्य योजनायें भी संचालित की जा रही है। सरकार हर वर्ग और हर आयु के लोगों को वित्तीय तौर पर सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनपीएस वात्सल्य माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देता है।

# अकादमी बनाकर मलखंब और जिम्नास्टिक को किया जाएगा प्रोत्साहित : सीएम यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मलखंब और जिम्नास्टिक को प्रोत्साहित करने के लिए उज्जैन में पृथक-पृथक अकादमी का निर्माण किया जाएगा। साहसिक खेल गतिविधियों को पर्यटन एवं वन के साथ जोड़कर स्पोर्ट्स एडवेंचर के रूप में मुख्य खेलों में शामिल करें। डॉ यादव यहां मंत्रालय में बुधवार को खेल एवं युवक कल्याण की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज घाटे, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी एवं संचालक रवि कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न जिलों से युवाओं का चयन कर साहसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएं।
उन्होंने कहा कि महिला, किसान, युवा, गरीब को ध्यान में रखकर रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में खेल स्टेडियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि प्रत्येक स्टेडियम में एक हेलीपेड भी हो। उन्होंने कहा कि घुड़सवारी के खेल के लिए काठियावाड़ी घोड़ों का प्रदर्शन बहुत अच्छे स्तर का होता है। हम काठियावाड़ी घोड़ों को खेलों में शामिल करते हैं तो और भी बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने कहा कि घुड़सवारी एवं शूटिंग में मध्यप्रदेश की परफार्मेंस अच्छी है।
यहाँ की खेल अकादमी श्रेष्ठ अकादमियों में से एक है। अकादमी में 32 घोड़े प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध हैं। घुड़सवारी भी एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें महिला और पुरूष दोनों ही वर्ग के खिलाड़ी एक साथ भाग लेते हैं। डॉ यादव ने कहा कि ओलम्पिक एवं एशियन गेम्स पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाये। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, वन, आबकारी, परिवहन, पुलिस और अनुसूचित जनजाति विभागों में खेल कोटे से नौकरी दिए जाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य राज्यों में खेल कोटे में नियुक्ति के लिए प्रचलित नियमों के साथ प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योजना में सिर्फ अधोसंरचना ही विकसित नहीं हो, उसके साथ खेल गतिविधियां भी प्राथमिकता से संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि इन खेलों से हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं को इस योजना से जोड़ा जाए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल भावना को पहचानना और उसका विकास करना है। इससे खेलों के प्रति विद्यार्थियों की रूचि और उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। खेलो इंडिया की तर्ज पर, खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विकासखंड के 16 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें 24 खेल शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल समारोह का आयोजन कैलेंडर बनाकर करें। इसे किसी दिन विशेष से जोड़कर शुरू किया जाए। राष्ट्रीय स्तर पर खेल मंथन शिविर के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि एक दिन राज्य स्तर पर और एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर मंथन के लिए रखें। खेल एवं दी जाने वाली सुविधाओं का समग्र प्लान बनाकर मंथन की तैयारी करें।
उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण युवाओं से समन्वय कर जिलों और विकासखंड स्तर पर राष्ट्रीय पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मंत्री विश्वास सारंग द्वारा संचालक खेल के पद को महानिदेशक खेल के रूप में उन्नयन करने एवं विभागीय कैडर में संयुक्त संचालक का पद संचालक खेल के पद पर उन्नयन का प्रस्ताव समीक्षा बैठक में रखा।

# जम्मू-कश्मीर में शाम पांच बजे तक 58.19 प्रतिशत मतदान, इंद्रवाल में सर्वाधिक 80.06 प्रतिशत वोट डाले गये

एजेंसी < श्रीनगर/जम्मू
www.dailypioneer.com




जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 24 सीटों पर बुधवार शाम पांच बजे तक औसतन 58.19 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार केन्द्रशासित प्रदेश के सभी 3,276 मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्त होने से एक घंटा पहले शाम पांच बजे तक इंद्रवाल निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 80.06 प्रतिशत और त्राल में सबसे कम 40.58 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अनंतनाग सीट में औसतन 41.58 प्रतिशत, अनंतनाग पश्चिम में 45.93, बनिहाल में 68.00, भद्रवाह में 65.27, डी. एच. पोरा में 65.21, देवसर में 54.73, डोडा में 70.21, डोडा पश्चिम में 74.14, दुरू में 57.90, किश्तवाड़ में 75.04, कोकरनाग(सुरक्षित) में 58.00, कुलगाम में 59.58, पद्दर-नागसेनी में 76.80, पहलगाम में 67.86, पम्पोर में 42.67, पुलवामा में 46.22, राजपोरा में 45.78, रामबन में 67.34, शांगसु-अनंतनाग में 52.94, शोपियां में 54.72, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा में 56.02 और जैनापोरा में 52.64 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 5.66 लाख युवाओं सहित लगभग 23.27 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 219 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद कर देंगे। प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया। प्रदेश के सात जिलों की 24 सीटों पर पहले चरण के मतदान में आठ सीटें जम्मू संभाग की और 16 दक्षिण कश्मीर क्षेत्र के हैं। सुबह से ही लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्र के बाहर लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आये और मतदाताओं में मतदान के लिए उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। अब तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। केन्द्र शासित प्रदेश में दूसरे और तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान क्रमशः 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा। चुनाव परिणाम आठ अक्टूबर को आयेंगे। चुनाव प्रक्रया 10 अक्टूबर तक संपन्न होगी।

# अदाणी फाउंडेशन ने मनाया 'हिंदी दिवस', बच्चों को समझाया हिंदी का महत्व, भाषा में रूचि जगाने का प्रयास

## सशक्त मंच बनकर उभरा अदाणी फाउंडेशन का 'उत्थान प्रोजेक्ट'

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अदाणी फाउंडेशन ने हिंदी दिवस के अवसर पर अपने 'उत्थान प्रोजेक्ट' के तहत तिल्दा ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक शाला, चिचोली में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित कराना और उनमें मातृभाषा के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था। हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर वाद-विवाद, कविता पाठ, सुलेख और साहित्यिक चरित्र प्रदर्शन जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने न केवल उनके तर्क-वितर्क कौशल को निखारा, बल्कि उन्हें विचारशील और जागरूक नागरिक बनने की भी प्रेरणा दी। साहित्यिक चरित्र प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों ने हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध चरित्रों को जीवंत किया, जिससे उनकी सृजनात्मकता और अभिनय प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन हुआ। कविता पाठ प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न कवियों की रचनाओं का पाठ किया। इस गतिविधि ने बच्चों को साहित्य के प्रति रुचि और सम्मान बढ़ाने में मदद की। वहीं, सुलेख प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को सुंदर लेखन की महत्ता और उपयोगिता से अवगत होने का मौका मिला। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी लेखन शैली को सुधारा और उसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों और स्थानीय नेताओं ने भी हिंदी भाषा की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए हिंदी भाषा की उपयोगिता और उसके व्यापक प्रभाव पर चर्चा की। ग्राम पंचायत चिचोली के सरपंच पुनीतराम साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर जोर दिया और उन्हें अपने जीवन में हिंदी को प्रमुख स्थान देने के लिए प्रेरित किया। अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर प्रमुख दीपक सिंह ने अदाणी फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और बच्चों को हिंदी भाषा के प्रति कृतज्ञ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसे संजोकर रखना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को उनकी जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चे हमारे देश का गौरव हैं, जिनके हाथों में बेहतर भविष्य की कमान है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर और अपनी भाषा की अपार क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बच्चों ने यह दर्शाया कि वे अपनी मातृभाषा का कितना सम्मान करते हैं। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक कमलेश वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक बृजेश सिंह और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संतोष विश्वकर्मा, अदाणी पावर लिमिटेड के सिविल विभाग से सुमित कुमार और सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके उत्साह और मेहनत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र एवं छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस प्रकार, अदाणी फाउंडेशन का 'उत्थान प्रोजेक्ट' न केवल बच्चों को शिक्षित करने का माध्यम बना, बल्कि उन्हें हिंदी भाषा के महत्व को समझाने और इसके प्रति उनमें रुचि उत्पन्न करने का एक सशक्त मंच बनकर भी उभरा। इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि हिंदी हमारी संस्कृति और धरोहर का अभिन्न हिस्सा है और इसे संजोकर रखना हमारी जिम्मेदारी है।

# अखिलेश ने मंगेश यादव के परिजनों को भेजे दो लाख रूपये



एजेंसी < जौनपुर
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले दिनों पुलिस मुठभेड़ में मारे गये मंगेश यादव के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भेजी है। यादव के निर्देश पर नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव समेत तमाम सपाजन बक्शा थाना क्षेत्र के अगरौरा निवासी मंगेश यादव के घर पहुंचे और परिजनों ने परिजनों को दो लाख का चेक प्रदान किया। यादव ने कहा कि इस प्रकरण को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने काफी गम्भीरता से लिया है। इसी को लेकर उनके निर्देश पर वह, जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या मौर्य, मल्हनी विधायक लकी यादव जी, पूर्व एमएलसी लल्लन यादव, पूर्व मंत्री राम यादव, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व मंत्री संगीता यादव एकत्र हुये हैं। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्व. यादव को श्रद्धांजलि दिया, साथ ही उनके परिजन को सपा सुप्रीमो द्वारा भेजे गये 2 लाख रूपये का चेक दिया।
नेता विरोधी दल यादव ने कहा कि इस परिवार के साथ सपाजन सदैव हर मजबूती से खड़े हैं।
साथ ही इस घटना की न्यायिक जांच के लिये पक्षधर है।

# डकैती के मामले में पांच अपराधी गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में करीब सप्ताह पूर्व हुए डकैती के मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के बेंगाईपट्टी गांव में मोहम्मद अयुब के घर पिछले मंगलवार को अपराधियों ने धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। मामले की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस की टीम लगातार विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही थी। इसी क्रम में मिले साक्ष्यों के आधार पर इसी थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी स्थित मध्य विद्यालय के निकट से पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में संजय सरदार, उमेश मुखिया, नीतीश कुमार, सुभाष सिंह एवं रोहित कुमार शामिल है। सभी अपराधी मधेपुरा जिले के शंकरपुर इलाके के रहने वाले हैं। इनके पास से देशी पिस्तौल, कुछ कारतूस, तलवार, चाकू समेत अन्य सामान मिले हैं। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी जारी है।



## नालंदा में डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन

**राजगीर।** बिहार के नालंदा के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय जिलास्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर नालंदा विश्वविद्यालय का डाक टिकट जारी किया गया । कुमार ने इस मौके पर कहा कि यह प्रदर्शनी डाक टिकटों के संग्रह की कला को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को भारत की विविधता, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। बिहार के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि डाक विभाग का उद्देश्य केवल डाक टिकट जारी करना ही नहीं बल्कि उनसे जुड़े इतिहास को भी लोगों तक पहुंचाना है। इस मौके पर नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति अभय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन

**दरभंगा।** देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यक्रम तथा स्वच्छता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरभंगा के उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्ता तथा कार्यक्रम समन्वयक के नेतृत्व में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी सदन में गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता अभियान में आम लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया जा सके। स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं है, बल्कि यह हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास ने भी स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा मिल पाएगी। एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. आर एन चौरसिया ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है, क्योंकि स्वच्छता के नियमों का पालन करके ही हम पूर्णतया स्वस्थ रह सकते हैं। महात्मा गांधी स्वच्छता के प्रति मूर्ति थे, जिनसे हम अपने जीवन में स्वच्छता की प्रेरणा ले सकते हैं।

# तीन छात्राएं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में जिले का करेगी प्रतिनिधित्व

वार्ता < सिरसा
www.dailypioneer.com

हरियाणा के सिरसा शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की कक्षा-12वीं मेडिकल की आरजू, नॉन-मेडिकल की चारवी व स्तुति ने भाग लिया। छात्राओं ने शानदार कौशल का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अब इन तीनों छात्राओं का चयन क्षेत्रीय स्तर के लिए हुआ है। इन छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञान सिंह जिलोवा, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी डा. यज्ञदत्त वर्मा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार व मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य मदन मलिक ने सम्मानित किया। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या डॉ. शीला पूनिया ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना की।

# सिरसा में विद्यार्थियों को बताया वोट का महत्व

एजेंसी < सिरसा
www.dailypioneer.com

हरियाणा के सिरसा जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के तहत जिला में मतदाता जागरुकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को पांच अक्टूबर को मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्कूल स्टाफ व युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार ग्रोवर ने बच्चों व अध्यापकों को आने वाली 5 अक्टूबर को मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे आस-पास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि भारतीय निर्वाचन आयोग के शतप्रतिशत मतदान की मुहिम को उच्च मुकाम तक पहुंचाया जा सके। स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार ग्रोवर ने अध्यापकों और नॉन टीचिंग स्टाफ व स्कूली बच्चों को मतदान के महत्व के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि वे अपने अभिभावकों व आस पड़ोस के सभी नौजवान, पुरुष, महिलाओं, बुजुर्गों, रिश्तेदारों को मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान प्रक्रिया में भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर को विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदान होगा, इसे त्यौहार की तरह मनाएं। इसलिए हम सबका कर्तव्य और भी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सभी लोगों को समान रूप से भाग लेना अति आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं को यह भी निवेदन किया कि वे जाति, धर्म, भाषा से प्रभावित होकर अपना वोट का इस्तेमाल न करें बल्कि अपने विवेक का प्रयोग करें।

# कांग्रेस की गारंटी चीन के खिलौने की तरह: पूनियां

**जयपुर।** राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर जारी हुए कांग्रेस के घोषणापत्र को चुनावी जुमला, खर्ची और पर्ची की वापसी करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस की गारंटी चीन के खिलौने की तरह है जो जल्दी ही टूट जाती है। डा पूनियां ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही।

# प्रदेश में स्कूली छात्रों में अनुशासन के लिये एनसीसी का होगा विस्तार: उदय प्रताप सिंह

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नेशनल केडिटस् कोर (एनसीसी) से विद्यार्थियों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होती है। इसके लिये प्रदेश में एनसीसी गतिविधियों का विस्तार किया जायेगा। सिंह मंत्रालय में हुई एनसीसी राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल, मेजर जनरल अजय महाजन, अपर महानिदेशक एनसीसी ब्रिगेडियर रजनीश गौर भी मौजूद थे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एनसीसी संगठन को प्रशासनिक और वित्तीय रूप से हरसंभव मदद दी जायेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के केडिटस् ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रस्तावित एनसीसी अकादमी के विकास के लिये राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी।

# हैदराबाद में एमएसएमई नीति 2024 लागू

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) नीति 2024 लागू की। इस नीति के तहत, राज्य सरकार अगले पांच वर्षों में एमएसएमई के विकास के लिए विभिन्न पहलों पर 4,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। यह नीति 100 करोड़ रुपये के 'यंत्रम फंड' के माध्यम से एमएसएमई को पुरानी तकनीक को नए युग में परिवर्तित होने में मदद करेगी। राज्य में पहली बार शुरू की गई इस नीति का प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने एमएसएमई को 24/7 समर्पित सहायता प्रदान करने के लिए एक एमएसएमई विंग स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रतिबद्धताओं पर वितरण की निगरानी करने और नीति दिशा निर्धारित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय संचालन समिति की स्थापना की जाएगी। सरकार ने एमएसएमई की इन पहलों का समर्थन करने के लिए अगले पांच वर्षों में 600 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। रेड्डी ने इस अवसर पर कहा, मुझे खुशी है कि तेलंगाना की नई सरकार ने एमएसएमई के लिए एक समर्पित नीति पेश की है, जो हमारे द्वारा शुरू किए जा रहे शुरुआती नीतिगत सुधारों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में एमएसएमई के सामने आने वाले कुछ कठिनाइयों को ठीक करने के अलावा, यह नीति कुछ नयी पहल भी प्रदान करती है जो एमएसएमई को विश्व स्तरीय प्रदर्शन करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर राज्य के उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने कहा, आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए; हमने राज्य के लिए पहली एमएसएमई नीति तैयार की है। नीतिगत संरचना में स्थानीय उद्योग हितधारकों के परामर्श से भूमि, वित्त, कच्चा माल, श्रम, प्रौद्योगिकी और बाजारों तक पहुंच में एसएमई के सामने आने वाली वर्तमान चुनौतियों की पहचान की गई है। मंत्री ने कहा कि राजकोषीय या गैर-वित्तीय उपायों के माध्यम से प्रत्येक मुद्दे को संबोधित करने के लिए अभिनव समाधानों की पहचान की गई है।

3उन्होंने कहा, नीति में एमएसएमई की शुरुआती चरण से लेकर विकास और विस्तार तक उसके पूरे जीवनचक्र के माध्यम से समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमने यह भी सुनिश्चित किया कि विकास राज्य के सभी हिस्सों और एससी/एसटी समुदाय और महिला उद्यमियों जैसे हाशिए वाले क्षेत्रों तक पहुंचे।

# प्रदेश में हुआ जंगलराज: पटवारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन साल की एक मासूम बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज कहा कि प्रदेश में जंगलराज हो गया है और अब जनता जागेगी, तभी बात बनेगी। पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि भोपाल में तीन साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के प्रवास पर आ रही हैं। पटवारी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजा था और उन्हें आशा थी कि उन्हें राष्ट्रपति से मिलने का समय मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजधानी में तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म हुआ है।

# सुक्खू का भाजपा पर हमला, अपने नेताओं पर लगाम लगाएं नड्डा

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना नेताओं के कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को अपनी पार्टी के नेताओं पर अविलंब लगाम लगानी चाहिए।

भाजपा नेता रवनीत बिट्टू और शिवसेना नेता की लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस आग बबूला हो गई है। सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और अन्य दलों के छुटभैया नेता अपनी कुर्सी बचाने और पार्टी हाईकमान को खुश करने के लिए राहुल गांधी पर अभद्र और गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, जिसका भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी संज्ञान लेना चाहिए। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में मजबूत हुई है, जिससे भाजपा बौखलाहट में आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कुर्सी की खातिर सिद्धांतों का बलिदान कर रहे हैं और राष्ट्रीय नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणियां की जा रही है। इस तरह की बयानबाजी से लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल सकती, जबकि राहुल गांधी ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा की न कि प्रधानमंत्री का पद पाने के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस नवनीत सिंह बिट्टू के इस बयान की कड़ी निंदा करती है।

# अमर्यादित बयान पर कांग्रेसियों ने भाजपा के दो नेताओं का पुतला फूंका

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित बयान, भड़के कांग्रेसी, फूंका पुतला



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफभाजपा और उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा अमर्यादित बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़के हुए हैं। कांग्रेस कमेटी ने विवादित बयान देने वाले केंद्रीय राज्य मंत्री और शिंदे गुट के महाराष्ट्र विधायक का आज बीजापुर में कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन किया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सार्वजनिक बयान देते हुए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश के नंबर वन आतंकी कहे जाने और महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए ईनाम में दिये जाने संबंधी अमर्यादित बयान दिये जाने के विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेस भवन के सामने दोनों भाजपा के नेताओं का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी, जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष लालू राठौर,जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, पार्षद प्रवीण डोंगरे, पार्षद सोनमती ताती, पार्षद साहिल तिग्गा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुखदेव नाग, ब्लाक अध्यक्ष रमेश यालम, युवा कांग्रेस कमोज अवलम, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामेश मोरला, युवा कांग्रेस एजाज सिद्दीकी, सरपंच बुधराम पोयाम, सरपंच मुन्ना लेकाम, सोमारू तेलम, महेश हेमला, दिनेश पुजारी, इदरीश खान, महेश बेलसरिया, लालू देवांगन, सदाशिव राणा, सहित सैकड़ों की संख्या में जुटे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जम कर आक्रोश जताया।

# राष्ट्रीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में केवी धमतरी का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों केन्द्रीय विद्यालय संगठन की 53 वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग प्रतियोगीता बालक/बालिका चंडीगढ़ में संपन्न हुई जिसमें पूरे भारत देश के चुनिन्दा 10 मीटर रायफल शूटिंग के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धमतरी की अंडर 14 वर्ष समूह से सौम्य सोनबर, श्रेया देवांगन, अर्विका वैष्णव अंडर 17 वर्ष समूह से नेहा मांडवी, अपर्णा सिन्हा तथा अंडर 19 वर्ष समूह से स्वास्तिका सिंह, काजल साहू, सुरभि साहू व टीम कैप्टन शीतल कौर जैसे राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता बेहतरीन प्रतिभवान खिलाडियों से सुज्जजित टीम नें कोच एसके पाण्डेय के नेतृत्व में हिस्सा लेकर इस वर्ष भी केवीएस आल इण्डिया शूटिंग चैम्पियनशीप पर कब्जा जमा अपनी हैट्रिक पूरी कर एक अमित इतिहास रच दिया। ज्ञातव्य हो कि केवी धमतरी की बालिका शूटिंग टीम विगत दो वर्षों से राष्ट्रीय चैम्पियनशीप जीत रही है। उक्त प्रतियोगीता के विभिन्न समूहों में सौम्या सोनबेर, स्वास्तिका सिंह व नेहा मंडावी ने स्वर्ण पदक व काजल साहू, श्रेया देवांगन ने रजत पदक तथा अपर्णा सिन्हा, शीतल कौर ने कांस्य पदक प्राप्त चैम्पियनशीप पर कब्जा जमा न केवल रायपुर संभाग अपितु केवी धमतरी सहित पुरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करते हुए एक अमिट इतिहास रच दिया । छत्तीसगढ़ जैसे छोटे से राज्य से प्रतिनिधित्व कर लगातार तीन वर्षों तक ओवर आल चैम्पियनशिप पर कब्ज़ा करना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। पुरे प्रतियोगीता के दौरान केवी धमतरी के खिलाडियों का वर्चस्व रहा । प्रतियोगीता के दौरान कक्षा 7 वीं की सौम्य सोनबेर तथा कक्षा 6 वीं की श्रेया देवांगन द्वारा चलाये गए पर हर स्वर्णीम शॉट तथा नया मीट रिकार्ड बनाने पर पर दर्शकों ने जमकर तारीफ़ की वंही गत वर्ष आल इण्डिया शालेय खेल प्रतियोगीता के स्वर्ण पदक विजेता स्वास्तिका सिंह ने पुरे प्रतियोगीता में बालक तथा बालिका दोनों वर्गो में सर्वाधिक स्कोर बनाया। खिलाडियो ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय विद्यालय प्राचार्य को दिया है उनका कहना है कि रायफल शूटिंग जैसे अत्याधुनिक खेल हेतु प्राचार्य हर संभव सुविधाए उपलब्ध कराते है जिसकी वजह से ही वे इस वर्ष शानदार सफलता हांसिल कर पाए।

# सदस्यता अभियान के तहत पूर्व विधायक रंजना साहू ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा वृहद् रूप से देश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें फिर से लोग सदस्यता ग्रहण कर पार्टी का सदस्य बन रहे हैं। उसी कड़ी में धमतरी में पूर्व विधायक रंजना साहू सक्रियता से सदस्यता अभियान में लोगों को पार्टी से जोड़ने लगी हुई हैं। यहाँ नगर के वरिष्ठ नागरिकों व्यापारियों और अन्य गणमान्यजनों को भाजपा की सदस्यता दिलाने वे लगातार जनता के बीच रह रही हैं। सोमवार को शहर के जाने माने सीए अजय पारख, वरिष्ठ व्यवसायी हेमू छाजेड, रौशन नाहर, अनूपचंद रखेचा, शिशिर सेठिया को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती साहू ने कहा भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु भाजपा और भाजपा की सरकार प्रतिबद्ध है और राष्ट्रवाद की विचारधारा वाली पार्टी भाजपा से आमजन को जोड़ना हमारे लिए सौभाग्य की बात है एकड़े संघर्षों और पीड़ाओ को झेल कर हमारे पुरोधाओं ने आज भाजपा को एक विशाल वटवृक्ष के रूप में स्थापित किया है जो देश को आगे ले जाने भारत माता का मान बढ़ाने लगातार प्रयासरत हैएहम जनता से अपील करते हैं कि राष्ट्र निर्माण में लगी भाजपा का सभी सदस्य बनेंएउक्त अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिंदुजा,नीरज नाहर, दौलत वाधवानी उपस्थित रहे।

# भगवान विश्व कर्मा सृष्टि एवं राष्ट्र के निर्माता हैं : कविता योगेश बाबर

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



राजमिस्त्री संघ एवं ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम बेलतरा में एक दिवसीय भव्य अखण्ड रामधुनी का आयोजन किया गया के शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन की मुख्य अतिथि कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति सभापति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुपमा साहू जनपद सदस्य धमतरी ने की दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत उपरांत सभा को संबोधित करते हुए। श्रीमति बाबर ने राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों को विश्वकर्मा जयन्ति की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के सृजन कर्ता एवं देव शिल्पी थे जिस प्रकार आज हम कोई निर्माण कार्य करते हैं उसके पूर्व इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट से अपने निर्माण स्थल का डिज़ाइन बनवाते हैं ठीक उसी प्रकार उस देव काल में जो भी निर्माण कार्य किये जाते थे वह किस प्रकार से बनेगा उसकी समस्त रूपरेखा विश्वकर्मा जी के द्वारा की जाती थी उनके द्वारा भगवान क्तकृष्ण की द्वारिका नगरी एवं देवलोक के निर्माण की समस्त रूपरेखा बनायी गई थी आज निर्माण कार्यों से संबंधित समस्त प्रकार के लोग उन्हें भगवान के रूप में पूजते हैं जिनकी आज जन्मोत्सव है क्तमति बाबर ने भगवान क्तराम चंद्र जी के जीवन और चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीरामचंद्र जी भगवान अपने सम्पूर्ण जीवन काल में त्याग और तपस्या करते हुए मानव समाज को एक संदेश दिया कि आपस में प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा के साथ जीवन जीना चाहिए बड़ों का आदर सम्मान करना चाहिए सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया एवं समस्त ग्रामवासियों को विश्वकर्मा जयन्ति की बधाई दी एवं इस अवसर पर आयोजित राम धूनी प्रतियोगिता में राम नाम के गुणगान की व्याख्या की कार्यक्रम कि इस अवसर पर संदीप सिन्हा भुवनलाल सिन्हा महिला पंच गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बीआईएस कंपनी ने तीन महिलाओं से की ठगी पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले की तीन गरीब महिलाओं को सुरक्षा कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। तीनों महिलाओं को ठगने के लिए एक महिला का साहरा लिया गया। तीनों महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है जिसमें पैसे वापसी और दोषियों पर कार्रवाई मांग की गई है। ठगी की शिकार अटल आवास कालीपुर की महिला आराधना व जगदलपुर के महादेव घाट निवासी सपना महंती व ऐलिना मैथ्यू जोकि गरीब मजदूर परिवार के सदस्या है। इन लोगों से बीआईएस कम्पनी भोपाल के हर्षलाल द्विवेदी एवं उमा शंकर तथा रघु नन्दन मिश्रा निवासी जगदलपुर ने महिला दलाल मीना तिवारी तथा बबीता साहू द्वारा डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगाने के नाम पर मई 2024 से जून 2024 तक 1,05,000 (एक लाख पाँच हजार) वसूल लिये। मई से वर्तमान समय तक उक्त पीड़ित महिलाओं को न ही सुरक्षा गार्ड का नौकरी मिला और हमसे वसूली की गई रकम वापसी की गई है जिसके कारण उक्त ठगी की शिकार महिलाओं ने एफआईआर दर्ज कर राशि वापस दिलाने की मांग की है।

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर जिले में काम का बहुत स्कोप है, शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी बेहतर कार्य करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार की दोपहर में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लक्षित किसानों की सूची गिरदावरी डाटा और वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों के साथ गांव की सूची बनाने कहा। जिसमें पटवारी-आरआई की संयुक्त दल को निरीक्षण कर तहसील स्तर से सत्यापन कर सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण, तीन वर्षो से धान नहीं बेचने वाले कृषकों की जानकारी लैंपस से जांचकर अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैंक सखियों से कम से कम 60 ट्रांजेक्शन किए जाने पर जोर दिया। बीमा योजना के तहत लक्षित लाभार्थियों का सही आंकड़ा की जानकारी के लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग के डाटा से मिलान करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस के लिए पात्र-अपात्र की सूची को जनपद स्तर से जांच कर रिपोर्ट देने और प्रगतिरत आवास का निर्माण कार्य को 31 सितंबर तक पूर्ण किए जाने कहा। मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान भवन के निर्माण कार्य माह के अंत तक पूर्ण करवाएं। कलेक्टर ने बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान मद से स्वीकृत विकास कार्य का वित्तीय वर्षवार निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा किए। खाद्य विभाग से राशन कार्डों के नवीनीकरण, निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों की जानकारी ली और जनपद पंचायत से निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों, पलायन की जानकारी लेकर अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडीएस बारदाना संकलन, चावल जमा और पीडीएस दुकान में खाद्यान्न भंडारण की भी समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम के क्रियान्वयन, बस्तर विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों की, नक्सल पीड़ित और आत्मसमर्पित नक्सलियों को योजनाओं का लाभ देने पर चर्चा किया गया।

# विकसित भारत पीएम मोदी की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्पना थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय के हृदय स्थल स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने किया गया। शिविर को व्यापक जनसमर्थन मिला कलेक्टर संबित मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, पार्षद नंदकिशोर राणा सहित जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बीजादूतीर स्वयं सेवकों सहित स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर का अवलोकन करने वालो को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण जिला जनसंपर्क कार्यालय बीजापुर के कर्मचारियों द्वारा किया गया। छाया चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल इकोनॉमी-जन-जन को बैंकिंग सुविधा, नए अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरता भारत, आतंकवाद के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, औपनिवेशिक काल के कानूनों में बदलाव एवं नवीन न्याय संहिता को लागू करना, भारतीय सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, जन भागीदारी से देश को नई दिशा, भारत का गौरव बढ़ाती उपलब्धियां, जनधन योजना, देश में अधोसंरचना का तेजी से निर्माण, एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार, एक ग्रिड, एक राशन कार्ड, एक संविधान और वोकल फार लोकल आदि विषयों को छाया चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

## बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना

# चितलनार में मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का जन्मदिवस

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com



17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकमा माटीपुत्र किरण सिंह देव के जन्मदिवस के अवसर पे बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति ने अपने सदस्यों के साथ सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग 75 किमी दूर छिंदगढ़ विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र चितलनार में जन्मदिवस का कार्यक्रम किया दोनों नेताओं के कटाउट पे केशरिया पटका पहना कर हल्दी एवं अक्षत का टीका लगाने के पश्चात समिति की संस्थापिका अधिवक्ता दीपिका शोरी ने बाढ़ पीड़ितों के हाँथो से केक कटवाकर कार्यक्रम की शुरुवात की गई, ततपश्चात उपस्थित हजारों लोगों को भोजन करवाया गया बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है

**बच्चों को कराया न्योता भोज :** दोनों नेताओं के जन्मदिवस के अवसर पर चितलनार, मुंडवाल के लगभग 100 बच्चों को न्योता भोज करवाया गया, एवं चॉकलेट व बिस्किट का वितरण भी किया गया, दीपिका ने बच्चों व उपस्थित लोगों को दोनों नेताओं की उपलब्धियां बताई उन्होंने नरेंद्र मोदी के बारे में बताते हुए कहा की किस प्रकार चाय बेचते बेचते अपने देश एवं समाज के बारे में अच्छे विचार रखते हुए उन्होंने समाज के धर्म के लिए कार्य किया और आज भारत के प्रधानमत्री है इसी प्रकार एक छोटे से जिले सुकमा के रहने वाले सुकमा माटीपुत्र किरण सिंह देव कितने सरल एवं सहज है की उनकी यही विशेषता आज उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बनाया है तो आप लोग भी इनका अनुसरण करो और अपने देश, समाज एवं धर्म के लिए कार्य करो।

**उपस्थित जनसमूह को बाँटी दैनिक उपयोगी वस्त्र :** कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषो को साड़ियां, पेटीकोट, लुंगी,बंडी एवं अन्य वस्त्र प्रदान किए गए उपस्थित सभी ग्रामीण इस कार्य से बेहद खुश नजर आ रहे थे, उन्होंने कहा की जबसे हमारे गाँव में बाढ़ आई है उसके बाढ़ इस समिति के लोग लगातार आकर हमारा हौसला बढ़ा रहे है और हमें जरूरत की सामग्रीयां भी दे रहे है, हमारे इस विपदा में इन लोगों ने साथ दिया हमारे लिए ये लोग भगवान जैसे ही है ।

### ग्रामीणों की ये है मांग

बाढ़ के बाढ़ यहां की सड़क मुड़वाल तक खराब हो गई है जगह जगह से बहुत गई है जिससे बहुत परेशानी हो रही है लगभग तीन किलो मीटर तक सड़क का निर्माण हो जाय तो इनकी यह समस्या दूर हो जायेगी साथ ही यहां का प्राथमिक शाला भी जर्जर हो गया है बच्चे दूसरी जगह बैठकर अध्ययन कर रहे है, बाढ़ से गिर जाने से प्रभावित आज भी अन्य स्थानों पर रह रहे है इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी, मनोज तिवारी, गौरव राठौर, भानुसिंग भदौरिया, विनोद सिंह भदौरिया, हरि यादव, सुकुराम, गोबरधन, घेनवाराम, डॉक्टर साहब, हरदीप सिंह जिला कोशाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम, राजू चौहान , संजय भदौरिया एवं सैकड़ो लोग किरण सिंह देव् एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहने वाले उपस्थित रहे।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है : दीपिका

ज़ब हमने बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका एवं सदस्य अधिवक्ता दीपिका दीपिका शोरी से इस जन्मदिन के कार्यक्रम को गरीबों एवं आदिवासियों के बीच मनाने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा की हमेशा से मेरा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही है कार्यक्रम कुछ भी हो ज़ब आप वंचित एवं शोषित व्यक्ति के बीच पहुंचकर उनसे उनका दुःख बांटते हो और उनके किसी काम आते हो तो इसमें जो सुकून मिलता है वो और कहीं नहीं और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हमारे सुकमा माटी पुत्र किरण सिंह देव भी इसी लक्ष्य को लेकर चल रहे है तो आवश्यक है की हम उनकी बातें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

# कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्वच्छता का शपथ दिलाकर स्वच्छता जागरूकता रैली का किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में विद्यार्थियों के स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया।कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों को स्वच्छता का शपथ दिलाते हुए स्वयं को स्वच्छ रखने स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से अपने घर से, अपने आस-पास से करने स्वच्छता के लिए हर वर्ष 100 घंटे तथा हर सप्ताह 02 घंटे समय देने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर 02 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता विषय पर केन्द्रित रहेगा। जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान अर्न्तगत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छ भारत दिवस पर पूर्ण होगा।इस दौरान विद्यार्थियों के स्वच्छता जागरूकता रैली को कलेक्टर संबित मिश्रा ने रवाना किया उक्त रैली स्वामी आत्मानंद स्कूल से शुरू होकर लोहा डोंगरी में स्वच्छता हेतु श्रमदान के साथ सम्पन्न हुआ।

# अधिकारी के संरक्षण में सहायक कर रहा अवैध वसूली

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय खाद्य निगम के एजीएम द्वारा पिछले दिनों निगम के अधिकारियों को खूब लताड़ा गया और साथ ही निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार का चांवल आपूर्ति में कोताही नहीं बर्दाश्त की जायेगी। इसके चलते कुछ राईस मिलर परेशान हैं। इधर जिले के वरिष्ठ अधिकारी के संरक्षण में उनके सहायक द्वारा पिछले लंबे समय से उनके नाम पर वसूली की जा रही है। यह सहायक ने पिछले दिनों राईस मिलर के कुछ लोगों से भी प्रत्येक मिल के हिसाब से 30-30 हजार रूपये की मांग की है। परेशान-हाल राईस मिलर उसकी इस मांग को लेकर काफी परेशान हैं। इस सहायक की वसूली से अधिकारी, कर्मचारी भी त्रस्त हैं। हद तो यह है कि एक वरिष्ठ अधिकारी के नीचे बैठे इस सहायक के द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं जिससे न सिर्फ शासन का बल्कि उनकी खुद छवि धूमिल हो रही है। छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अधिकारियों की बैठक में दो-टूक शब्दों में कह दिया है कि अब किसी भी हालत में भ्रष्टाचार या कोताही बरतने वाले अधिकारी पर सीधी कार्यवाही की जायेगी। विश्वसनीय सूत्रानुसार पता चला है कि जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी के सहायक द्वारा जबसे यहां वे पदस्थ हुए हैं, तबसे लेकर विभिन्न कार्यों के साथ साथ मंत्री, वीआईपी, वीवीआईपी कार्यक्रम के नाम पर अधिनस्थों से भारी उगाही की जा रही है। यही नहीं इनके द्वारा शासकीय मकान के आबंटन के लिये भी संबंधितों से पैसे की मांग की गई है। खबर तो यह भी है कि मीडिया को मैनेजमेंट के नाम पर भी इनके द्वारा वसूली कर अधिकांश राशि अपने निजस्वार्थ के लिये उपयोग की गई है। इसकी स्याही अभी ठीक से सूख भी नहीं पाई थी कि अब इनके द्वारा राईस मिलरों से 30-30 हजार रूपये प्रत्येक मिल के हिसाब से अधिकारी को देने के नाम पर वसूली की जा रही है। वसूली से त्रस्त एक ओर उनके अधिनस्थ कर्मचारी, अधिकारी बेहद परेशान हैं वहीं भाखनि के एजीएम की अचानक निगम अधिकारियों के समक्ष दबिश और किसी भी प्रकार का चांवल आपूर्ति में कोताही नहीं बरतने के निर्देश के बाद मिलर से पैसे की मांग किये जाने की खबर शहर में जंगल के आग की तरह फैल गई है। कुछ राईस मिलर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हमारा सीधा कार्य संपादित हो रहा है। हम किसी प्रकार का शासन के नियमो के विपरीत कार्य नहीं करते। लेकिन हमसे इस तरह राशि की वसूली की मांग करना पूर्णतः गलत है। बताया जाता है कि उक्त निज सहायक द्वारा अभी तक जिन-जिन अधिकारियों से राशि वसूली की गई है, उस राशि से कुछ कार्य करवाना जैसे बंगले का रंग-रोगन, ऑफिस कार्य के लिये खरीदी की जाने वाली स्टेशनरी जैसे कार्य कर अब तक भारी-भरकम राशि वसूली की गई है और रंग-रोगन, ऑफिस कार्य में कुछ राशि लगाकर शेष राशि डकार ली गई। अगस्त माह में मीडिया के नाम पर अधिकारियों से भारी राशि एकत्रित की गई है। मैनेजमेंट के नाम पर इस वसूली के कुछ अंश कुछ लोगों को देकर मीडिया से जुड़े सभी लोगों को मैनेज किये जाने का दावा अपने वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष किया गया है, जो कि सरासर गलत है। चुनिंदा लोगों को इसका लाभ मिला है, शेष लोगों को सूखे में निपटा दिया गया है जिससे मीडिया जगत के अधिकांश लोग नाराज बताये जा रहे हैं। वसूली के चलते अधिकारी वर्ग इस सहायक से दूरियां बनाकर रखे हुए है। इनके द्वारा दबि जुबान से उक्त सहायक की करतूतों को उजागर किया गया है। इनका यह भी कहना है कि हम क्या करें? हमसे बड़े अधिकारी के सहायक द्वारा की जा रही वसूली के संबंध में हम पूछने की जुर्रत भी नहीं कर सकते। इस कार्य से मंत्री, वीआईपी, वीवीआईपी के साथ साथ वरिष्ठ अधिकारी के ऊपर भी उंगलियां उठ रही हैं। पता चला है कि उक्त अधिकारी ने अब तक मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर लाखों रूपये की राशि वसूली की है। इसी के साथ साथ रंग-रोगन, अधिकारी के बच्चे के जन्मदिन कार्यक्रम, स्टेशनरी खरीदी, यहां तक राजधानी में बैठे नेताओं के स्वागत, सत्कार के लिये भारी भरकम राशि वसूली की गई है। इस मामले को लेकर जागरूक नागरिकों का कहना है कि जब सहायक द्वारा अधिकारी के नाम पर विभिन्न नामों से की जा रही वसूली की चर्चा लगातार शहर में चर्चित है, तो क्या सहायक के वरिष्ठ अधिकारी को इसकी खबर नहीं होगी? बहरहाल सहायक की वसूली जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और आगे भी इनकी वसूली जारी रहने की संभावना जताई जा रही है जिससे पीड़ित अधिकारी एवं एक राईस मिलर ने वरिष्ठ अधिकारी से इस ओर ध्यान देकर अपने सहायक की वसूली पर लगाम लगाये जाने की मांग की है। खबर तो यह भी है कि अब इसकी वसूली को लेकर अधिकारी वर्ग लामबद्ध हो रहे हैं और संयुक्त रूप से इसकी शिकायत करने का मन बना लिये हैं। अब देखना है कि उक्त वरिष्ठ अधिकारी अपने निज सहायक की करतूतों को लेकर क्या कार्यवाही करते हैं।

## पायनियर द्वारा प्रकाशित हेल्थ मैगजीन को जनप्रतिनिधियों ने सराहा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा प्रकाशित की गई हेल्थ मैगजीन को जनप्रतिनिधियों ने जमकर सराहा। समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित की जाने वाली यह मैगजीन आमजन के लिए बेहद ही उपयोगी साबित हो रही है। पायनियर द्वारा प्रकाशित हेल्थ पर आधारित मैगजीन को जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के द्वारा क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर पिछले 7 वर्षो से हेल्थ पर आधारित इस मैगजीन का प्रकाशन करते आ रहा हैं, इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों तक स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां तथा राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के साथ ही महत्वपूर्ण नंबरों को उपलब्ध कराना है, जिससे आमजन को चिकित्सीय सुविधा सरलता से उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पायनियर के जिला प्रतिनिधि दिलीप महेश्वरी, जिला भाजपा अध्यक्ष सनम जांगड़े, अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार चितावर जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, टेसूलाल धुरंधर, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, डोमन वर्मा, पत्रकार रामाधार पटेल, नरेश केसरवानी एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शास दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शास दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में हिंदी दिवस का आयोजन ।14सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ सी के चंद्रवंसी ब भागाध्यक्ष समाज शास्त्र ने राजभाषा हिंदी संबंधी जानकारी दी। डॉ ए के उपाध्याय ने लेखन में शुद्धता लाने हेतु छात्र छात्रा को प्रेरित किया।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ उमाकांत मिश्र ने राजभाषा हिंदी की सुरक्षा बी एस एफ के जवानों की तरह करने के प्रोत्साहित किया।श्री विद्याधर तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार ने विराम चिन्हों के ठीक प्रयोग पर बल दिया।प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स ने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र छात्रा को हमेशा सजग रहकर हिंदी के ठीक उच्चारण एवम पाठन हेतु छात्र छात्राओ को प्रेरित किया ।शोध छात्र दीपक कुमार एवम हरिद्वार ने विदेशों में हिंदी की बढ़ रही प्रतिष्ठा को रेखांकित किया। हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ राजेंद्र वर्मा ने राजभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू साहू,द्वितीय भूपेंद्र यादव,दुलारी निषाद,तृतीय संगीता वर्मा को सफलता के लिए पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में छात्र छात्रा अंत तक उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ता के रूप में शामिल हुए डॉ. अनिल कुमार प्रधान

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com





हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग, काशी विद्यापीठ और भाषा सहोदरी हिंदी (न्यास) दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में गांधी अध्ययन पीठ सभागार में 11 वां अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पच्चीस से अधिक राज्यों के वक्ताओं ने आलेख पत्र का वाचन किया। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र का आरंभ काशी विद्यापीठ की कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी के द्वारा किया गया। उन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश की भाषा नीति के निर्माण में काशी विद्यापीठ की भूमिका अग्रणी रही है। शोध आलेख वाचन सत्र में डॉ. अनिल कुमार प्रधान प्रभारी प्राचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोरेसिंहा के द्वारा हिंदी भाषा में मेरी भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया गया। सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में आयोजन मंडल द्वारा शॉल, स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर डॉ. अनिल कुमार प्रधान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान काशी संगोष्ठी को केंद्रित शोध पत्रिका भाषा सहोदरी का विमोचन किया गया।इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए वक्ताओं को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में ठहराया गया एवं कार्यक्रम समापन के पश्चात काशी विश्वनाथ परिसर की सैर करवाते हुए बनारस गंगा आरती का दर्शन कराया गया।भ्रमण सत्र में मुंशी प्रेमचंद के पैतृक निवास लमही ग्राम को दिखाया गया।सत्र की अध्यक्षता डॉ. निरंजन सहाय व डॉ.अभय कुमार ने किया एवं मंच संचालन मीना चौधरी ने किया।समापन समारोह में सहोदरी भाषा के अध्यक्ष जयकांत मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

## लाल बाग चा राजा के गुफा में हुआ भंडारा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



ग्यारह दिनों तक गणपति बप्पा के विधी वत पूजा अर्चना के पश्चात महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया । आस्था के प्रतिक भगवान श्री गणेश पूजा को महापर्व के रूप में मनाया गया , ग्यारह दिनों तक भक्त गण भक्ति मय रंग में डूबे रहै । पुरा देश भगवान श्री गणेश पूजा में रंगे रहे , रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर में विकास मित्र मंडल के द्वारा मनोरम गुफा का निर्माण किया गया था , जहां पर भगवान श्री गणेश का अलौकिक दृष्य़ को दृष्टिगोचर किया गया ,कहीं पर गणपति बप्पा झुला झुल रहे थे ,तो कहीं भगवान शंकर गणपति बप्पा को झुला झुला रहे थे गुफा में मनोरम झांकी के मध्य लाल बाग चा राजा विराजमान रहे ,जो भक्तों को यूं ही रिझा रहे थे वहीं ख्वाहिश श्री गणेश भक्तों को उनके मनमाफिक प्रसाद भी दे रहे थे । लाल बाग चा राजा के रोचक गुफ का छत्तीसगढ़ के तिल्दा-नेवरा में पहली बार निर्माण का दर्शन करने भक्तों का ग्यारह दिनों तक कतार लगी रही ।वहीं विकास मित्र मंडल के द्वारा श्री गणपति बप्पा के बिदाई पर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया ।जिनको ग्रहण कर भक्तों ने भगवान श्री गणेश से अपने मुरादें भी रखी ।

## महामाया माता एवं रामेश्वरम धाम में शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विकास कार्य पूर्ण किये जाने स्थानीय नया बस स्टैण्ड के समीप महामाया माता मंदिर एवं रामसागर तालाब के समीप रामेश्वरम धाम मंदिर में शेड निर्माण किये जाने भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष निधि से निर्मित होने वाले शेड निर्माण दोनो मंदिर में 19-19 कुल 38 लाख की लागत से भव्य शेड का निर्माण किये जाने पूजा अर्चना की गयी। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा श्रीफल तोड़कर विधिवत पूजन का कार्यक्रम किया गया व कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने की बात मंदिर समिति से कही गयी। इस पूजन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी पार्षद एवं सभापति रोहित साहू, वरिष्ठ नेता परमेश्वर यदु, पार्षद कमल टण्डन, सतीश पटेल, मनोजकांत पुरेना, क्रांति साहू, डिगेश्वरी नामदेव, युवा नेता एवं मंदिर व्यवस्थापक रोमी साहू के द्वारा पूजन किया गया। महामाया माता मंदिर एवं रामेश्वरम धाम मंदिर में शेड के निर्माण होने से जनसामान्य को राहत मिलेगी साथ ही मंदिर में पूजन करने आये भक्तगणों को भी उक्त सुविधा का लाभ मिलेगा। दोनो स्थानों पर आयोजित अध्यक्ष निधि से निर्मित होने वाले शेड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा नेता नरेश केशरवानी, नीलम सोनी, वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल, सुलोचना यादव, केशकुमार जायसवाल, बुधराम अग्रवाल, पूर्व पार्षद राकेश ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि दिगम्बर साहू, प्रदीप साहू, रविन्द्र नामदेव, डॉ. मयाराम पाल, आकाश गुप्ता, प्रकाश चैहान, रामबाबू यादव व महिला मंडली के दरशबाई यादव, भूरीबाई साहू, मीना चैहान, चन्द्रकला मानिकपुरी, शोभा चैहान, सरिता देवांगन, भूलीन चैहान, मधु साहू, अन्नपूर्णा चैहान, तनु चैहान, मीना चैहान, विद्याभूषण साहू, कृष्णा द्विवेदी, सुनील पाण्डेय सहित अन्य नागरिकगण एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंबुजा विद्यापीठ रवान में गरिमा पूर्ण हिंदी दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अंबुजा विद्यापीठ रवान में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बलौदा बाजार शहर के मशहूर अधिवक्ता व साहित्यकार भूपेंद्र कुमार ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार पांडे, मुख्य अतिथि व हिंदी विभाग के समस्त शिक्षक-शिक्षिका गण के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात माँ सरस्वती की वन्दना की गई। नाटक की प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने हिंदी के महत्व को दर्शाया। कक्षा नवमी के विद्यार्थी के द्वारा अग्निपथ कविता प्रस्तुत की गई । रैदास के पद व कबीरदास जी की साखियां भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई। मीरा के पद पर मनोरम नृत्य विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में लगभग 173 विद्यार्थी पुरस्कृत हुए। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को सम्बोधित कर हिंदी का मान बढ़ाते हुए कहा कि हिंदी हमारी जननी है और हमें इसके महत्व को बरकरार रखना है।

## कानफोड़ू डीजे की जगह ढोलक व मंजीरो की मधुर ध्वनि पर थिरके लोग

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विसर्जन में ढोल , नगाड़े बज रहे हैं । लोग राहत की सांस ले रहे हैं । इस बार गणेश विसर्जन में शहर का माहौल पूरी तरह बदला हुआ हैं, यह बदलाव डीजे वाले बाबुओं को भले ही पसंद नहीं आ रहा लेकिन लोग खुश है उन्हें लग रहा है की पुराना समय लौटकर आया है । बदलाव से प्रसन्न पुरानी बस्ती के बुजुर्ग मनहरण कन्नौजे बताते है की हमारे समय भी विसर्जन में आगे - आगे भजन मंडली चलती थी , मधुर आवाज में ढोल व नगाड़े तथा झांझ मजीरे बजते हुए हम विसर्जन करने जाते थे । समितियों द्वारा 11 दिन के इस पर्व में पंडालों की सजावट में हुए खर्च से दोगुना पैसा विसर्जन में फूंक देते है जबकि हम पैसे बचाकर भंडारे का आयोजन करवाते थे । विसर्जन के तौर - तरीकों ने भक्ति के इस पर्व को कुछ लोगो ने भय का पर्व बना दिया था ,जिससे पिछले कुछ सालों से हमारे अंदर निराशा के साथ भय भी समा गया था । पसंद के गाने को लेकर हुए विवाद के दौरान हुई थी बुजुर्ग की हत्या : गणेश विसर्जन हो , विश्वकर्मा विसर्जन हो , नवरात्र में दुर्गा विसर्जन हो अश्लील गानों को डीजे की भयंकर तेज आवाज में ट्रक में सैकड़ो लाऊड स्पीकर लगा कर बजाना और गानों के साथ फूहड़ डांस करते युवाओं को देखना असहनीय हो गया था । डीजे में अपनी पसंद का गाना न लगने पर दो गुटों में खूनी संघर्ष और बीच बचाव करने वाले की मौत, डीजे की तेज आवाज को कम करने के आग्रह पर विवाद और विवाद से व्यथित होकर अभी हाल ही में गॉर्डन चौक स्थित महंत नयन दास स्मृति स्थल में आयोजित शादी समारोह के दौरान अपनी पसंद के गाने को लेकर हुए विवाद के दौरान बुजुर्ग की हत्या को शहरवासी भूले नहीं है ।

## पोषण पखवाड़ा के तहत नगरीय क्षेत्र के वार्ड 10 में मनाया वजन त्यौहार

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



कुपोषण से लड़ाई के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन तिहार का आयेजन किया जा रहा है। इसमें 0 से 6 साल के सभी बच्चों के वजन और ऊंचाई को दर्ज किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना सरायपाली सेक्टर वार्ड क्रमांक 10 में पूरे वार्ड वासी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा 17 सितम्बर को सुपोषण पखवाड़ा के तहत वजन त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय साहू एवं परियोजना अधिकारी जी, आर, नारंग एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर एवं प्रतिनिधि भास्कर, एवं सेक्टर परिवेक्षक सोहद्रा बंजारे के द्वारा किया गया। इस दौरान गोद भराई, अन्न प्रासन्न, पोषण पखवाड़ा के तहत वजन त्यौहार मनाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी साहू ने गर्भवती माताओं, किशोर, शिशुवती माताओं, एनीमिया की रोकथाम एवं पोषक तत्व के बारे में बताते हुए खान पान की ओर ध्यान देने के लिए बताया गया। सभी से 0 से 6 साल तक के बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित वजन ऊंचाई कराने के लिए आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम में सभी वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, वार्ड वासी, बच्चे उपस्थित थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की ब्लॉक अध्यक्ष ज्योत्सना नंद ने भी बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक क्षमता का विकास, उनके उम्र के अनुसार हुआ है,या फिर वह कुपोषण की श्रेणी में बच्चा आता आदि की जानकारी प्राप्त होती है। ताकि बच्चों के सही पोषण की जानकारी मिल सके। इस तिहार के जरिए विभाग का प्रयास रहता है कि कुपोषण के आंकड़ों में कमी लाई जाए।

# कोलता समाज का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह संपन्न

## विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर छग द्वारा ग्राम बेलडीह शाखा सभा गिरना में वृहद रूप से नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें आंचलिक सभा सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं रायपुर के समस्त शाखा सभा से बड़ी संख्या में सामाजिक जनों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू, संरक्षक गण हरिचरण प्रधान, व्यासदेव भोई, महामंत्री मथामणी बढ़ाई, प्रदेश महासचिव विजय शंकर विशाल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, सचिव युगल किशोर प्रधान, संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण भोई, मुरली प्रधान, चित्रसेन प्रधान, संभागीय सचिव मोहन साहू, ललित कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य किशोर भोई, रश्मि साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष चन्द्रकांत भोई, विशेष आमंत्रित सदस्य सुवर्धन प्रधान, आंचलिक अध्यक्ष सरायपाली प्रदीप साहू, बसना भोजराज प्रधान, पिथौरा षडानन भोई,प्रदेश महिला प्रतिनिधि मंदाकिनी साहू, कर्मचारी प्रतिनिधि सुधीर प्रधान, युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष दीपक प्रधान, संभागीय महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष राजेश प्रधान, व्यापारी प्रकोष्ट अध्यक्ष अविनाश साहू, विधिक सलाहकार दिलीप भोई, प्रवक्ता देवेन्द्र भोई, सामाजिक अंकेक्षण नंदलाल प्रधान, रायपुर आंचलिक उपाध्यक्ष डॉ सीमारानी प्रधान, पूर्व सभापति गिरना सभा विनोद साहू, लक्ष्मण प्रधान, सुशील प्रधान, वर्तमान सभापति विनोद बारीक, सहित समस्त शाखा सभा सभापति, आंचलिक पदाधिकारी मंचासिन थे।सर्वप्रथम मां रामचंडी की पूजा अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात ग्राम की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर लमकेनी की बालिका अनुष्का प्रधान ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह ली। शाखा सभा गिरना द्वारा अतिथियों का स्वागत पश्चात पिथौड़ा आंचलिक अध्यक्ष सडानन भोई एवं संभागीय महामंत्री मथामणी बढ़ाई ने स्वागत भाषण दिया। महामंत्री ने कहा कि समाज को विकास के पथ पर ले जाने के लिए समाज के जाति भाई बहनों को आगे आकर कार्य करते हुए हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कर सहभागी होना होगा। गिरधारी साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नुआखाई मिलन समारोह समाज का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें सामाजिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया जाता है। आज के सम्मान समारोह में जिन प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है उससे न सिर्फ उनका मनोबल बढ़ेगा बल्कि आने वाली पीढ़ी को उनसे से प्रेरणा मिलेगी ।

### इनका किया गया सम्मान

बेलडीह में आयोजित नवाखाई मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभा का सम्मान किया गया। जिनमें दसवीं बोर्ड टॉप 10 डेनिशा प्रधान, सिद्धि साहू दसवीं सीबीएसई टापर श्रेयांश साहू ,श्रिया साहू , 12वीं बोर्ड वर्षा बारिक, प्राची भोई, योगिता प्रधान, केंद्रीय बोर्ड. तुषार प्रधान, रोशन भोई, नीट उत्तीर्ण सिमरन प्रधान, समीर भोई, निशांत साहू, नूतन प्रधान, शांभवी साहू विश्वविद्यालय टॉप 10 मासूम विशाल, आकांक्षा भोई, साक्षी बढ़ाई, पूजा साहू, नेट-जेआरएफ क्वालीफाई सोनल प्रधान, पीएचडी होल्डर डॉ सीमारानी प्रधान , एनडीए चयनित निलेश प्रधान राज्य -राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीष प्रधान, दिव्य कुमार बारिक, निलेश प्रधान, जिज्ञासा गुप्ता, विश्वास भोई, मनोज प्रधान, क्षितीपति साहू, भूपेंद्र प्रधान ,उत्कृष्ट शिक्षक खेमलता प्रधान, कृषक उग्रेसन साहू, व्यापारी अशोक कुमार साहू, युवा सामाजिक कार्यकर्ता युवा प्रकोष्ठ चनौरडीह, पर्यावरणविद दुखनासन प्रधान, मैकेनिक बाबूलाल सामल, महिला कार्यकर्ता सुजाता साहू, सभापति रसिक प्रधान , चिकित्सक डॉ राजेश प्रधान, वादक ऋषिकेश बेहरा, गायक शशि भूषण प्रधान, पुलिस सेवा शेखर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन भोई , कर्मचारी महादेव भाई, उत्कृष्ट संयुक्त परिवार गोपीनाथ प्रधान, राष्ट्रीय नृत्यांगना दिव्यांशी सामल, राज्य नृत्यांगना अनुष्का प्रधान को स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग लोगों के समक्ष समाज के अन्य लोगों ने मुड़िया मार कर आशीर्वाद प्राप्त किये। भाव विभोर कर देने वाला क्षण था। सामूहिक भोज के रूप में प्रसाद ग्रहण किये।

### इनका रहा योगदान

समारोह को सफल बनाने में विशेष योगदान संभागीय सचिव रंकमणी प्रधान, आंचलिक सचिव नरोत्तम साहू, गिरना सभा उप सभापति सुरेन्द्र प्रधान, सचिव चितरंजन बिसी, सह सचिव बसंत किशोर साहू, कोषाध्यक्ष रविशंकर प्रधान, नारायण साहू, तेजन साहू, गोकुल नायक, मिनकेतन साहू बेलडीह,? त्रिलोचन नायक छिंदौली, सुधीर प्रधान सुखीपाली, नरोत्तम बारीक डूमरपाली, शेषदेव प्रधान गिरना सहित समस्त जाति भाई बेलडीह, शाखा सभा गिरना का विशेष योगदान रहा। कार्य म का संचालन संभागीय सचिव ललित साहू ने एवं आभार व्यक्त गिरना शाखा सभापति विनोद बारिक ने की। उक्त जानकारी संभागीय मिडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

**गरियाबंद।** जिले में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह के दिशा-निर्देश में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा जिले के सभी विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, आगंनबाड़ी केन्द्र, स्कूल एवं कॉलेजों में बेटी बचाओं बेटी पढाओं, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भारतीय न्याय संहिता एवं महिलाओं से संबंधित सभी कानूनों जैसे- घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, एवं महिला हेल्प लाईन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के बारे में महिलाओं को जानकारी दी जा रही हैं। इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक कु. मनीषा वर्मा, जेंडर विशेषज्ञ अंजली नाविक, पदमनी दीवान, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ अर्चना सिंह ठाकुर, कार्यालय सहायक श्वेता शुक्ला, एवं आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, कार्यकर्ता एवं सहायिका सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहें।

# बढ़ती आबादी के साथ-साथ अनेक अपराधों का गढ़ बनता जा रहा भाटापारा

## अवैध मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर पकड़ाये जाने के बाद इससे जुड़े लिंक की पुलिस को तलाश

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



बढ़ती आबादी के साथ साथ भाटापारा अब धीरे धीरे अनेक अपराधों का गढ़ बनता जा रहा है। गौरतलब है कि सप्ताह भर पहले शहर पुलिस के विशेष सक्रियता से जिले मे पहली कोलकत्ता से लाकर ब्राऊन शुगर जैसे खतरनाक मादक पदार्थ पहली बार पकडा गया परंतु उक्त हाईप्रोफाइल नसे से जुडे इस मामले मे आगे का लिंक का तलाशा जाने जरूरी है क्योंकि ब्राऊन शुगर का भाटापारा मे खपना इस बात का संकेत है कि अवैध नशा का कारोबार बाम्बे हावड़ा मुख्य रेल मार्ग होने के कारण पर्चेस कर और कहीं तो नहीं खपाया जा रहा है? वहीं पुलिस व नारकोटिक्स विभाग के लिये अब यह जाँच का विशेष है कि इतना बडा संवेदनशील नशा जो पूरे युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार मे डाल सकता है व समाज मे विकृति पैदा कर सकता है वह कब से भाटापारा मे व संभवतः आसपास के कौन से अन्य शहर है जहाँ पर खपाने का प्रयास किया जा रहा है यह पुलिस प्रशासन के लिये गम्भीर जाँच का विषय है ताकि इस जहर रुपी नशे के कारोबार को पनपने से रोका जा सके व अवैध नशे के कारोबार को जो फलने फूलने मदद कर रहा हो उन पर कडी से कडी कारवाई किया जा सके।

**7 से अधिक जिलों के लोग भाटापारा ट्रैन मार्ग का लेते है सहारा** - गौरतलब है कि भाटापारा रेल्वे स्टेशन बाम्बे हावडा रेल मार्ग का सबसे प्रमुख मार्ग है उक्त स्टेशन से छत्तीसगढ़ राज्य के 7 जिलों से भी अधिक लोग सफर करते है अगर इस तरहा का संवेदनशील अवैध नशा का कारोबार ट्रेन रुट के माध्यम से तस्करी किया जाता है तो आरपीएफ व जीआरपी का भी दायित्व बनता है कि ऐसे गम्भीर मामले सक्रियता लाये।

**ब्राऊन शुगर रईसजादों का सबसे बडा नशा** - गौरतलब है कि ब्राऊन शुगर का 49 पुडिया पुलिस द्वारा पाया गया इससे स्पष्ट होता है कि इसे कोलकत्ता से खपाने के लिये लाया जा रहा था वहीं यह महंगा व संवेदनशील नशा होने के कारण रईसजादो का पसंदीदा नशा कहे तो अतिशयोक्ति नही होगा। जबकि उक्त मादक पदार्थ को एक निश्चित मात्रा मे मेडिसन के लिये उपयोग में लाया जाता है व विशेषज्ञ डाक्टर के परामर्श ही ही इससे जुडे प्रतिबंधित दवा को दिया जाता है इसका उपयोग अवैध मादक पदार्थ के रुप मे उपयोग किया जाना गम्भीर अपराध के श्रेणी मे आता है जो समाज के हित के विभिन्न दृष्टिकोणों से विकृति पैदा करता है।

विगत दिनों पकडाये गये संवेदनशील अवैध मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर से जुड़े मामलों को लेकर इससे जुड़े सम्बंधित मामले को लेकर गहनता के साथ लिंक कि भी तलाश किया जा रहा है।
**- एश्वर्य चन्द्रकार,** एसडीओपी

# सीमावर्ती क्षेत्र में किसानों के फसल को हाथी पहुंचा रहे नुकसान

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



महासमुंद जिले के अंतिम छोर पर स्थित एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बड़ेसाजापाली, खुरदरहा इलाके में किसानों के फसल को हाथी बर्बाद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में हाथियों के आ धमकने से क्षेत्र में गाँवों को हाई अलर्ट किया गया है। जिले के बसना विकासखण्ड के बड़े साजापाली क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों की धमक से संभावित जन धन की हानि को लेकर ग्रामीणों में डर बना हुआ है। इसके साथ ही गांव के सीमा मे हाथियों के चिंघाड़ से लोग डरे व सहमे हुए हैं। बता दें कि, जिले में अब तक हाथियों के कुचलने से दर्जनों मौत हो गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों को चिन्हाकिंत क्षेत्र में न जाने की समझाइश दी जा रही है। बसना वन परिक्षेत्र अधिकारी एस. आर. निराला से प्राप्त जानकारी महासमुंद वन मण्डल (दल क्रमांक-1) दल का नाम-रोहांसी दल। वन परिक्षेत्र-बसना परिक्षेत्र वृत्त- बड़े साजापाली परिसर-पुराना बेलटिकरी में समाचार लिखे जाने तक हाथियों की कुल संख्या-25 रास नर -02 मादा हाथियों की कुल संख्या-14 शावक की संख्या-09 अभी तक-किसानो के फसलों की हानि हुई है। रिहायशी इलाके में घरों को किसी प्रकार से क्षति व जन हानि नही हुई है। प्रभावित सीमा क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारी दल प्रमुख के. आर.डडसेना (सीएफओ), दल सहायक-हेमसागर रत्नाकर (बीएफओ) देवानंद सोनी (बीएफओ) महेश ध्रुव (बीएफओ) एवं बड़े साजापाली सर्किल के समस्त स्टाफ व वन सुरक्षा श्रमिक तैनात हैं। जिन गांवों को अलर्ट किया गया है उनमें खुरदरहा, बुंदेलाभांटा, छातापठार, बुटीपाली, हेड़सपाली, लोहारपाली, खैरजुड़ी, बड़े साजापाली, केंवटापाली, मुनगाडीह, बेलटिकरी, भूतहाबाहरा कक्ष क्रमांक-326/327 विचरण क्षेत्र-कक्ष क्रमांक-456 के जंगल में विचरण कर रहै हैं। निकटवर्ती ग्राम क्षेत्रान्तर्गत मे जाने की संभावना-बेलादुला एवं पुराना बेलटिकरी परिसर। आस पास के ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी करवाया गया है कि कोई भी जंगल न जावे तथा सतर्क रहें हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देवें। ग्रामीणों को सुरक्षा की दृष्टि कोण से सतर्क रहने को कहा गया है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस-ए-मुहम्मदी का शहर में जगह-जगह स्टॉल लगाकर इस्तकबाल हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर में खुशियों के साथ मनाया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में व मस्जिदों में परचमे इस्लाम फहराया गया। इस दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की सदा से आसमान गूंज उठा। शहर में जुलूस-ए-मुहम्मदी का जगह-जगह स्टॉल लगाकर इस्तकबाल हुआ। जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ दोपहर 2:30 बजे मुस्लिम जमात खाने से हटरी बजार, होते हुवे शहर थाने से जय स्तंभ चौक,राम सप्ताह, सदर बाजार। पूरे जुलूस के दौरान लोग 'सरकार की आमद मरहबा-आका की आमद मरहबा' की सदा बुलंद करते मुस्लिम जमात खाना पहुंचे! फिर परचमे इस्लाम फहराया फिर सलातो सलाम पढ़ा गया और दुआ मांगी गई। जुलूस में पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा ! मगरिब की नमाज के बाद शाम 6:30 बजे से मर्द और औरतें में लंगर का प्रोग्राम था! जुलूस एवं लंगर प्रोग्राम में कमेटियों के ओहदेदार और बड़ी तादाद में समाज के लोग शिरकत फरमाए।

# वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, शहर के गणेश पंडालों का दर्शन करते हुए प्रेम प्रकाश नगर कालोनी में विराजमान विघ्नहर्ता गणेश जी के महा-आरती, 56 भोग प्रसादी, वृद्धजन सम्मान एवं प्रतिभाशाली बच्चो के सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. बप्पा की महाआरती कार्यक्रम के बाद उपस्थित रहवासियों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वरिष्ठजनों का सम्मान करना, उनकी बातों को हृदय में धारण करना हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य है। वरिष्ठजनों के पास जीवन का दीर्घ अनुभव होता है। उनका यह दीर्घ अनुभव किताबी पढ़ाई से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण व उपयोगी होता है, हमें उनके अनुभवों को ग्रहण करना चाहिए. साथ ही बच्चो का सम्मान करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान करने से जहां बच्चों को अपनी क्षमताओं पर गर्व महसूस होता है वहीं वे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं। साथ ही दूसरे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, और वे भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, सम्मान पाने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वे जीवन में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साहसिक कदम उठाने में सक्षम होते हैं। साथ ही समाज में शिक्षा का महत्व बढ़ता है और भविष्य के लिए सक्षम और कुशल नागरिकों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास है कि, एक नए भारत के निर्माण के लिए देश के बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को बाहर लाया जाए। पढ़ाई के साथ साथ दूसरे क्षेत्रों में बच्चे देश का नाम रौशन करें. उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, राकेश मंधान, दरवेश हबलानी, प्रेम गोविंदनी, योगेश अंनत, रंजीत दवानी, हरीश निहलानी, प्रकाश दुलानी, रोशन मिश्रा, राजा कामनानी, जैकी दवानी, प्रकाश ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में कालोनीवासी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# दुलारपाली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य थीम स्वभाव में स्वच्छता एवं संस्कार में स्वच्छता विषय पर विचार गोष्ठी एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं दिनेश रात्रे,अन्नू पटेल,आरती साहू, दुर्योधन निषाद, देवप्रसाद, बबिता साहू, भूपेंद्र, पुरुषोत्तम साहू,गीत कविता व भाषण के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।पोस्टर प्रदर्शनी में प्रथम बबिता साहू,द्वितीय निशा दास एवं तृतीय स्थान हर्ष साहू ने प्राप्त किया।जिन्हें पुरस्कृत किया गया।शिक्षकों की ओर से डी एल खटकर, डी एल पोर्ते, रोहित साहू,टेकलाल पटेल एवं प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता शपथ के साथ कार्यकम का समापन हुआ।

# कलेक्टर विनय लंगेह ने किया स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनय लंगेह बुधवार को भंवरपुर दौरे पर थे इस दौरान उन्होंने भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय की स्वच्छता को लेकर विद्यालय के प्राचार्य को जमकर फटकार लगाई। तथा प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने बीईओ बसना को निर्देश दिया। वहीं बुनकरों से मिलकर उनका हालचाल जाना। कलेक्टर लंगेह ने बुनकरों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान बुनकर समिति के अध्यक्ष रमेश देवांगन ने कलेक्टर को बुनकरों की उपलब्धियों के साथ ही साथ उनकी समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से यहां हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। गौरतलब है कि विनय लंगेह संभवतः ऐसे पहले कलेक्टर जिन्होंने भंवरपुर प्रवास के दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया जिससे अन्य शासकीय संस्थाओं एवं कर्मचारियों में खलबली मच गई। वैसे भी यहां शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों के क्रियाकलापों को लेकर कई तरह की चर्चा क्षेत्र में लगातार सुर्खियों में है। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रथम छग राज्य स्तरीय मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 22 से



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी 18 सितम्बर। धमतरी जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में छग राज्य स्तरीय मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 22 सितंबर रविवार को स्थानीय गुजराती समाज के भवन में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 40 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में विभिक्ष केटेगरी में प्रतिस्पर्धा होती है। 40 वर्ष से उपर महिला व पुरुष वर्ग, 50 वर्ष से उपर महिला व पुरुष वर्ग,60 वर्ष से उपर महिला व पुरुष वर्ग, 65 वर्ष महिला व पुरुष वर्ग,70 वर्ष महिला व पुरुष वर्ग, 65 वर्ष महिला व पुरुष वर्ग, 75 वर्ष महिला व पुरुष वर्ग ।

# शिवरतन शर्मा की सक्रियता से नगर पालिका भाटापारा को विकास कार्यों के लिए मिली 4 करोड़ 26 लाख 72 हजार की सौगात

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 15वें वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 252 लाख एवं टाइड ग्राण्ट अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 174.72 लाख राशि की स्वीकृति मिली है।

अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में हथनीपारा मुक्ति धाम गेट से कन्हार तालाब तक आर सी नाली निर्माण 75.51 लाख, नयागंज वार्ड में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से शुलभ शौचालय तक आर सी नाली कवर एवं चेम्बर निर्माण 13.15 लाख, के के वार्ड में पैठु आउटलेट से रामजानकी मंदिर तक आर सी नाली निर्माण 24.68 लाख, सरस्वती नाला में ट्रांफ़रमर से मेन रोड नाली बब्बू हॉटल के पास आर सी नाली निर्माण 2.22 लाख, गांधी मंदिर वार्ड में दल्लू के प्लाट से नारायणी नवल धाम मंदिर के पास नाला तक आर सी नाली निर्माण 34.13 लाख, सुभाष वार्ड गौठान तक पहुँच मार्ग 49.97 लाख, गांधी मंदिर वार्ड प्रवीण केशरवानी के घर से कुंभज वर्मा के घर तक आर सी नाली एवं रोड निर्माण 19.79 लाख, गांधी मंदिर वार्ड कुंभज वर्मा के घर से गौतम अग्रवाल के घर होते हुए डॉ डी पी वर्मा के घर तक पुलिया के साथ आर सी नाली निर्माण 11.11 लाख, गांधी मंदिर वार्ड कुंभज वर्मा के घर से चंद्रकार के घर तक पुलिया सहित आर सी नाली निर्माण 9.36 लाख, एवं नगर पालिका कार्यालय परिसर में ऑफिस व वाहन पहुँच हेतु सीसी रोड निर्माण 12.08 लाख की स्वीकृति मिली हैं.। साथ ही टाइड ग्राण्ट अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 174.72 लाख जिसमे बैक हो लोडर (01 नग) 47 लाख, हाइड्रोक्लोरिक ट्रेक्टर ट्रेलर (2 नग) 07.90 लाख, हाइड्रोक्लोरिक प्लास्टिक बैलिंग मशीन (03 नग) 15 लाख, ई रिक्शा (10 नग) 35 लाख, सेनेटरी नेपकिन वेडिंग मशीन (12 नग) 6.60 लाख, गारबेज मिनी टीपर (2.05 क्यूबिक् मोटर -05नग) 49.90 लाख, ट्रायसाइकिल (10 नग) 6.30 लाख, सेनेटरी नेपकिन इंसिनेटर मशीन (12 नग) 07.12 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है. शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा उक्त निर्माण कार्यों से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट एवं अन्य कठिनयो से निजात मिलेगा।

विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 09 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यो की स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है। जिसमे सिंमगा नगर पालिका बनने की अधिसूचना, दो जिला सहकारी मर्यादित बैंक खोलने की स्वीकृति, मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिंमगा- भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, जैसे अन्य और भी करोड़ो रुपयों के विकास कार्यों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है. उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है. क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यो की स्वीकृति से प्रसन्नता है, राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत,गोपाल देवांगन, कुंजराम कोशले, सतीश साहू, दिलीप यादव, मनीष मिश्रा, राजू पटेल, आशिष पुरोहित, व्यास यदु, देवेंद्र साहू, अनिल चेलक, अनुभव गुप्ता, धन्नू यादव, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, सुखदेव यदु, सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# महावीर भोजनालय में संस्था द्वारा महावीर प्रसादी की गई



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

महावीर भोजनालय में संस्था द्वारा महावीर प्रसादी की गई। जिसने 69 मरीजों को महावीर प्रसादी टिफिन भोजन एवम केला और ग्लूकोज बिस्किट का पैकेट सभी मरीजों एवम उनके अटेंडर को वितरित किया गया। चिरंजीव हार्दिक के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे आज के सहयोग दाता कन्हैया लाल जयंती लाल नरेश कुमार लुंकड़ परिवार थे पूरे परिवार की बहुत बहुत अनुमोदना । आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था अध्यक्ष वीर ज्ञानचंद ,वीर निलेश लुंकड़ , वीर मितेश राखेचा,वीर धीरेंद्र नाहर, वीर पपेश नाहर, वीर योगेश बाफना ,वीरा सूर्या लुंकड़, वीरा रजनी नाहर ,वीरा मनीषा लुंकड़ एवम ममित लुंकड़, विमल लुंकड़ , शांति देवी लुंकड़, रिंकी लुंकड़ एवम आरिका लुंकड़ का भरपूर सहयोग मिला।

# जागो वोटर जाबो स्थानीय कार्यक्रम अंतर्गत स्वीप कोर कमिटी द्वारा मतदान के लिए किया जागरूक

**धमतरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवम् कलेक्टर धमतरी के निर्देशानुसार, जिला नोडल अधिकारी डॉ शैलेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में जागो वोटर जाबो स्थानीय निर्वाचन कार्यक्रम के अंतर्गत गणेश पंडाल में शिव शक्ति महिला समिति के सदस्यो को एवम् विभिन्न गणेश पंडालों में स्वीप कोर कमिटी सदस्य जानकी गुप्ता द्वारा मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## संपादकीय

# केजरीवाल का इस्तीफा आप का भविष्य

**अरविंद केजरीवाल** द्वारा इस्तीफे की घोषणा से इस कदम तथा 'आप' के भविष्य के बारे में अनुमान लगाए जाने लगे हैं। बहुत से लोगों को आश्चर्यचकित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को इस्तीफे की घोषणा कर दी। इस निर्णय के पीछे अनेक अनुमान लगाए जा रहे हैं और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच मतभेद हैं। कुछ इसे रणनीतिक कदम बताते हैं, जबकि दूसरों का कहना है कि आंतरिक और बाहरी दबावों के कारण यह मजबूरी में उठाया कदम है। इस्तीफे से आम आदमी पार्टी-'आप' के भविष्य तथा इस बात को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के रूप में उनका वारिस कौन होगा। अपनी लोकरंजक राजनीतिक शैली के लिए विख्यात केजरीवाल ने अतीत में अनेक साहसी घोषणायें की हैं जो एक प्रकार से रणनीतिक जुआ थीं। अक्सर इनका उद्देश्य अपना मतदाता आधार मजबूत करना था। जन लोकपाल विधेयक के मुद्दे पर उनका 2014 में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि उनका इस्तीफा एक और राजनीतिक जुआ होगा जिसका उद्देश्य केजरीवाल को सुर्खियों में बनाए रखना या 'आप' की हालिया चुनौतियों से ध्यान हटाना है क्योंकि दिल्ली में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने बाद होने हैं।

मजेदार बात है कि जेल में रहते हुए केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया और वे वहीं से सरकार चलाते रहे। उनका आरोप है कि भाजपा गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के फर्जी मामलों में फंसा कर जेल भेज देती है, उनको इस्तीफा देने को मजबूर करती है और उनकी पार्टी तोड़



देती है। वे इस बारे में बहुत मुखर हैं और उनका कहना है कि चाहे जो हो दूसरे मुख्यमंत्रियों को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। लेकिन इस पक्ष में भी मजबूत तर्क हैं कि उनका इस्तीफा केवल एक 'स्टंट' है जिसका उद्देश्य पार्टी को पुनर्जीवित करना है। उनका इस्तीफा संभवतः ईमानदार और निस्वार्थ नेता की उनकी छवि बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है जिससे आने वाले चुनावों में उनकी पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। वे मतदाताओं के पास जाकर अपने इस्तीफे की कथा सुनाएंगे और स्वयं को 'पीड़ित' की तरह पेश करेंगे। चाहे केजरीवाल का इस्तीफा एक चाल हो या मजबूरी में दिया गया हो, पर निश्चित रूप से इसने 'आप' को महत्वपूर्ण मोड़ पर छोड़ा है। गठन के समय से ही केजरीवाल पार्टी का चेहरा रहे हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से उनकी विदाई के कारण पार्टी का प्रमुख मतदाता आधार अस्थिर हो सकता है। इसके अलावा उनके दूसरे प्रमुख साथी मनीष सिसोदिया को भी नया मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। 'आप' ने स्वयं को राष्ट्रीय दलों के विकल्प के रूप में पेश करने की दिशा में कठोर परिश्रम किया है। इसलिए उसने प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा भ्रष्टाचार-विरोधी उपायों को प्रमुख मुद्दा बनाया। लेकिन पार्टी का भविष्य मुख्यतः केजरीवाल के नेतृत्व पर निर्भर रहा। उनका इस्तीफा पार्टी को व्यापक, ज्यादा स्थिर तथा परिपक्व संगठन के रूप में विकसित कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। 'आप' के अनेक नेता उनका स्थान ले सकते हैं जिनमें संजय सिंह, आतिशी मरलेना, राघव चड्ढा या उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी हो सकती हैं। लेकिन निश्चित रूप से यह केजरीवाल की पसंद पर निर्भर करेगा। ऐसे में 'आप' के भविष्य पर सवाल है कि क्या पार्टी अपने सर्वोच्च नेता के भ्रष्टाचार और कदाचार के अनेक मामलों में लिप्त होने के बावजूद अगले चुनाव में सत्ता में वापसी कर सकती है? इसका जवाब दिल्ली वासी बेहतर तरीके से दे सकते हैं।

# सामाजिक मुद्दों के टिकाऊ समाधान

'सामाजिक बिजनेसों' में सामाजिक मुद्दों, जैसे गरीबी, असमानता और पर्यावरण क्षरण के टिकाऊ समाधानों को वित्तीय प्रगति से जोड़ने की क्षमता मौजूद है।



**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, असोसिएट प्रोफेसर हैं)



दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के बारे में चर्चा लगातार तेज हो रही है। एसडीजी का संबंध भारत में समावेशी विकास से भी है। हालांकि, भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है, पर समावेशी विकास की चुनौतियां भी बनी हुई हैं। तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा अवसरों के बीच असमानतायें बनी हुई हैं जिससे जनसंख्या का बड़ा हिस्सा हाशियाकृत है। इस संदर्भ में 'सामाजिक बिजनेस' की अवधारणा पर समाधान के रूप में लोगों का ध्यान जा रहा है जो एकसाथ सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों का समाधान पेश कर सकते हैं। हाल ही में विकास की इस वैकल्पिक अवधारणा को देश में महत्व मिलने लगा है।

'सामाजिक बिजनेस' एक शक्तिशाली माडल है जिससे गरीबी, असमानता, स्वास्थ्यरक्षा एवं शिक्षा जैसी सामाजिक समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। इसके साथ ही यह वित्तीय रूप से टिकाऊ होते हैं। परंपरागत बिजनेसों में जहां शेयरधारकों का मुनाफा अधिकतम करने को प्राथमिकता मिलती है, वहीं सामाजिक बिजनेस सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए मिशन की तरह काम करते हैं। इससे पैदा होने वाले मुनाफे को पुनः इन्हीं बिजनेसों में लगा दिया जाता है ताकि इसका प्रभाव बढ़ सके। उद्यमिता का यह खोजी दृष्टिकोण खासकर भारत के लिए महत्वपूर्ण है जहां बाजार-संचालित समाधानों से सामाजिक खाई पाटने की संभावनायें असीम हैं। सामाजिक बिजनेसों का जन्म पिछले दशक में हुआ और भारत ने सामाजिक उद्यमिता में बहुत दिलचस्पी दिखाई है। सामाजिक मुद्दों के प्रति बढ़ती जागरूकता, हमारी नौजवान जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तथा निवेश फंडों के बढ़ते प्रभाव के कारण अनेक क्षेत्रों में सामाजिक बिजनेस उभर कर सामने आ रहे हैं।

गरीब परिवारों को सस्ती सोलर लाइटें देने वाले 'सेल्को' जैसे संगठन तथा टिकाऊ कृषि व्यवहारों के माध्यम से आदिवासी किसानों को सशक्त करने वाले 'अराकू काफी' जैसे बिजनेस यह दिखाते हैं कि जन कल्याण के लिए बिजनेस कैसे किया जा सकता है। भारत की सामाजिक-आर्थिक विविधता भी सामाजिक खोजों के लिए उपजाऊ आधार प्रदान करती है। उद्यमी कृषि, स्वास्थ्यरखा, सफाई, शिक्षा और वित्तीय समावेशन जैसी चुनौतियों का समाधान करने के खोजी तरीके निकाल रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत की विशाल सहकारी डेरी संस्था 'अमूल' जिन सिद्धान्तों पर काम करती है वे सामाजिक बिजनेस के निकट हैं। इससे वह किसानों को उचित वेतन सुनिश्चित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद भी उपलब्ध कराती है।

इसी प्रकार ग्रामीण भारत में काम करने वाला अलाभकारी संगठन 'गूंज' शहरी कचरे को लाभदायक उत्पादों में बदल कर गरीबी उन्मूलन व कचरा प्रबंधन में अपना योगदान दे रहा है।

1.4 बिलियन जनसंख्या वाले भारत को सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता है। हालांकि, देश ने तकनीक व ढांचागत संरचना क्षेत्र में काफी प्रगति की है, पर करोड़ों लोग अभी मूलभूत आवश्यकताओं, जैसे स्वच्छ जल, स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा और रोजगार अवसरों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। परंपरागत सरकारी हस्तक्षेप तथा दान-आधारित माडल प्रभावी होने के बावजूद अक्सर टिकाऊ व व्यापक समाधान देने में विफल रहते हैं। सामाजिक बिजनेस माडल यहीं पर सामने आते हैं और वे बिजनेस तथा सामाजिक दायित्व के बीच खाई पाटते हैं। सामाजिक बिजनेस के क्षेत्रों में स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र महत्वपूर्ण है।

हालांकि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, पर यहां असमानता बड़े स्तर पर व्याप्त है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों की पहुंच अभी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक नहीं है। डा. देवी शेट्टी द्वारा स्थापित सोशल बिजनेस 'नारायणा हेल्थ' जैसे क्षेत्र इस मुद्दे का समाधान जनता को सस्ती व उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्यरक्षा प्रदान कर कर रहे हैं। भारत में शिक्षा क्षेत्र के सामने भी पहुंच, गुणवत्ता तथा सस्ता होने की समस्या खासकर ग्रामीण व हाशियाकृत समुदायों में बनी हुई है। 'टेक फार इंडिया' जैसे सामाजिक उद्यम इस कमी को पूरा करने के लिए गरीब स्कूलों से प्रतिभाशाली लोगों को तैयार करने के प्रयास कर रहे हैं। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है जो 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को रोजगार देती है। लेकिन अक्सर छोटे किसानों को बाजारों तक पहुंच, कर्ज तथा टिकाऊ व्यवहारों के मामले में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 'देहान' जैसे सामाजिक बिजनेस संपूर्ण रूप से कृषि सेवायें दे रहे हैं जिनमें निवेशों का वितरण, फसलों की विविधता और बाजार संपर्क शामिल हैं। वे किसानों का सशक्तीकरण कर उनकी आय बढ़ा रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने की प्रतिबद्धता के रूप में भारत नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान दे रहा है। इस क्षेत्र में सामाजिक बिजनेसों की व्यापक संभावनायें हैं। पर्यावरण-हितैषी व टिकाऊ उत्पादों का विकास सामाजिक बिजनेसों द्वारा किया जा रहा है। इससे शहरों में टिकाऊ फैशन तथा आर्गेनिक उत्पादों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। भारत में सामाजिक बिजनेसों को सक्षम बनाने में 'इंपैक्ट इन्वेस्टिंग' की महत्वपूर्ण भूमिका है। परंपरागत वेंचर पूंजीपतियों के उलट 'इंपैक्ट इन्वेस्टर' केवल वित्तीय लाभ प्राप्त करने के बजाय मामन योग्य सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव पर ध्यान देते हैं। 'आविष्कार', 'एक्यूमेन' व 'ओमीड्यार' जैसे नेटवर्क प्रारम्भिक सामाजिक बिजनेसों के लिए महत्वपूर्ण पूंजी देते हैं ताकि वे अपना विस्तार और प्रभाव बढ़ा सकें। भारत सरकार ने समावेशी विकास संचालित करने में सामाजिक बिजनेसों की क्षमता पहचानी है। 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे कार्यक्रम वित्तीय सहायता, संरक्षण तथा कर प्रोत्साहन दे कर अक्सर सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा उद्यमियों को सामाजिक समस्याओं से निपटने में सहायता मिलती है। लेकिन सामाजिक बिजनेसों के समक्ष अनेक समस्यायें भी हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक उद्यमों को अपनी गतिविधियां बढ़ाने के लिए धन प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ता है। परंपरागत वित्तीय संस्थान अक्सर सामाजिक उद्यमों को अत्यधिक जोखिम वाला मानते हैं क्योंकि वे मुनाफा बढ़ाने के बजाय सामाजिक प्रभावों पर ज्यादा ध्यान देते हैं।

सामाजिक बिजनेसों के लिए एक सबसे बड़ी चुनौती वित्तीय टिकाऊपन बनाए रखते हुए अपना प्रभाव बढ़ाना है। अक्सर सामाजिक उद्यम स्थानीय संपर्कों पर अत्यधिक निर्भर होते हैं जिसके कारण वे भिन्न भौगोलिक स्थितियों में अपने प्रयोग आसानी से दुहरा नहीं पाते हैं। सामाजिक बिजनेसों के लिए नियामक ढांचा अभी विकसित हो रहा है। ऐसे में जटिल नौकरशाही प्रक्रियाओं को पार कर आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करना तथा अनेक सरकारी एजेंसियों से व्यवहार करना बहुत अधिक समय की मांग करता है तथा इसमें बहुत खर्च होता है। सामाजिक बिजनेसों को अक्सर स्पष्ट विधिक पहचान न होने का सामना भी करना पड़ता है।

स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्टिविटी के विस्तार से 'सामाजिक बिजनेसों' को देश के सुदूर क्षेत्रों तथा वंचित जनसंख्या तक पहुंचने में आसानी हुई है। ग्रामीण उद्यमियों को छोटे कर्ज दिलाने से लेकर शिक्षा प्लेटफार्मों तक सामाजिक बिजनेस अपना प्रभाव डाल रहे हैं। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण सरकारी हस्तक्षेप जनधन-आधार-मोबाइल या 'जेम' है। इसने बैंक खातों को मोबाइल नंबरों और 'आधार' से जोड़ कर वित्तीय समावेशन का महत्वपूर्ण प्रयोग किया है। इस डिजिटल ढांचे ने सामाजिक बिजनेसों को भी सशक्त बनाया है और वे डिजिटल भुगतान, बीमा तथा स्वास्थ्यरक्षा सुविधायें ज्यादा प्रभावशाली रूप से दे सकते हैं। सामाजिक रूप से सचेतन उद्यमियों की नई पीढ़ी विकसित हो रही है जिससे 'सामाजिक बिजनेसों' की संभावना आज पहले के किसी अन्य समय की तुलना में बहुत अधिक हो गई है। कोविड-19 ने भी भारत में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा दिया है।

# अक्षय ऊर्जा उत्पादन में बढ़ेगी छत्तीसगढ़ की भूमिका

**विकास शर्मा**
प्रकाशन अधिकारी
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, रायपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र में उनकी दूरगामी योजना को एक फिर दोहराया है। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में सोमवार को उद्घाटन अवसर पर निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत से 500 गीगावॉट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। यह पहला मौका नहीं है कि प्रधानमंत्री ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अधिक केंद्रित प्रयास पर बल दिया हो। उनकी यह तैयारी प्रधानमंत्री बनने के साथ ही शुरू हो चुकी थी और अब वह मिशन मोड पर काम करना चाहते हैं। उनकी इस दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी योजना को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ भी पीछे नहीं रहना चाहता है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हिस्सा ले रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका तय कर दी है। जीवाश्म ऊर्जा से पॉवर हब बने प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी अगले कुछ वर्षों में 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। उन्होंने सम्मेलन में निवेशकों को भी खुले दिल से छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर अपनी नियत साफ कर दी है।पर्यावरण संतुलन तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार ने परिणाम केंद्रित प्रयासों को बढ़ावा दिया है।

नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में छत्तीसगढ़ ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में कुल 20 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता है जिसमें सिर्फ 15 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह विश्वास पुख्ता योजना पर आधारित है। छत्तीसगढ़ में पन बिजली और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम को गति देते हुए अगले कुछ ही वर्षों में लगभग 10 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाना है। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी 7 हजार मेगावाट क्षमता की पंप स्टोरेज तकनीक की मदद से पन बिजली उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रही है तथा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सौर सुजला और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बड़ी भूमिका होगी। भारत सरकार ने आमजन को भी ऊर्जा उत्पादक बनाने की व्यापक योजना बनाई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त




बिजली योजना इस कड़ी में एक बहुत ही लोकप्रिय योजना है। योजना के तहत अगले कुछ वर्षों में 30 गीगावॉट (30 हजार मेगावॉट) बिजली देश के आम लोगों के घरों की छतों पर लगे सौर पैनलों से उत्पादित होंगे। इसके पहले चरण में छत्तीसगढ़ में 25 हजार घरों में सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी ने योजनाबद्ध कार्य शुरू भी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की यह महत्वाकांक्षी योजना भावी जरूरतों की पूर्ति में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने वाला है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर 75 हजार 21 करोड़ रूपए व्यय किया जा रहा है। इसमें आम नागरिक को भारी भरकम अनुदान के साथ ही आवश्यक विद्युत अधोसंरचना का विकास भी शामिल है। योजना के तहत देश के एक करोड़ घरों की छतों पर एक से तीन किलोवॉट के सौर पैनल स्थापित होंगे जो लघु बिजली संयंत्र की भांति कार्य करेंगे। अनुमान है कि तीन सौ यूनिट प्रतिमाह तक बिजली मुफ्त प्राप्त करने के साथ ही हितग्राही अपनी उत्पादित शेष बिजली को ग्रीड के माध्यम से राज्य बिजली कंपनियों को बेच सकेंगे। योजना की प्रारंभिक सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 13 फरवरी 2024 को शुरू होने के छह माह के अंदर एक करोड़ 28 लाख से अधिक हितग्राहियों ने सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए पंजीयन कराया है। देश की प्रगति और समृद्धि को समझने के लिए प्रति व्यक्ति आय की तरह प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत भी एक आधार है। साल 1947 में खपत 18.47 किलोवॉट ऑवर (केव्हीएच) से आज 2024 में 72 गुणा अधिक 1327 केव्हीएच पहुँच चुका है जिसके तेजी से बढ़ते हुए अगले 5-6 वर्षों में 1500 केव्हीएच तथा वर्ष 2050 में 2500 केव्हीएच प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष ऊर्जा खपत होने का अनुमान है। हमारी ऊर्जा जरूरतें कोयला आधारित संयंत्रों से उत्पादित बिजली पर अधिक निर्भर हैं जिसे समयबद्ध ढंग से नवीकरणीय ऊर्जा तथा अन्य वैकल्पिक ऊर्जा श्रोतों से पूरा करने की आवश्यकता है। भारत में आज विद्युत उत्पादन क्षमता 446 गी.वॉ. है जिसमें 45.5 प्रतिशत गैर- जीवाश्म इंधन (नवीकरणीय ऊर्जा) से उत्पादित होता है। अब आगामी पाँच वर्षों में इसे बढ़ाकर 65 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता जो वर्तमान में 203 गीगावॉट है को अगले पाँच वर्षों में 500 गी.वॉ. तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। इसमें पवन ऊर्जा की वर्तमान क्षमता को 46.6 गी.वॉ. से 140 गी.वॉ. और वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा से ऊत्पादित बिजली को 85.5 गी.वॉ. से 270 गी.वॉ. करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिस प्रकार से देश ने सिर्फ दस वर्षों में सौर ऊर्जा क्षमता को 2.82 गी.वॉ से बढ़ाकर 85.5 गी.वॉ. तक पहुंचाया है ऐसे में अगले पाँच वर्ष का लक्ष्य असंभव नहीं कहा जा सकता है। भारत के संदर्भ में गैर ङ्क जीवाश्म ईंधन को मुख्य ऊर्जा श्रोत बनाने की जरूत इसलिए भी है क्योंकि जीवाश्म ईंधन कई पर्यावरणीय तथा पारिस्थितिकी असंतुलन (इकोलॉजिकल इंबैलेंस) का कारण बन रहा है और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के साथ इसके खतरे और चिंताजनक हो जाएंगे। नवीकरणीय ऊर्जा समय की मांग और मानवता के लिए आवश्यक है। भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की दिशा में जो कदम उठाए हैं उसके अच्छे परिणाम भी हमारे सामने है। इसके साथ ही वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 2005 की स्थिति सि 45 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने नारा दिया सबका साथ ङ्क सबका विकास और बाद में एक आयाम और जोड़ा सबका प्रयास। विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ अग्रिम पंक्ति में रहना चाहेगा। वो इसलिए भी कि विकास का पहिया बिना ऊर्जा दौड़ेगा नहीं। ऊर्जा से उन्नति को गति मिलती है और जिस प्रकार प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना समेत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ कार्य कर रहा है उससे आशा है कि प्रदेश आने वाले दशकों में भी 'पॉवर हब' बना रहेगा।

## आप की बात

### दिल्ली में हलचल

**दिल्ली** में राजनीतिक हलचल तेज है। कौन बनेगा मुख्यमंत्री दिल्ली में चर्चा का विषय बना हुआ है। बेशक इस्तीफा देना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक राजनीतिक दांव हो और विपक्षी नेताओं द्वारा इस्तीफे के समय पर सवाल उठाने भी उचित हों, लेकिन दिल्ली वालों के लिए यह एक अच्छी खबर है कि उनको एक पूर्णकालिक मुख्यमंत्री मिलने जा रहे है। दिल्ली वाले उम्मीद लगा सकते है कि दिल्ली में ऐसे रुके हुए काम तेज गति से होंगे तथा प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी जो अरविंद केजरीवाल तथा उनके मंत्रियों के जेल जाने से प्रभावित हो रही थी। हालांकि, नए मुख्यमंत्री को अपना कामकाज दिखाने के लिए 5 महीने की अवधि नाकाफी है। बारिश के दिनों में दिल्ली में भारी तबाही मची है, करंट लगने से और जल भराव से लोगों की जान गई है। उम्मीद करनी चाहिए कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री उप-राज्यपाल से अच्छे संबंध बना कर राष्ट्रीय राजधानी के सर्वांगीण विकास में जनता का पूर्ण सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। अरविंद केजरीवाल से भी उम्मीद करनी चाहिए कि वे दिल्ली में एलजी से लड़ाई करने के बजाय देश में विकास व आर्थिक प्रगति के बारे में आम आदमी पार्टी-आप का दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करें।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### मोदी की तीसरी पारी

**दस वर्ष** का शानदार कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तीसरी पारी के 100 दिन पूरे हुए। बिल्लियों के भाग से छींका नहीं टूटा। सभी विपक्षी दलों द्वारा मोदी सरकार के जल्दी ही गिर जाने का बार-बार भ्रम फैलाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने पूर्ण दृढ़ता के साथ ही 100 दिन में बता दिया के वे बिना किसी दबाव के काम कर रहे हैं और उनका हर एजेंडा पूरा होगा। बेशक अपने दम पर पूर्ण बहुमत में बीजेपी की 26 सीटों की कमी को पूरा करने के लिए उन्हें कुछ समझौते करने पड़े जो कि वर्तमान राजनीतिक हालातो में जरूरी थे। मगर वे सहयोगी दलों के दबाव में नहीं आए और देश के लिए हितकारी श्रेष्ठतम निर्णय लेते रहे। विपक्षी दल अच्छी तरह समझ चुके हैं कि मोदी अपनी दबंग शेली में ही काम करेंगे। आगामी दिनों में कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव सरकार की मजबूत नींव का एक परीक्षण होगा। प्रधानमंत्री मोदी अपने सहयोगी दलों, खासकर जदयू व टीडीपी को राष्ट्रीय विकास के साथ बिहार व आंध्र प्रदेश के विकास के बारे में भलीभांति समझा चुके हैं। भाजपा का दावा है कि उसके सहयोगी दल-एक देश, एक चुनाव के मुद्दे पर सहमत हैं। इस प्रक्रिया की शुरुआत निश्चित रूप से परिवर्तनकारी होगी।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### शिमला में विवाद

**शिमला** में कुछ दिनों से मस्जिद गिराने की मांग का प्रदेश के सियासी दल तथा नागरिक समर्थन कर रहे हैं। यह मस्जिद शासकीय भूमि पर तथा चार मंजिल बनी है जबकि हिमाचल प्रदेश में ढाई मंजिल से अधिक निर्माण पर ही प्रतिबंध है। हालांकि यह मामला कोर्ट में लंबित है, फिर भी सरकार को शीघ्र निर्णय की मांग करनी चाहिए ताकि आंदोलनकारी शांत हो सकें। मंडी क्षेत्र में अवैध मस्जिद को लेकर जारी विरोध के मद्देनजर मस्जिद का कुछ हिस्सा मुस्लिमों ने ढहा दिया है, लेकिन यह केवल लीपापोती वाली कार्रवाई है। इसी कारण मंडी में भी अभी आंदोलन जारी है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को समय रहते ही कानून-व्यवस्था और शांति बनाने रखने का प्रयास करना होगा। प्रदेश की जनता का आरोप है कि पिछले सालों में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से अशांति बढ़ी है। इससे प्रदेश की जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयास हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की घटनायें कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी की भी परीक्षा ले रही हैं कि वह बहुसंख्यक समाज को नाराज न होने दे क्योंकि इसका प्रभाव प्रदेश के साथ ही पूरे देश में कांग्रेस की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

**- बी. एल. शर्मा**, उज्जैन

### कश्मीर चुनाव

**कश्मीर** विधानसभा चुनाव देश के अन्य राज्यों के चुनाव से कुछ अलग महत्व के हैं। यहां धारा 370 हटने के बाद एक नया वातावरण पैदा हुआ है जिसमें कश्मीरी जनता ने वर्षों बाद प्रजातंत्र का वास्तविक अर्थ समझा है। आतंकवादियों के जुल्म और वहां के बड़े नेताओं का पाक-परस्त रवैया कश्मीरी जनता अच्छे से समझने लगी है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीरी उत्पादों से लेकर जमीन जायदाद की कीमतों में भारी वृद्धि, पर्यटन में भारी वृद्धि, असुरक्षा की भावना समाप्त होने के साथ ही और कई प्रकार के सकारात्मक अनुभव कश्मीरी जनता को प्राप्त हुए हैं। अब इस विधानसभा चुनाव में जनता को अपने जनप्रतिनिधि चुनने तथा इसके बाद उनके साथ प्रदेश के विकास के लिए कामकाज का उन्हें नया अनुभव प्राप्त होगा। दशकों बाद कश्मीरी जनता बिना किसी भय के मतदान करेगी। चुनाव के दौरान पाकिस्तान और आतंकवादी कई तरह की परेशानियां खड़ी करने के प्रयास करेंगे। उम्मीद है कि राज्य में प्रशासन, सुरक्षा बल तथा जनता इन षडयंत्रों को विफल करने और चुनाव में भारी मतदान करने में सफल होगी।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# योगेश तिवारी को समाज सेवा के लिए किया गया सम्मानित

## आखिरी सांस तक बेमेतरा की सेवा का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा जिले में गणेश पूजा का भव्य आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीटीआई ग्राउंड, बेमेतरा में जय श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित वार्षिक गणेशोत्सव का आयोजन भी समापन की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी को समाज सेवा में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश गबेल ने बताया कि योगेश तिवारी पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। खासतौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने बेमेतरा के लोगों के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की और आज भी समाज सेवा के अपने संकल्प को मजबूती से निभा रहे हैं। वर्तमान में वह 250 बिस्तरों वाले मां गोदावरी आनंद आश्रम के माध्यम से बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं। गिरीश गबेल ने कहा कि तिवारी द्वारा किए जा रहे महान कार्य से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस सम्मान को समिति के लिए गौरव का क्षण बताया। योगेश तिवारी ने समाज सेवा के लिए सम्मानित किए जाने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि बेमेतरा की पवित्र धरती पर जन्म लेने वाले एक किसान नेता को आज यह सम्मान मिला है। मैंने अपनी मिट्टी से जुड़ने का जो संकल्प लिया है, वह जीवन भर जारी रहेगा। मेरा अंतिम लक्ष्य बेमेतरा की जनता की सेवा करना है, और मैं जीवन के अंतिम सांस तक यहां की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने जय श्री राम गणेश उत्सव समिति को धन्यवाद देते हुए कहा, यह मेरे लिए एक विशेष सम्मान है। योगेश तिवारी ने जय श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेश पूजा के भव्य आयोजन की सराहना की और भगवान गणेश की कृपा से इस आयोजन के माध्यम से समाज में शांति, एकता और समृद्धि को बढ़ावा मिलने की कामना की। उन्होंने इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश गबेल, अजय शुक्ला, विकाश तिवारी, प्रांजल गौतम, दिलीप पटेल, प्रवीण नीलू राजपूत, मुकेश ठाकुर, संतोष साहू, चंदन सोनी, शेखर राजपूत, रानू वर्मा, छोटा देवांगन, सुनील सावल, गोलू कोशले, ढारेन्द्र पाल, प्रिंस वर्मा, आर्यन राजपूत, शुभम देवांगन, विवेक नामदेव, वतन राजपूत, राहुल राजपूत, हेमंत वर्मा, कृपाल सेन, घनश्याम यदु, ओम निर्मलकर, वैभव तंबोली, अजय सोनी, राहुल पटेल, रवि वर्मा, दीपक साहू, प्रदीप मानिकपुरी, चित्रेंद पटेल, कान्हा, बीरेंद्र पटेल, भानुप्रताप वर्मा, सुजल गुप्ता और विकाश शुक्ला जैसे सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जय श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश पूजा के भव्य आयोजन ने बेमेतरा के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व को और अधिक उजागर किया है, साथ ही समाज सेवा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता की भावना को भी अधिक सशक्त किया है।

# विधायक ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा : अर्चना



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर मे पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।उन्होंने संसार के प्रथम वास्तुकार, निर्माण और सृजन के देवता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी श्रमवीरों सहित क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सरपंच छोटू राम साहू परमेश्वर साहू,ओमकार साहू,टिकेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी मौजूद रहे। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि, हमारे श्रमवीर क्षेत्र को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी का तकनीक कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

# बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण,एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चैर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 16 सितंबर को थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी भूषण कुमार, साकिन भाठापारा बोरगहन के पास से 5.76 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इसी तरह 01 सितम्बर को थाना मंगचुआ के अंतर्गत आरोपी युगेश्वर कुमार, साकीन आरजपुरी वार्ड क्रमांक 05 के पास से कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2024 से 16 सितम्बर 2024 तक 710 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 383 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 435.73 लीटर अवैध शराब, 650 कि.ग्रा. लाहन एवं 01 दोपहिया वाहन (कुल बाजार मूल्य 02 लाख 57 हजार 442 रुपये) जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 30 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाऊ एवं आबकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा धारण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं तस्करी के विरुध्द अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# विधायक संगीता ने टटोली स्वास्थ्य विभाग की नब्ज, जिला अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाई कई खामियां

## प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने स्वास्थ्य मंत्री से की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला अस्पताल में मरीजो का इलाज सही नही होने और मरीजो को रेफर कर देने की लगातार शिकायत के बाद विधायक संगीता सिन्हा बुधवार को जिला अस्पताल और मातृ शिशु अस्पताल के निरीक्षण के लिए पहुची। जहां मरीजो से मिल कर उन्हें मिलने वाले उपचार को लेकर उन्होंने चर्चा की। वही अस्पताल की साफसफाई, शौचालय में फैली गंदियो को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। विधायक संगीता सिन्हा की माने तो जिला अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ की जरूरत है। डिलीवरी वाले मामले जिला अस्पताल से रेफर कर दिए जाते है या फिर इलाज के अभाव में महिलाओं की मौत हो जाती है। जहा डॉक्टर की मांग लेकर विधानसभा में भी विधायक के द्वारा मुद्दा उठाया गया था। जहा स्वास्थ्य मंत्री ने भी जल्द डॉक्टरो की समस्या हल करने का आश्वासन दिया था। मगर अब तक यहां महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अप्वाइंट नही की गई है। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान और भी बहुत सारी कमियां खामियां अस्पताल में नजर आई। जिसे सुधारने के लिए विधायक द्वारा जिला अस्पताल अधीक्षक को बोला गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के सामने दूंगी धरना : संगीता

वही लाइफसपोर्ट सिस्टम युक्त एम्बुलेंस को बालोद से धमतरी भेजे जाने और एक सड़क दुर्घटना में समय पर एम्बुलेंस नही मिलने से घायल युवक की मौत पर विधायक ने कहा कि उन्होंने एम्बुलेंस को वापस बालोद में भेजने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने की पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय 2019 में एम्बुलेंस बालोद जिले को मिला था। जिसे स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा पर एक मौखिक आदेश पर धमतरी भेज दिया गया। जिसे आज तलक वापस बालोद नही लाया जा सका है। उन्होंने कहा कि वे स्वंय स्वास्थ्य मंत्री से फोन पर बात कर एम्बुलेंस को बालोद भेजने की बात कह चुकी है। लेकिन बालोद से लाइफसपोर्ट सिस्टम धमतरी भेजे जाने की जानकारी स्वंय स्वास्थ्य मंत्री को नही है। वही उन्होंने आगे कहा की अगर 3 दिनों में एम्बुलेंस बालोद को वापस नही किया जाता है तो वे स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के सामने धरने पर बैठेंगी।

### प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए

वही जिला अस्पताल और मातृ शिशु अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नर्सो से भी चर्चा की। उन्हें हो रही पीड़ा, उनकी मांग से वे रूबरू हुई। इस दौरान डाक्टरों व नर्सो की सुरक्षा को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद जिला सहित प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की स्वास्थ्य मंत्री से मांग की हैं। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन ड्यूटी कर रहे डॉक्टर व नर्सो को छत्तीसगढ़ सरकार सुरक्षा मुहैय्या करवाये। ताकि वे रात में बेखौफअपनी ड्यूटी निभा सके। उन्होंने कहा कि अभी हाल में बंगाल की घटना को हमने देखा है, तो इस तरह की घटना छत्तीसगढ़ में भी हो सकती है। जिसके मद्देनजर अस्पतालों में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी रहनी चाहिए, प्रदेश के जिला अस्पतालों में रात में पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जानी चाहिए।

### पायनियर ने उठाया था मुद्दा

आपातकालीन स्तिथि में मरीजो को जीवनदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली लाइफसपोर्ट सिस्टम के लैस जिले में एकमात्र एडवांस संजीवनी 108 वाहन को धमतरी जिले में भेज दिया गया है। जिसकी खबर पायनियर ने 9 सितंबर को शीर्षक 'वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य सेवा, लाइफसपोर्ट सिस्टम युक्त एंबुलेंस विहीन हुआ बालोद जिला' समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख एम्बुलेंस को वापस बालोद भेजने की मांग की है।

# पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंर्तगत 17 सितम्बर को इस अभियान के तहत शहर के नागरिकों एवं पालिका कर्मचारीयों को स्वच्छता ही सेवा शपथ एवं स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारी द्वारा स्वच्छता रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता से अपने आसपास की जगह पर स्वच्छ बनाए, स्वच्छता अभियान से समुदाय को जोड़ें द्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने कहा कि स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास एवं जन जागरण कर सफाई व शौचालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना होगा द्य स्वच्छता अभियान रैली में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष ,समस्त पार्षद एल्डरमैन, नोडल अधिकारी सतीश चंद्राकर , सहायक नोडल अधिकारी पंकज चंद्राकर, घनश्याम शर्मा, एलन चंद्राकर, राजेंद्र साहू, विपिन बहेरा, इन्द्र कुमार यादव, अनंत साहू सुनील तारम, मनोज साहू, देव नारायण , शिवकुमार शर्मा, अभिजीत भगत , उमेश्वरी नेताम, हेमलता बघेल जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा, संतोष साहू नगर पालिका के स्वच्छता दीदी एंड स्वच्छता कमांडो राष्ट्रीय शहरी अजीवका मिशन की महिला समूह, नगर पालिका दलीराजहारा के समस्त अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# पतोरा में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

यंग इंडियंस दुर्ग ग्रामीण पहल द्वारा मासूम, हेल्थ और क्लाइमेट चेंज के सहयोग से जिला दुर्ग के पतोरा गांव में सफलतापूर्वक जागरूकता कार्य म का आयोजन किया। इस कार्य म के मुख्य प्रायोजक पतोरा स्तिथ लाइमस्टोन माइनस मैसर्स रॉक ओर माइनरल्स के संचालक राणा अरुण सिंह द्वारा किया गया। खदान संचालन के उपरांत वे अपने गाँव को शिक्षित व जागरूक करने में विश्वास रखते हैं ।कार्य म मे हेल्थ टीम द्वारा 300 से अधिक महिलाओं को मासिक स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। क्लाइमेट चेंज टीम द्वारा लगभग 2500 बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड्स का वितरण किया। मासूम टीम द्वारा 200 बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में शिक्षित किया गया। गांव की महिला शक्ति द्वारा लगभग 300 पौधों का रोपण। हेल्थ टीम द्वारा ग्रामीणों के लिए निशुल्क आंखों की जांच शिविर का आयोजन।इस आयोजन को स्थानीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा सराहा गया।

# राहुल गांधी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर कांग्रेसियो ने फूंका शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र के भाजपानीत सरकार के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के द्वारा खुलेआम अपमानित करने की मंशा से राहुल गांधी को जिस ढंग से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आतंकवादी कहा एवं महाराष्ट्र के विधायक ने राहुल गांधी का जीभ काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की जिस ढंग से घोषणा की है। यह देश में कानून व्यवस्था की धज्जियां सरकार के ही लोगों के द्वारा सरेआम उड़ाया जाना यह बताता है कि, देश में कानून की सरकार नहीं चल रही है बल्कि गुंडे और मावलियों की सरकार चल रही है। नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ ऐसे भड़काऊ बात करने वाले केंद्रीय मंत्री एवं शिवसेना के विधायक के खिलाफ अब तक आपराधिक कार्रवाई नहीं होने और उनकी गिरफ्तारी नहीं होने के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए बालोद जिला के कांग्रेस जनों ने बालोद जिला मुख्यालय के कांग्रेस भवन के समीप ही केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया। वही समस्त कांग्रेस जनों ने मांग किया है कि इन दोनों ही नेताओं के खिलाफ तत्काल आपराधिक कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिंन्हा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर महामंत्री रत्तीराम कोसमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नुरेटी, विकास चोपड़ा, बंटी शर्मा, अंचल साहू, अनिल यादव, शंभू साहू, संतु पटेल, क्रांति भूषण साहू, देवेंद्र साहू, प्रशांत बोकाडे, साजन पटेल, जितेंद्र यादव, जितेंद्र पांडे, शारदा सिन्हा, नरेंद्र सिंहा,ओमप्रकाश गजेंद्र, कमल टुवानी, रामजी भाई पटेल, दाऊद खान, निर्देश पटेल, राजकुमार प्रभाकर, सुनील मंडावी, भोलू महाराज, प्रेमचंद क्षीरसागर, अजहर तिगाला, दौलत यादव, हिमांशु सोनी, सुनील मालेकर, मोहनीश पारकर, अनिल सुथार, रोहित सागर, सतीश यादव, एवं कांग्रेसियों उपस्थित रहे।

# दल्ली राजहरा की बेटी कल्पना बंबोड़े सामाजिक कार्यकर्ता की पढाई कर वापस अपनी कर्म भूमि लौटी

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्ली राजहरा की बेटी कल्पना बंबोड़े सामाजिक कार्यकर्ता की पढाई कर वापस अपनी कर्म भूमि लौट चुकी है। ज्ञात रहे कि कल्पना बंबोड़े पहले जिला बालोद राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका के रूप में समाज में अपनी सेवा दे रही थी। अब वहां एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी, वे स्वयंसेविका के रूप में नेत्रदान, हृदयदान, सात बार रक्तदान, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, आपदा, ग्रामीण विकास, मानसिक स्वास्थ्य, जैसे क्षेत्र में अपनी सेवा दे चुकी हैं और वे इसी क्षेत्र में आगे कार्य करना चाहती हैं। , ड्डस्वयंसेविका से सामाजिक कार्यकर्ता के सफर के विषय में कल्पना ने बताया कि, 12वीं की पढाई करने के बाद, अलग- अलग लोगो के अलग अलग विचार सुनने को मिलता था पढाई को लेकर, कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आगे क्या करना है? फिर सब समय पर छोड़कर दल्ली राजहरा महाविद्यालय में बीए में एडमिशन ले लिया। वहां फिर एन.एस.एस. के बारे में पता चला। उस समय कोविड था। वे एक जूनियर स्वयंसेवक के रूप में चार महिने शहीद अस्पताल में अपनी सेवा दी इस दौरान वे कई लोगों से मिली जो समाज में अपनी निःस्वार्थ अपनी सेवा दे रहे हैं। ये सब देखकर मैंने इसी क्षेत्र में आगे कार्य करने का निश्चय किया । घर के बड़ों, भाईयों ,शिक्षको का मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहा है। महाविद्यालय में स्नातक पूरा करने के पश्चात समाज कार्य के क्षेत्र में ही आगे बढ़ना था, पर आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण वे बाहर पढाई के लिए नहीं जा पाई, वे फिर दुर्ग साईस कॉलेज से सामाजिक कार्यकर्ता (एमएसडब्ल्यू) कि पढाई करने का निश्चय किया। अब वे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पढाई पूरी कर चुकी हैं। आगे उन्होने बताया की वे आगे इसी क्षेत्र में रहकर सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा तो वे सामाजिक मनोविज्ञान (परामर्शदाता) के क्षेत्र में अपना अध्ययन करेंगी। और अपनी सेवा देंगी।

# सरदा में मंच लोकार्पण का विवाद पहुंचा शहर, रात भर रहा बवाल, थाने का देर रात नागरिकों व व्यापारी वर्ग ने किया घेराव

## छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं खिलाफमामला दर्ज , गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज व व्यापारी आज करेंगे शहर बंद,





पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय व बेरला थाने में सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि जमकर हंगामा बरपा शहर के व्यापारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित उनके समर्थक छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रात 2 बजे तक सैकड़ो की संख्या में लोग डटे रहे। देर रात पुलिस ने क्रांति सेना संगठन के सूर्या सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी के विरुद्ध मामला दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी । इस दौरान चारों तरफ अफरातफरी का माहौल रहा हालांकि पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही । उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम छत्तीसगढ़िया गैर छत्तीसगढ़िया पर ग्राम सरदा में मंच लोकार्पण को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ ।मामला इतना तूल पकड़ा की ग्राम सरदा में वाद विवाद एवं मारपीट के उपरांत मामला देर रात तक बेमेतरा में पहुंचा और बेमेतरा में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं जमकर उत्पात मचाया जिससे बात ओर बिगड़ गई । इधर शहर के युवा भी एकजूटता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के विरोध में सामूहिक रूप सामने आ गए । पूरा मामला यह था कि ग्राम सरदा में सार्वजनिक मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ग्रामीणों ने निश्चित किया था । उक्त उद्घाटन का विरोध करने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सूर्य चौहान के नेतृत्व में ग्राम पहुंचे और वहां पर ग्रामीणों को दबाव पूर्वक इस बात के लिए दबाव डालते रहे कि वह उद्घाटन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों ना करावे. ग्रामीण पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को उद्घाटन के लिए आमंत्रित कर चुके थे इसलिए उन्होंने सूर्य चौहान उनके साथियों की बात को नजर अंदाज करते हुए उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की बार बार विरोध दर्ज कराए जाने से कांग्रेस व ग्रामीणों ने व्यवधान पैदा करने के चलते सूर्या सिंह चौहान लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी गई कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण एएफआईआर दर्ज कराने जहा। बेरला थाने पहुंचे वही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता बेमेतरा जिला मुख्यालय पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को घटना की जानकारी इस बीच रायपुर से 40, 50 की कार्यकर्ताओं दल पहुंच जय स्तंभ चौक के आसपास दो-तीन व्यापारियों के ऊपर हमला करते हुए मारपीट कर दिए ओर व्यापारी के गाड़ी के कांच में तोड़फोड़ कर दिए । मारपीट की बात धीरे-धीरे शहर में फैलने लगी लोग एकजुट होते रहे और क्रांति सेना खिलाफ मामला दर्ज करने थाने का घेराव कर दिया गया जो रातभर चलता रहा प्रशासन के मान-मनौव्वल और अपराध दर्ज करने के पश्चात भीड़ थाने से लौटी।

### सर्व समाज व व्यापारी हुवे लामबंद, शहर बंद को बाद में किया स्थगित

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता ने सोमवार की रात में जय स्तंभ चौक में शहर के व्यापारियों के साथ, बदतमीजी ओर मारपीट किए जाने पर शहर के व्यापारी एवं सर्व समाज के पदाधिकारी लाम बंद होकर एक निजी होटल में बैठक किए जहां मौजूद सभी समाज व व्यापारीयों ने एक स्वर में पूरे घटना म की निंदा करते हुए बेमेतरा की शांतिपूर्ण माहौल को खराब कर एक तरह से शहर में आपसी सद्भावना बिगड़ने एवं शहर को झुलसा देने का एक कुषित प्रयास कहा है तथा इस मामले की मुख्य आरोपी और उनके सहयोगी के तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग की ओर बुधवार उक्त घटना के विरोध में बेमेतरा बंद करने की बात पर अपनी सहमति बनाए हैं ।तत्पश्चात सर्व समाज के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम हालात से अवगत भी कराया बाद में कलेक्टर एसपी के समझाने पर बेमेतरा बंद को स्थगित किया गया ।

### कांग्रेस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

बीती रात्रि में हुई घटना को शहर की शांति एवं सद्भावना से जोड़ते हुए बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल, नगर पालिका की अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, सुमन गोस्वामी, ललित विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की एक टीम पुलिस अधीक्षक से मिलकर तमाम घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया है कि इस तरह के कुत्सित प्रयास से कुछ लोगों के द्वारा शहर में शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है जिस शहर की जनता माफनहीं करेगी 24 घंटे के भीतर अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कांग्रेस नेताओं के द्वारा की गई है तथा निर्धारित समय अवधि में गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है ।

### सूर्या एवं साथियों के विरुद्ध विभिन्न थाने में दर्ज हुआ मामला

सुर्या चौहान और उनके साथियों के विरुद्ध तीन अलग-अलग रिपोर्ट अलग अलग थाने में दर्ज किया गया जबकि एक रिपोर्ट सुर्या चौहान ने बेमेतरा थाना में किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राजकुमार सेन द्वारा बेरला थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ये सब पूर्व विधायक बेमतरा आशीष छाबड़ा के साथ ग्राम सरदा में कार्य म में जाने के लिए सरदा पहुँचे थे कि छत्तीसगढ़ ंति सेना के सूर्या सिंह चौहान, नीलेश साहू,शुभम सोनी, रवि यादव व अन्य साथियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी व अन्य आहतों का रास्ता रोककर माँ बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ,लाठी,डंडा से मारपीट किये है7 प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 126(2),189,190,191,296,115(2), 351(3), भारतीय न्याय संहिता के तहत कायम कर विवेचना में लिए गया। ग्राम सरदा निवासी प्रार्थी द्वारा बेरला थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सूर्या सिंह चौहान व अन्य साथी द्वारा सरदा में दिनांक 16/09/24 को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को आमंत्रित करने से आयोजको को मना करते हुए दबाव बनाए तो आयोजको द्वारा इनकार करने पर सूर्या सिंह चौहान व अन्य साथियों द्वारा प्रार्थी को जातिसूचक गाली गलौच किये व वहाँ उपस्थित महिलाओं को गलत नियत से छूते हुए धक्क ा दिए है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिए गया तीसरा रिपोर्ट दिनांक 16/09/24 को हर्षित सलूजा थाना बेमेतरा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ अपनी गाडी में जा रहा था तो जय स्तम्भ चौक पर सूर्या चौहान एवं उसके साथियों ने हम लोगों को रोककर गाडी पर इंट पत्थर से मारने लगे , हम लोगों ने गाडी बैक कर भागकर अपनी जान बचाई , प्रार्थी के रिपोर्ट पर 191(2), 126(2), 324(4), 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया वहीं दूसरी ओर दिनांक 16/09/24 को प्रार्थी सूर्या सिंह चौहान थाना बेमेतरा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम सरदा में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एव उनके साथियों ने मेरी गाड़ी का चाबी छीनकर मुझे एवं मेरे साथियों को हाथ मुक्क ा एवं लाठी डंडा से मारपीट किया , रिपोर्ट पर शून्य में अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना हेतु डायरी बेरला थाना भेजी गई।

# बलरामपुर जिले के बरियों चौकी का ममला

## गणेश विसर्जन में पत्थरबाजी, एक महिला का सर फूटा

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के राजपुर थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बारियों में गणेश विसर्जन के दौरान पत्थर बाजी करने का मामला प्रकाश में आया है पत्थर बाजी के कारण एक महिला को सर में गंभीर चोट लगी है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरियों चौकी अंतर्गत आरा गांव में मंगलवार को गणेश पूजा आयोजन समिति के सदस्य गणेश प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे थे सरना पारा चौक के पास जुलुस जैसे ही पहुंचा वैसे ही पत्थर बाजी शुरू हो गई इसी दौरान एक महिला को सर पर पत्थर लगने से काफी गहरी चोट आई है उसके बाद पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। उक्त घटना की जानकारी जैसे ही थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह को मिली तो उन्होंने उक्त घटना की सूचना स्थानीय तहसीलदार साहब को देते हुए दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह मामला को शांत कराया गया। उक्त घटना को अंजाम देने वाले आसिब शाह पिता अहमद शाह 58 वर्ष,इस्लाम पित नसीब 60 वर्ष,इमाम पिता नुमान 45 वर्ष,इस्तखार पिता रहमत 47 वर्ष आरोपियों को गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 125 (क),299,324 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है।

### रात्रि विसर्जन पर जिला प्रशासन क्यों है मौन ?

बलरामपुर रामानुजगंज जिले में आयोजन समितियो के द्वारा सारे नियम और कानून को ताक पर रखकर देर रात तक मूर्ति विसर्जन का शिलशिला चलाया जा रहा है जिसके कारण शहर वासियों से लेकर ग्राम वासियों तक के लोग तेज आवाज की गड़गड़ाहट से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही अ-सामाजिक तत्वों के द्वारा अंधेरे का फायदा उठाकर जुलूस पर भी पथराव करने का मौका मिल जा रहा है जिले के कलेक्टर एवं एसपी इस बात पर विचार कर यदि प्रतिबंधित किए होते तो शायद ऐसी घटना नहीं होती? लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि मात्र छह विकासखण्ड का छोटा सा जिला भी अब कलेक्टर एवं एसपी से नहीं संभाल पा रहा है जो बड़े ही दुर्भाग्य की बात है? सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के निर्देश के बाद अब तो राज्य शासन भी डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है इसके बावजूद भी गणेश पंडालों में सारे नियम कानून को तोड़कर डंके की चोट पर डीजे बजाए जा रहे हैं और संबंधित विभाग को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है कार्रवाई नहीं होने पर जब उनके वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है तो उनका कहना होता है कि मैं दिखाता हूं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती कुल मिलाकर लापरवाही बढ़ती जा रही है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है यदि सब कुछ ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में बलरामपुर रामानुजगंज जिला हमेशा सुर्खियों में रहने वाला है।

# कलेक्टर एसपी जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा ने किया सफाई

### लोलेसरा में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से हुआ स्वकच्छता पखवाड़ा का शुरुवात

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में देश भर में मनाया जा रहा है,प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गाँधी जयंती तक देश भर में शहरी और ग्रामीण सार्वजनिक स्थलों, विद्यालय परिषर, धर्मस्थलों के आस पास ,आंगनबाड़ी और शासकीय कार्यालयों की पूर्ण सफाई का महाअभियान चला ,स्वकच्छता को जीवन की दैनिक आदतों में शुमार करने का संदेश प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, इसी तारतम्य में पुण्य मेला ग्राम लोलेसरा में कलेक्टर रणवीर शर्मा,पुलिस कप्तान रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल,अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी,जनपद सीईओ,ब्लाक शिक्षा अधिकारी,शिक्षक सुनील झा,लोलेसरा स्कूल के प्रधान पाठक बंछोर सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,सफाई दीदियों ने स्कूल प्रांगण की साफसफाई की,अपने बीच कलेक्टर और एस पी को पा छात्र छात्राओं में बहुत उत्साह रहा उन्होंने कलेक्टर रणवीर शर्मा के साथ सेल्फी ली और कलेक्टर शर्मा ने भी बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया,मंचीय उद्बोधन में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित छात्र छात्राओं,महिला पंचायत प्रतिनिधियों को स्वकच्छता की शपथ दिलाई,उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि घरेलू सफाई तो हम महिलाओं की आदतों में शामिल है, अब अपने आस पास के सार्वजनिक स्थलों की भी साफ

सफाई और स्वकच्छता का ख्याल अपने घर की तरह सामूहिक जिम्मेदारी के साथ करना है,प्रधानमंत्री मोदी के स्वकच्छता संकल्प का हिस्सा बनना है,डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि स्कूल के दिनों से ही राष्ट्र मेरा प्रथम घर है कि भावना का अंगीकरण छात्र छात्राएं करें,यह महती जिम्मेदारी उपस्थित शिक्षकों की है,व्याख्याता सुनील झा ने मंच का संचालन किया आभार प्रदर्शन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया.

# मर्सिडीज़-बेंज ने अपनी दूसरी 'मेड इन इंडिया' बीईवी: ईक्यूएस एसयूवी 580 4मैटिक पेश की

पायनियर संवाददाता < रायुर
www.dailypioneer.com




भारत अमेरिका के बाद दूसरा देश बना, जहाँ ईक्यूएस एसयूवी 580 का निर्माण स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ ईक्यूएस एसयूवी भारत में हमारे इलेक्ट्रिफिकेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मर्सिडीज़-बेंज की दूसरी स्थानीय स्तर पर निर्मित लग्ज़री बीईवी और इस साल लॉन्च की गई तीसरी लग्ज़री बीईवी है। ईक्यूएस एसयूवी का लोकलाईज़ेशन भारतीय लग्ज़री इलेक्ट्रिक कार बाजार का विकास करने की हमारी गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इससे एक हरित और सस्टेनेबल भविष्य की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है। ईक्यूएस एसयूवी के साथ हम बीईवी सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर रहे हैं और ईक्यूए से लेकर मर्सिडीज़-बेंज मेबैक ईक्यूएस एसयूवी के ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मर्सिडीज़-बेंज भारतीय बाजार के लिए प्रतिबद्ध है। इसने 2024 में अपने निर्माण कार्यों, नए उत्पाद स्टार्ट-अप्स और निर्माण प्रक्रियाओं के डिजिटाईज़ेशन के लिए 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किया है। ईक्यूएस एसयूवी का लोकलाईज़ेशन हमारी स्थानीय क्षमता का प्रदर्शन करता है, जिससे भारतीय ग्राहकों को लाभ और सरकार के 'मेक-इन-इंडिया' का उद्देश्य पूरा करने में सहयोग मिलेगा।संतोष अय्यर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज़-बेंज इंडिया पुणेः भारत के सबसे डिज़ायरेबल कार निर्माता मर्सिडीज़-बेंज ने आज भारतीय लग्ज़री कार बाजार के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणा कीं। तीन पॉईंटेड स्टार वाली मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में अपने बीईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए एक विश्व स्तरीय बीईवी, ईक्यूएस एसयूवी 580 4मैटिक लॉन्च की है, जिसमें लग्ज़री और टेक्नोलॉजी के साथ भविष्य का प्रगतिशील एसयूवी अनुपात है। ईक्यूएस एसयूवी 580 4मैटिक के साथ मर्सिडीज़-बेंज के पोर्टफोलियो में अब छः बीईवी हैं, जिनमें ईक्यूए, ईक्यूबी, ईक्यूई एसयूवी, ईक्यूएस एसयूवी, ईक्यूएस सेडान और अल्ट्रा लग्ज़री मर्सिडीज़-मेबैक ईक्यूएस एसयूवी 680 शामिल हैं। ईक्यूएस एसयूवी के साथ मर्सिडीज़-बेंज एक 'सस्टेनेबल और डिजिटल फ्यूचर' की ओर तेजी से बढ़ने की अपनी रणनीति की ओर एक मजबूत बीईवी पोर्टफोलियो के साथ बढ़ रही है क्योंकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक लग्ज़री सेगमेंट में बीईवी अपनाना चाहते हैं। मर्सिडीज़-बेंज ने ईक्यूएस एसयूवी 580 4मैटिक को चाकन, पुणे में अपने अत्याधुनिक निर्माण संयंत्र में बनाना शुरू करने की घोषणा भी की है।

# स्वच्छता रथ को विधायक व एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर व स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता को ध्यान में रखते हुवे 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान के ताबत प्रथम दिवस सर्वप्रथम नगरपालिका कार्यालय के समीप ओपन जिम चौपाटी में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इसके पश्चात नगरपालिका परिसर से ही स्वच्छता रथ व रैली को विधायक चातुरी नंद व एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली नगर भ्रमण करते हुवे वापस स्वामी आत्मानन्द विद्यालय पहुंची जहां नगर को साफ रखने व स्वच्छता के लिए स्वयं व अन्यो को भी प्रेरित किये जाने हेतु शपथ दिलाई गई। एक पेड़ मां के नाम के तहत चौपाटी में ही एसडीएम नम्रता चौबे के सानिध्य में पौधरोपण किया गया। सभी आगंतुकों ने पौधरोपण में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक चातुरी नंद , एसडीएम नम्रता चौबे, सीएमओ दिनेश यादव, नपाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, उपाध्यक्ष सुशीला गंगाराम पटेल, वरिष्ठ पार्षदों में स्वर्णसिंह सलुजा, गुंजन अग्रवाल, सीता सतपथी, मोनालिसा सिंह, हेमंत प्रधान, खिरचंद बारी, जेपी यादव, राखी गणेश चौहान, चंद्रा, हितेश यादव के साथ ही स्कूली छात्र छात्राओं व अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन कन्या विवाह योजना का ब्रोशर विमोचित,सभी जाति और सनातन धर्म की निर्धन कन्याओं का करेगा सामूहिक विवाह



**सक्ति।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी रायपुर निवासी दीनदयाल गोयल के जन्मदिन के अवसर पर गीत सिया रायपुर में आयोजित गरिमापूर्ण आयोजन में अग्रसेन कन्या विवाह योजना का ब्रोशर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष दीनदयाल गोयल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, बिसन गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, गोविंद राम महल वाला ने किया,ब्रोशर विमोचित करने के अवसर पर गोयल ने कहा कि 11 कन्याएं समाज के लोग तय करें, उन कन्याओं का सामूहिक विवाह, हम संगठन के बैनर पर करेंगे, उन्हें कोई भी खर्च नहीं देना होगा रायपुर में आयोजित इस विमोचन समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि, 11- 11 के समूह में हम अनेक विवाह करने के लिए कृत संकल्पित हैं,जरूरतमंद लोगों तक आप हमारी बात पहुंचाएं हम उनकी सेवा करने को तत्पर हैं. अच्छी से अच्छी सुविधाओं के साथ तय मुहूर्त में उन कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जाएगा, उन्हें उच्च कोटि की सुविधाओं के साथ-साथ गृहस्थ जीवन से संबंधित उपयोगी सामग्रियों के रूप में सौगात भी प्रदान की जाएगी।

# सीएएफकैंप के जवान ने किया फायरिंग दो की मौत तो दो घायल



**बलरामपुर।** जिले के सामरी थाना क्षेत्र के भुताही मोड़ मे स्थित सीएएफकैंप में बड़ी दुर्घटना हुई है यहां के एक जवान ने इंसास राइफल से अपने ही साथियों पर फायरिंग कर दी है जिसके कारण दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई है और दो जवान घायल अवस्था में कुसमी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए हैं। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएएफके एक जवान ने इंसास राइफल से गोलियां चलाई जिसमें एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई व्ही शाक लगने के कारण एक और जवान कि चल बसा। दो घायल जवानों को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है। आरोपी जवान को पुलिस ने अपने कस्टडी में ले लिया है उक्त संबंध में जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने बताया कि घटना के बाद मैं मौके पर पहुंच गया हूं जहां तक फायरिंग का मामला है जवान किन कारणों से फायरिंग किया है इसका खुलासा जांच के उपरांत ही हो पाएगा।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत धनोरा में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण परियोजना अंतर्गत सेक्टर हनोदा के ग्राम पंचायत धनोरा में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। आयोजन मे जिला पंचायत सदस्य योगीता चंद्राकर, माया बेलचंदन, ग्राम सरपंच मनीष साहू, साहू समाज के प्रमुख कन्हैया साहू, घासीराम साहू और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर किया गया जिसमे सहायिका पुष्पा साहू द्वारा माँ सरस्वती जी गीत के माध्यम से वंदना की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूरे माह चल रहे पोषण माह की जानकारी पर्यवेक्षक देवकी साहू द्वारा दिया गया जिसमें विभिन्न आयोजनों के बारे में बताया गया। पोषण माह के इस वर्ष की थीम के मुख्य छः बिंदुओं एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढाई भी, बेहतर प्रशासन और समग्र पोषण पर विस्तृत जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा द्वारा 12 सितंबर से 23 सितंबर तक वजन त्योंहार के क्लस्टर वार आयोजन के संबंध में बताया गया जिसमें बच्चों के वजन और ऊँचाई लेने के सही तरीके और अपने बच्चों के पोषण एवं वृद्धि निगरानी के प्रति समुदाय को सजग रहने की बात समझाई गई। पर्यवेक्षक ममता साहू द्वारा विभाग मे संचालित विभिन्न योजनाओं महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना , छ ग महिला कोष योजना एवं पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए पर्यवेक्षक रेखा लोनारे और इंदु मिश्रा द्वारा महिलाओं का कुर्सी दौड़ और रंगोली का आयोजन करवाया गया जिसमें बढ़ चढ़ कर महिलाओं ने हिस्सा लिया।



# फुटबॉल प्रतियोगिता में संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति के छात्रों ने दर्ज़ कराई अपनी सहभागिता

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जिला सक्ति के हरेठी स्थित सी.बी.एस.ई बोर्ड और पूर्णतः अंग्रेज़ी माध्यम वाले संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अंडर 14 सी.बी.एस.ई कलस्टर फुटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज़ कराई।गौरतलब हो की यह फुटबॉल प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल राज्य केइनफोकस इंडिया पब्लिक स्कूल ' बीरा बरासत नार्थ 24 में दिनांक 12सितंबर,2024 से 14 सितंबर ,2024 तक आयोजित किया गया था जिसमें संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति के साथ, नारायणा स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल सहित अन्य सी.बी.एस.ई स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया था। अंडर -14 आयु वर्ग के छात्रों को ही इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया था,जिसमें संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति के फुटबॉल टीम ने सहभागिता दर्ज़ कराई संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा आरंभ से ही शिक्षा के साथ संस्कार और विविध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा स्कूल प्रबंधन का यह पहल भी भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्राप्ति में एक अनूठा प्रयास रहा है । ज्ञातव्य हो की स्कूल द्वारा गठित फुटबॉल टीम में छात्र नमन चौधरी, आदित्य खूंटे, आयुष यादव, संदीप बरेठ , मोनु कुमार, रीतेश चंद्रा, देवव्रत साहु, कुनाल साहु, तोमेश पटेल, अमन देवांगन, रूद्रप्रकाश साहू, तनिष्क सिंह पोर्ते, संकल्प रॉय और सहर्ष बोदरा शामिल थे ।

# पितृ पक्ष पर शक्ति के अग्रवाल समाज ने मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में इस वर्ष अग्रवाल सभा एवं अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा भगवान अग्रसेन की जयंती पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर ही विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित किया गया था, जिस श्रृंखला में 18 सितंबर से 3 अक्टूबर तक शहर के विभिन्न स्थानों पर तथा सार्वजनिक स्थानों पर अग्रवाल समाज द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी कार्य दिया जाना है, इसी श्रृंखला में 18 सितंबर की सुबह 8:00 बजे शहर के बाराद्वार रोड स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में अग्रवाल सभा शक्ति एवं श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के सदस्यों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया, इस अवसर पर जहां विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, तो वहीं इस अवसर पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक रामावतार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका शक्ति, अमरलाल अग्रवाल (ठेकेदार) होटल गिरिराज रैन बसेरा, राकेश अग्रवाल (गुरुजी) सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी, राजेश अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल ओम ज्वैलर्स एवं कपूरचंद अग्रवाल लीला सेल्स के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया, इस अवसर पर जहां श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल (राजू) एवं कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल भी मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक रामावतार अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है एवं अग्रवाल समाज द्वारा अपने अग्रसेन जयंती पखवाड़े के कार्यक्रम में सर्वप्रथम वृक्षारोपण के साथ ही शुभारंभ कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया गया है साथ ही हमारे पितृ जनों की स्मृति में भी यह वृक्षारोपण कर एक नेक कार्य की शुरुआत की गई है, वहीं इस अवसर पर अग्रवाल समाज के बंधुओ ने कहा कि 3 अक्टूबर तक निरंतर शहर के विभिन्न स्थानों पर तथा सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा एवं पूरे शहर के अग्रवाल बंधुओ को इस ने कार्य में अपना योगदान देंने का आग्रह किया गया है।

# वटगन के जगराता कार्यक्रम में पहुंचे मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम वटगन में जय हिंद गणेश उत्सव समिति एवं गौरी गौरा समिति के तत्वावधान में आयोजित मानस मंडली अध्यक्ष नेहरू गोस्वामी के जगराता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू पहुंचे । उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव में भक्तिभाव जागृत होती है । पूरे विश्व की परिक्रमा करने के लिये कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर सवार होकर निकल जाते है, लेकिन गणेश देवता अपने माता पिता का परिक्रमा कर पूरी सृष्टि माता पिता में समाहित हैं का संदेश देकर भोलेनाथ की परीक्षा में पास हो जाते । उसी प्रकार हम सबको अपने माता पिता की सेवा करनी चाहिए, जिससे उनके प्राप्त आशीर्वाद से हमें सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है । कार्यक्रम को युवा मोर्चा अध्यक्ष संडी एवं उपसरपंच वटगन उमेश यदु ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर बलराम फेकर, बिष्णु फेकर, रामू चन्द्राकर, भीखम साहू, प्रेमलाल फेकर, रामकृष्ण चन्द्राकर, राजा वर्मा, किशन चन्द्राकर, जीतू साहू, सूरज यादव, शोभा यादव, डिगेश धीवर, नीतीश वर्मा, मनीष यादव, जयराम वर्मा, पिंटू फेकर, समीर वर्मा, पूनमचंद पटेल, ईश्वर चन्द्राकर, दशरथ चन्द्राकर सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे ।

# आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र गिर्रा में मनाया गया वजन त्यौहार ,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने शामिल होकर की कुपोषित बच्चों की पहचान



**लवन।** आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम गिर्रा में महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा आयोजित वजन त्यौहार में 0 से 05 वर्ष के बच्चों का वजन नापकर कुपोषित बच्चों का पहचान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कुपोषित बच्चों की पहचान करते हुये कहा कि कुपोषण बच्चों के लिए अभिशाप है। माता पिता एवं सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित कर हम सभी इस अभिशाप से बच्चों को बचा सकते है । समय समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र आकर बच्चों का वजन, ऊंचाई एवं स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। इस अवसर पर जनपद सभापति हेमा साहू, सरपंच किरण लहरी, सुपरवाइजर लता कश्यप, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता साहू, रूखमणी साहू, कुलेश्वरी वर्मा, भेखिन कन्नौजे, रवि वर्मा, अश्वनी फेकर, गायत्री यादव, सुनती फेकर, मांडवी साहू, लक्ष्मी सेन, भानमती सेन सहित हितग्राही उपस्थित थे।

# सैकड़ो कांग्रेसी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी में हुए शामिल



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोड़िया में छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का संयुक्त बैठक हुआ। जिसमें काँगेस सचिव खुमान निषाद अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ क्रान्ति सेना का दामन थामा। छाया विधायक कामेश्वर साहु, विधानसभा अध्यक्ष हरीश कुर्रे के संपर्क में रह कर सेना के कार्यशैली से प्रभावित थे, और अपनी पार्टी के कार्यशैली से रुष्ठ होकर छत्तीसगढ़ के हित मे कार्य करने के लिए प्रण लिए।सभी जोश और साहस का परिचय दिये, छत्तीसगढ़ीयावाद को आगे बढ़ाने और राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी करने की बात कही। खुमान निषाद को खंड प्रभारी ,पिंटू यादव गांव प्रभारी ,विभीषण निषाद को उपप्रभारी ग्राम कोडिया का दायित्व दिया गया । सभी युवा साथी सेना के विचारों से काफी प्रभावित हुए। बैठका में राजेश जांगडे, नरेंद साहू, पंकज चतुर्वेदी, हरीश कुर्रे, शैलेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र साहू, कामेश साहू, पदाधिकारी के संग सैकड़ो ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीएम साहब के जन्मदिन पर जिला प्रशासन शक्ति ने निकाला स्वच्छता रथ

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने आज कलेक्टर कार्यालय परिसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारम्भ किया,जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए जन-जागरूकता से ही जिला और देश स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों को आज विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी,स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के सभी जनपदों एवं ग्रामों में स्वच्छता रथ घूम घूम कर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं स्वच्छता संदेश, बैनर, पोस्टर, पांपलेट आदि से ग्रामवासियों एवं व्यक्तियों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया जाएगा द्य इसके साथ ही 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रतिदिन कार्यक्रमों, रैली , प्रदर्शनी संगोष्टि सम्मान के माध्यम से भी जनजागरूकता एवं अभिप्रेरणा लाने का प्रयास किया जायेगा द्य इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, कृष्णकांत चंद्रा, रामनरेश यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी को वर्ष 2023-2024 के लिए राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता | रायपुर/हैदराबाद
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी लिमिटेड, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी को 'ग' क्षेत्र में स्थित उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2023-2024 के लिए प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया ।

यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह 2024 और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया । राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एनएमडीसी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । एनएमडीसी की ओर से जी. प्रियदर्शिनी, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री से यह अवॉर्ड प्राप्त किया । इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह और राज्यसभा के सदस्य सुधांशु त्रिवेदी उपस्थिति थे । इस अवसर पर अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा कि, ÷यह पुरस्कार एनएमडीसी की हिंदी के प्रयोग एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति इसकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है । हम अपने प्रचालनों में राजभाषा के प्रति अपने प्रयासों में निरंतर प्रगति करने पर गर्व का अनुभव करते हैं ।

एनएमडीसी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को सदैव सर्वोच्च महत्व दिया है और इसे अनेक राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुए हैं । कंपनी के प्रयासों को इस्पात मंत्रालय ने इस्पात राजभाषा सम्मान तथा हैदराबाद, तेलंगाना के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने इस वर्ग के सर्वोच्च स्तर के राजभाषा अवॉर्ड से सम्मानित किया है ।

# अदाणी फाउंडेशन ने चलाया ओजोन परत जागरूकता अभियान

## 660 से अधिक छात्रों ने चित्रकारी, प्रतियोगिता और नाटक प्रदर्शनों में लिया भाग

पायनियर संवाददाता | अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जिसमें ओजोन परत के महत्व को उजागर किया गया। इस अभियान को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) और अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से खदान परिधीय क्षेत्रों के आसपास स्थित सरकारी स्कूलों में चलाया गया।

इस अभियान में विभिन्न सरकारी स्कूलों के 660 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें घाटबर्रा, फत्तेपुर, बासेन, साल्ही और तारा के मिडिल स्कूलों के साथ-साथ साल्ही स्थित अदाणी विद्या मंदिर के विद्यार्थी भी शामिल थे। यह कार्यक्रम छात्रों को ओजोन परत की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इसमें चित्रकारी और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ थीम आधारित नाटक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। चित्रकारी प्रतियोगिता में छात्रों ने ओजोन परत की सुरक्षा के महत्व को रचनात्मक चित्रों के माध्यम से दर्शाया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में उन्होंने इस मुद्दे पर अपने विचार और सुझाव साझा किए। थीम आधारित नाटकों ने भी इस अभियान को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद तरीके से प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों ने ओजोन परत के महत्व को कला और अभिनय के माध्यम से उजागर किया। अदाणी फाउंडेशन के इस अभियान का उद्देश्य न केवल छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता पैदा करना था, बल्कि उन्हें रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में प्रोत्साहित करना भी था। यह पहल अदाणी इंटरप्राइजेज की पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो विशेष रूप से इसके परिचालन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने इस अभियान की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाने में भी मदद करते हैं। भविष्य में भी इस तरह के अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम जारी रहेगा। इस अभियान ने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। छात्रों ने अपनी भागीदारी के माध्यम से न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि ओजोन परत के महत्व को समझने में भी योगदान दिया। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उदाहरण है कि कैसे युवा पीढ़ी को सही दिशा में प्रेरित करके पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। अदाणी फाउंडेशन की इस पहल ने साबित कर दिया है कि समाज में बदलाव लाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी कारगर हैं। यह अभियान बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी के लिए उन्हें जागरूक करने में भी सफल रहा है।

# कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन




पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दादा-दादी, नाना-नानी अपने पोते-पोतियों और नाती-नातिनों के साथ बड़े उत्साह से समारोह में सम्मिलित हुए तथा अनेक प्रकार के खेल और प्रतियोगिताओं में बढ़ - चढ़कर भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा समारोह में नृत्य तथा स्वागत गायन प्रस्तुत किया गया जिससे दादा-दादी, नाना नानी भाव विभोर हो उठे। उन्होंने ने कहा कि ऐसे समारोह का आयोजन हर विद्यालय में होते रहना चाहिए, जिससे शिक्षक तथा अभिभावक के बीच में ताल मेल बना रहे। तथा उन्होंने यह भी कहा कि आज इस समारोह के जरिए विद्यालय में अपने पोते पोतियो के साथ खेल तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए उन्होंने अपने छात्र जीवन की याद आ गई यह आयोजन उनके लिए स्मरणीय है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान: मोवा एवं महोबा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों ने पौधे रोपित कर परिसर को हरा- भरा बनाया

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है. नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम जोन नम्बर 7 द्वारा महोबा बाजार शासकीय शाला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छता पर आधारित चित्रकला स्पर्धा रखी गयी. केनवास पर सुन्दर चित्र उकेरकर विद्यार्थियों ने स्वच्छता को लेकर जन -जन को सकारात्मक सन्देश स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित जोन 7 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता गोविन्द साहेब बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में दिए. वहीं जोन 9 के क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पर आधारित रंगोली एवं चित्रकला स्पर्धा विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छता जागरूकता को लेकर रखी गयी, जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के सुन्दर सकारात्मक सन्देश रंगोली बनाकर और केनवास पर सुन्दर चित्र उकेरकर शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित नगर निगम के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हेमंत पटेल, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता के. के. शर्मा, पद्माकर श्रीवास, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में दिए. वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन 9 जोन कमिश्नर ने विद्यार्थी बच्चों की प्रतिभा को सराहा एवं उन्हें नगर निगम जोन 9 की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया. विद्यार्थियों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हेमंत पटेल, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं जोन 9 अधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सामूहिक स्वच्छता शपथ मोवा स्कूल में ली. नगर निगम जोन क्रमांक 5 के क्षेत्र में भक्त माता कर्मा वार्ड नम्बर 67 के अंतर्गत भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी परिसर में वार्ड पार्षद उत्तम साहू ने जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा और बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीपल, आम, नीम, बेल आदि प्रजातियों के 70 पौधे उनकी सुरक्षा एवं देखभाल अपनी संतान की भांति करने का समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सामूहिक संकल्प लेकर रोपित करते हुए बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी को हरा- भरा बनाया.

# कलेक्टर ने सौपा अनुकम्पा नियुक्ति पत्र

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज अपने कार्यालय कक्ष में प्रदीप कुमार निषाद, को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र सौपा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल मौजूद थे। कलेक्टर शर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए मेहनत कर आगे बढ़ने की शुभकामना दी। प्रदीप कुमार निषाद के पिता स्व. रेवेन्द्र कुमार निषाद पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कुम्ही, जनपद पंचायत बेरला का दिनांक 24.01.2024 को आकस्मिक निधन हो गया था। शासन के नियमानुसार प्रदीप कुमार निषाद को ग्राम पंचायत सचिव के पद अनुकम्पा नौकरी दी गयी है।

# विभागीय शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम जवाब दे की साय सरकार में लाखो किताबे कबाड़ में बेचीं गई: नवीन गुप्ता

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री नवीन गुप्ता ने कहा की प्रदेश में लगातार घोटाला हो रहे है। और राजधानी के पास सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में लाखो पाठय पुस्तकें कबाड़ में पडी है। ये पुस्तके वर्ष 2024-25 सत्र की नई किताबों को रद्दी में बेच दिया गया। इस मामले में करोड़ो के भ्रष्टाचार होने की आशंका है। और प्रदेश की बच्चो को समय पर पुस्तक का वितरित नही कर पाई है। ऐसे में लगता ये बडी घोटाला करने का फीराक में था। ये किताबे इसी सत्र में बाटने के बजाय रद्दी बताकर कबाड़ में बेच दिया गया। और इन पुस्तको का उपयोग इसी सत्र में हो सकता था। और भाजपा की सरकार बोलते है। कि हमारी सरकार में भ्रष्टाचार नही होते है। अब छत्तीसगढ़ की जनता जान चुकी है। अब ये सरकार भ्रष्टाचार करने वाली सरकार है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में 'आपदा प्रबंधन' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

आपदा प्रबंधन आपदाओं के लिए प्रभावी तैयारी और प्रतिक्रिया की एक प्रक्रिया है। इसमें आपदाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए संसाधनों को रणनीतिक रूप से व्यवस्थित करना शामिल है। इसमें आपदा की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया की जिम्मेदारियों के प्रबंधन के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण भी शामिल है। कलिंगा विश्वविद्यालय ने हाल ही में अपने परिसर में आपदा प्रबंधन पर एक अत्यंत जानकारीपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, बचाव कार्य, अग्निशमन और कोर ग्रुप गठन के प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ जितेन्द्र सोलंकी थे। कार्यशाला का शुभारंभ छात्र कल्याण की प्रभारी अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर के स्वागत भाषण से हुआ, जितेन्द्र सोलंकी का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया, जो विकास और बढ़ोतरी का प्रतीक है, जो दिन की चर्चा के लिए उपयुक्त विषय था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग विभागों के छात्र शामिल थे। सोलंकी ने विभिन्न प्रकार की आपदाओं पर चर्चा करके, उन्हें प्राकृतिक और मानव निर्मित में वर्गीकृत करके तथा प्रत्येक के लिए प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा करके इंटरैक्टिव सत्र की शुरुआत की। विद्यार्थियों ने उत्सुकतापूर्वक भाग लिया तथा भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित अपने अनुभव साझा किए, जिससे सत्र जीवंत और रोचक बन गया। अग्नि सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए, सोलंकी ने बताया कि आग को जलाने और बनाए रखने के लिए तीन तत्वों की आवश्यकता होती है गर्मी, ईंधन और ऑक्सीजन। उन्होंने प्रदर्शित किया कि इनमें से किसी एक तत्व को खत्म करने से आग कैसे बुझ सकती है, क्योंकि अग्निशमन कर्मी अक्सर विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके ऑक्सीजन की आपूर्ति को बाधित करते हैं। चर्चा में आगे बढ़ते हुए, सोलंकी ने आग के प्रकारों की पहचान करने और उपयुक्त अग्निशामक यंत्र का चयन करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

# जिला प्रशासन का यही रवैया रहा तो हथखोज के समान आत्महत्या की घटनाएं रायपुर में भी होगी- डॉ राकेश गुप्ता

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



ध्वनि प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन रायपुर पर ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश गुप्ता ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्हें एक डीजे संचालक ने जान से मारने की धमकी दी जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से मिलकर लिखित में की है , उसके बावजूद भी आज कुछ समाचार पत्रों में एसपी का बयान छपा है कि एसपी साहब को शिकायत की जानकारी नहीं है। डॉक्टर गुप्ता ने कहा है की 24 घंटे गुजर गए एफआई.आर. तो दर्ज नहीं कराई गई और गलत बयानी क्यों कर रहा है प्रशासन? उन्होंने चुनोती दी कि एसपी ऑफिस का विडियो रिकॉर्डिंग देखी जा सकती है जो कि प्रमाण है कि वो एसपी से मिले थे। गुप्ता ने कहा की प्रशासन डीजे संचालक पर कार्यवाही करने से क्यों बच रहा है? डॉ राकेश गुप्ता ने कहा की सड़कों पर रखकर डीजे बजाने की प्रशासन में खुल्ली छूट दी है । उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के तारतम्य में राज्य शासन द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद वाहनों पर स्पीकर रखकर बजाना प्रतिबंधित किया जा चुका है। परंतु अब गणेश पंडाल वाले सड़कों पर डीजे और डीजे की तेज लाइट लगाकर घंटे डीजे बजा रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करता। उन्होंने कहा मंगलवार रात को शंकर नगर चौक में 7 बजे से 10 बजे तक सड़क पर रखकर डेढ़ सौ डेसीबल पर डीजे बजाए गए। वहां ट्रैफिक में फंसे लोग फोटो भेज कर फोन करते रहे। कॉल सेंटर में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। रात 10 बजे पुलिस पहुंची परंतु दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की, ना ही डीजे जप्त किये जो की प्रशासन की मिलीभगत बताता है। डॉक्टर गुप्ता ने माँग किया कि उक्त समिति के सभी सदस्यों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत तत्काल कार्यवाही की जावे। डॉ गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए यह भी कहा कि निवासों के सामने गणेश पंडालों में बजने वाले कानफाड़ू साउंड स्पीकर पर अगर नियंत्रण नहीं किया गया तो हथखोज में जैसी आत्महत्या की घटनाए हुई है वैसी रायपुर शहर में भी होगी जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उच्च न्यायालय में छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा दायर याचिका के दौरान शपथ पत्र दिया था कि कुछ लोगों के विरुद्ध हाई कोर्ट के आदशानुसार, हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने पर अवमानना की कार्यवाही की जावेगी। परंतु अभी तक यह कार्यवाही क्यों नहीं की गई है?

## बिना अनुमति के सैकड़ों पंडाल कैसे लगे शहर में?

डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि 2022 में गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने समस्त कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया है कि बिना अनुमति के कोई भी पंडाल सड़क पर ना लगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने रायपुर शहर में एक भी अनुमति गणेश पंडाल लगाने और स्वागत द्वार लगाने के लिए नहीं दी। जिला प्रशासन को बताना चाहिए कि जब उन्होंने अनुमति नहीं दी तो रायपुर शहर में सैकड़ों पंडाल सड़कों पर लगकर यातायात व्यवस्था को ध्वस्त क्यों कराया गया? इससे अनावश्यक वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण भी जनता को मजबूरीवश सहना पड़ा। जबकी एनजीटी ने लिए छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति की याचिका में जनता को होने वाले कष्ट को देखते हुए आदेशित कर रखा है कि रायपुर शहर की सडकों पर पंडाल और स्वागत द्वार लगते पाये जाने पर उसे तत्काल हटाना है।

ध्वनि प्रदूषण के संबंध में मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि रायपुर प्रशासन के अंतर्गत शहर के लोग असहाय होकर एक वास्तविक अंधकारमय स्थिति में जी रहे हैं, यानी एक ऐसी जगह जहां ध्वनि प्रदूषण से बहुत पीड़ा है, निवासी दुखी और भयभीत हैं क्योंकि उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता है और जहां कोई सुरक्षा नहीं है, प्रदेश में ध्वनि प्रदूषण से निवासी आत्महत्या कर लेते हैं। शंकरनगर चोक पर तीन धंटे सड़क पर डी जे रख कर बजाने की शिकायत मुख्य सचिव से की गई है।

**संदीप तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता**

# ज्ञान गंगा शिक्षा अकादमी में पुस्तक मेला आयोजित



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

समय के साथ तालमेल बनाए रखने और पुरानी पढ़ाई की आदत को बनाए रखने के लिए, अकादमी ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पुस्तक मेला दो दिनों के लिए यानी 11.09.2024 और 12.09.2024 को आयोजित किया। संस्कृति मंत्रालय ने इस आयोजन में भाग लेने के लिए भारत के शीर्ष स्कूलों का चयन किया। पुस्तक मेला 11.09.2024 को छात्रों के लिए खुला, जहां उन्होंने अपनी पसंद की पुस्तकों के नाम उत्सुकता से नोट किए। 12.09.2024 को अभिभावकों को मेले में आमंत्रित किया गया, जिससे वे अपने बच्चों द्वारा चयनित पुस्तकों को व्यक्तिगत रूप से देख सके। ऑडिटोरियम छात्रों से भरा हुआ था, जिन्होंने साबित कर दिया कि आजकल बच्चों की पढ़ने की आदत कम होने के बावजूद, वे अभी भी इस आदत को जीवित रखते हैं। कक्षा III से XII तक के छात्रों ने इस पुस्तक मेले में भाग लिया। संग्रह में प्रारंभिक गाइड, बच्चों की पुस्तकें, फैंटेसी, रहस्य, विज्ञान कथा, हॉरर, ऐतिहासिक कथा, रोमांचक कथा, जीवनी, बच्चों की साहित्य, आत्म-सहायता पुस्तकें, प्रेरणादायक मोटिवेशनल किताबें शामिल थीं। यह देखना सच में खुशी की बात थी कि छात्रों ने अपनी लाइब्रेरी को भरने के लिए एक से अधिक किताबें चुनीं। मेले में आने वाले अभिभावकों में से कई ने अपने लिए कई किताबें खरीदीं। पुस्तक मेला कुल 5000 शीर्षकों के साथ 40 विभिन्न प्रकाशकों से था और सभी किताबें CBSE बोर्ड और ICSE बोर्ड द्वारा सिफारिश की गई थीं। पुस्तक मेला का उद्देश्य बच्चों और बड़ों के बीच पढ़ने की आदत को मजबूत करना था।

# जिगित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) के मैनेजमेंट टेंडर में सबसे ज्यादा पॉइंट्स




पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

इमर्जेंसी हेल्थकेयर सर्विसेज़ के अग्रणी प्रदाता, जिकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में प्रतिष्ठित पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) मैनेजमेंट टेंडर में टेक्नॉलजी, क्वालिटी और कीमत के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिले हैं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि असाधारण इमर्जेंसी रिस्पांस सर्विसेज़ प्रदान करने के लिए जिकित्जा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करती है। छत्तीसगढ़ में जेडएचएल पिछले ढाई वर्षों से 24 घंटे की आरोग्य हेल्थकेयर हेल्पलाइन (104) संचालित कर रहा है, जो हर दिन 5000 से अधिक कॉलर्स को जरूरी जानकारी और गाइडेंस देती है। यह सेवा माँ और बच्चे के स्वास्थ्य पर भी नज़र रखती है और प्रेग्नेंसी साइकल के दौरान उन्हें सलाह देती है। इमर्जेंसी सर्विसेज़ के लिए कॉल सेंटर और कंट्रोल रूम के प्रबंधन में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, चिकित्सा ने हर कॉल का तेज़ी और कुशलता से जवाब देने के लिए अपनी तकनीकी क्षमताओं को निखारा है। कंपनी का मज़बूत आईटी और आईटीईएस इंफ्रास्ट्रक्चर इसे सेवा के उच्चतम मानक प्रदान करने में सक्षम बनाता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक आपात स्थिति को सटीकता और सावधानी से संभाला जाए। चिकित्सा हेल्थकेयर लिमिटेड के सीईओ नरेश जैन ने कहा, छत्तीसगढ़ में पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) का मैनेजमेंट करने के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिलने पर हमें हमें गर्व है। यह अवसर उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने वाले अभिनव समाधान देने की हमारी क्षमता का प्रमाण है।

# राष्ट्रीयता के भाव को प्रगट एवं मुखर करने वाली भाषा है हिन्दी : प्रभात मिश्रा

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



हमारी हिंदी भाषा नदी की धारा की तरह चंचल है या एक जीवंत भाषा है भाषा वाक्य से बनती है वाक्य शब्दों से और शब्द मूल ध्वनियों से बनते हैं हिंदी शब्द, हिंदी का न होकर फारसी से आया है संस्कृत हमारे देश की सबसे पुरानी भाषा है जिसका उपयोग हमारे ऋषि मुनियों ने किया है और इसका प्रयोग ऋग्वेद में सर्वप्रथम देखने को में आता है इसीलिए कहा जाता है हिंदी संस्कृत की उत्तर अधिकारी है ।लगभग 150 वर्ष पूर्व बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार बकिमचंद्र चट्टोपाध्यायने भारत की अखण्ड एकता के लिए अपना उद्गार कुछ इस प्रकार प्रकट किया था। (हिन्दी भाशार साथा ये भारत वर्षेर विभिन्न प्रदेषेर मध्ये याहारों एवज बंधन स्थापित करिते पारिवेण तासराई प्रवृत्ति भारत बंधु नामे अमिरित हइ?वार योग्य वाटा प्रवृत्त -य करूण यत् दिन पटेई हउक मनोरथ पूर्ण होईबेअर्थात हिन्दी भाषा के सहयोग से भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों के बीच जो व्यक्ति एक बंधन स्थापित कर सकेंगे वे ही सच्चे भारत बंधु नाम से अभिहित किए जाने योग्य हैं। सभी चेष्टा करें य करें चाहे कितने ही दिनों बाद यह मनोरथ क्यों न पूर्ण हो, इस राष्ट्रीयता के भाव को प्रगट एवं मुखर करने वाली भाषा हिन्दी का आरंभिक काल जानना कठिन हैं। फिर भी सन् 1000 ई के आस-पास नवीन भारतीय आर्य भाषाओं का उद्भव काल प्रायः मानते हैं। 8 वीं व 9 वीं शताब्दी के सिद्धों की भाषा में अपभ्रंष से निकलती हुई हिन्दी दिखाई देती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने सिद्धों की वाणियों से प्रारंभ कर सरहपा, कन्हपा आदि सिद्ध कवियों ने अपनी भाषा को जन प्रिय होने के करीब रखा। एक उदाहरण- जिम बाहिर तिम अब्भन्तरू। चउदह भुवणे ठि अउ निरन्तरू। यदि हम भारतीय आर्य भाषा परिवार के. संक्षिप्त इतिहास का अध्ययन करें तो 3 कालखण्ड प्रमुख है- 1. प्रचीन वैदिक संस्कृति, लौकिक संस्कृति 2000 ई पूर्व से 500 ई पूर्व तक। 2. मध्यकालीन हिंदी 3. आधुनिक हिंदी इस वर्गीकरण को पढ़ने से जिज्ञासा उत्पन्न हो सकती है। आधुनिक काल में जिन नेताओं ने हिन्दी को समृद्ध किया उनमें मुख्य रूप से बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, काका कालेलकर, वीर सावरकर बंधु, आचार्य नरेन्द्र देव आदि ने उत्कर्ष प्रदान किया।

# समय-समय पर औचक निरीक्षण कर राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन करें और स्टॉक की सुक्षता और गहनता से जांच करें : कलेक्टर महोबे

## कस्टम मिलिंग का चावल शीघ्रता से जमा कराने के सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन विभिन्न विभागों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राज्य शासन द्वारा संचालित सार्वभौम पीडीएस योजना को बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जिला खाद्य अधिकारी को सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत समिति तथा समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दूकानों के माध्यम से निर्धारित समय पर हितग्राहियों को राशन वितरण करना सुचिश्चित करें। इसी तरह उचित मूल्य दूकानों को राशन का भण्डारण कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने सभी अनुविभगीय अधिकारी राजस्व को अपने क्षेत्र में राज्य शासन के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा अधोसंरचना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य, प्रगतिरत कार्यो, सहित उचित मूल्य दूकानों का क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राथमिकता में मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सर्वभौम पीडीएस योजना के जिले के वनांचल क्षेत्रों तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में गुणवत्ता के साथ योजना का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में वर्ष 2022 के माह सितम्बर के राशन दूकानों में बचत स्टॉक का राशन कठोरता से वसूली करने के सख्त निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को विशेष जिम्मेदारी देते हुए बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के लिए कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुहर्षलता वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर महोबे ने जिले के आदिवासी बोडला, पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के आर्थिक,समाजिक, शैक्षणिक विकास के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्यन की समीक्षा की। कलेक्टर ने इस योजना के तहत सभी बैगा परिवारों के लिए राशन कार्ड,आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बना कर इस योजना से जोडने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाजिक सुरक्षा की दृष्टि से सभी परिवारों को प्रधानमंत्री जनधन बीमा,जीवन ज्योति बीमा योजना के जोडने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक बैगा व्यक्तियों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के अतिरिक्त जिले में निवासरत सभी नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभियान चलाकर प्रतिदिन 5हजार नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बैठक में कस्टम मिलिंग चावल जमा करने में और गति बढ़ाने के निर्देश दिए है। बैठक में जिले के राईसमिलवार उनके द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए किए गए धान के उठाव की मात्रा और उनके द्वारा जमा किए जा रहे चावल की मात्रा की गहनता से समीक्षा की। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग का चावच जमा करने में रूचि नहीं दिखाने पर मिलर्स तथा संबंधित विभाग के अधिकारी के कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए है, तथा संबंधित राईस मिलों को निरीक्षण कर कस्टंम मिलिंग के लिए किए गए धान का उठाव का भौतिक सत्यापन करने तथा कस्टम मिलिंग में रूचि नहीं दिखाने वाले संबंधितस प्रतिष्ठानों का बैंक डिपॉजिट जमा करने की कार्यवाही के लिए संख्त निर्देश दिए है।

# छत्तीसगढ़ में गन्ना किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

## विष्णुदेव सरकार द्वारा गन्ना प्रोत्साहन योजना के लिए बजट में 60 करोड़ रुपए का प्रावधान

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए गन्ना प्रोत्साहन योजना के तहत विष्णुदेव सरकार द्वारा कृषि विभाग के बजट 2024-25 में 60 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के गन्ना किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी और उनकी स्थिति में सुधार होगा। गन्ना प्रोत्साहन योजना न केवल किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगी। इससे छत्तीसगढ़ में गन्ना उत्पादन में भी वृद्धि होगी और किसानों की आय में इजाफा होगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि गन्ना प्रोत्साहन योजना के तहत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के शेयर धारक किसानों को 24.50 करोड़ रुपए तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के किसानों को 19.70 करोड़ रुपए भुगतान किया जाना है।

प्रबंध संचालक एस शर्मा ने बताया कि त्यौहार के सीजन में गन्ना किसानों को राशि मिलने से सभी किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। आगामी एक से डेढ़ माह में नवरात्रि, दशहरा, दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार आने वाले हैं, अभी धान की फसल पकने में समय है इसलिए त्योहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसानों को मिलने वाली गन्ना बोनस की राशि बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार पेराई सत्र 2023-24 में कुल 12050 किसानों ने 388828 क्विंटल गन्ना की बिक्री की थी, जिसका एफआरपी भुगतान 113.52 करोड़ रुपए का भुगतान सभी गन्ना किसानों को किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 35.81 करोड़ रुपए का रिकवरी भुगतान में 17.14 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। शेष रिकवरी का भुगतान भी कारखाने द्वारा अतिशीघ्र कर दिया जाएगा। इसी प्रकार सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 7865 किसानों के द्वारा 313000 क्विंटल गन्ना बिक्री की गई थी,जिसका एफआरपी भुगतान 91.38 रुपए होता है जिसमे से 83.81करोड़ राशि जारी कर दी गई है। 7.57 करोड़ राशि शेष है जिसका भी इसी सप्ताह भुगतान कर दिया जायेगा। इसके पश्चात शेष रिकवरी राशि का भुगतान भी कारखाने द्वारा शीघ्र किया जाएगा।

# ट्रैक्टर पलटने से पांच लोग घायल, अस्पताल में चल रहा उपचार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिले में बीती रात नाटक मंडली से भरी ट्रेक्टर पलटने की घटना में 5 लोगों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार हेतु सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। उक्त घटना धरमयजगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़-कापू मुख्य मार्ग पर बायसी में नाटक कार्यक्रम करने के पश्चात बीती रात वापस अपने घर लौट रही नाटक मंडली की ट्रेक्टर जब भोजपुर के पास पहुंची ही थी कि चालक अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रेक्टर सड़क किनारे ही पलट गई। इस घटना में नाटक मंडली के कापू क्षेत्र के धनपुरी गांव के निवासी 5 लोग दशरथ चैहान, मुकेश राठिया, धर्मेंद्र राठिया संतोष यादव और हेमसिंह को गंभीर चोट आई है। वहीं अन्य लोगों को मामूली चोट आई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

# बोरई में तहसील स्तरीय दाऊ उत्तम साव पुण्यतिथि व संस्मरण समारोह का आयोजन 22 को

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण द्वारा 22 सितंबर को सुबह 10 बजे से ग्राम बोरई में तहसील स्तरीय दाऊ उत्तम साव पुण्यतिथि संस्मरण, तीज मिलन, रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान, तहसील साहू संघ सम्मान का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू करेंगे। प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, छाया सांसद राजेन्द्र साहू, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन सिंह साहू, राजेश साहू, भीखम साहू, तुलसी साहू, समाजसेवी कृष्णा साहू, दिव्या कलिहारी, देवसाहू, मुकेश साहू, सरपंच पद्मादेवी साहू होंगी।

# 21 सितम्बर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 21 सितम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम सत्यभामा अजय दुबे द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में पूर्व में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

# स्कूलों में जाकर बच्चों को दी गई सेफ टच अनसेफ टच के बारे में जानकारी

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com






कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी एवं सी.एल.भूआर्य महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्राम महाराजपुर, दैहानडीह, बड़ौदा कला के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय हाई स्कूलों में जाकर बच्चों को सेफ टच अनसेफ टच के बारे में जानकारी दिया गया।

इस दौरान बच्चों के चार अधिकार जीवन जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागी के अधिकार के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। एक युद्ध नशे के विरूद्ध के जागरुकता अभियान बारे में जानकारी दिया गया। बच्चों को विशेष रूप से सेफ टच एवं अनसेफ टच के बारे में जानकारी दिया गया जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों,क्षेत्र,गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है। जागरूकता अभियान कार्यक्रम में महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, शारदा निर्मलकर,आरती यादव सुपरवाइजर एवं विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षक, शिक्षिका, स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के टीम के द्वारा से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निः शुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है। ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम,बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं।

# पोषण आहार माह के अंतर्गत पौष्टिक भोजन प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में,प्राचार्य एवम प्रधान पाठक के निर्देशानुसार विद्या श्रीवास्तव एवम रोहिणी साहू के मार्गदर्शन में हमारे विद्यालय सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा, पूर्व माध्यमिक विभाग के बच्चों द्वारा पूरक पोषण आहार अंतर्गत विविध प्रकार के पोषण युक्त खाद्य पदार्थ जिसमे अंकुरित अनाज, दही बड़ा, साबुदाना बड़ा, ढोकला, अप्पे, कटलेट, भजिया, पूरी सब्जी, गुलाबजामुन, हलुवा, भेल, पास्ता, चाऊमीन, इडली सांभर आदि खाद्य पदार्थ का स्टॉल विद्यालय परिसर में लगाया गया था जिसका लुफ्त शिक्षकों एवम बच्चो के द्वारा लिया गया इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे, शिक्षक अल्का वासनिक, देवकी साहू, लक्ष्मी पाण्डेय, चेतन देवांगन, विद्या श्रीवास्तव, लक्ष्मीनी साहू, रोहिणी साहू, संतोष यादव तथा बच्चे उपस्थित थे।

# डायल 112 फिर साबित हुई संजीवनी



**रायगढ़।** प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत, डायल 112 सेवा ग्रामीण इलाकों में संजीवनी साबित हो रही है। जिले के दुर्गम क्षेत्रों में, जहां जाने के लिए नदी, नाले और पहाड़ी क्षेत्रों को पार करना पड़ता है, डायल 112 फायर, मेडिकल और पुलिस सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 15 सितंबर को घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौद सुकबासु पारा में पुनिया यादव (पति सुरेश यादव) को शाम के समय अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। परिजनों ने तुरंत डायल 112 को कॉल कर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना समय गवाए मौके के लिए रवाना हो गई। रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई, जिसके बाद डायल 112 की टीम में शामिल आरक्षक यशवंत यादव और ड्राइवर जनार चैहान ने सूझबूझ दिखाते हुए मितानिन और परिजनों की सहायता से डायल 112 वाहन में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।

# सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जंयती में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोडिया में झेरिया लोहार समाज द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुआ शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया ।वास्तुकला, निर्माण एवं सृजन के अधिष्ठाता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! प्रभु विश्वकर्मा की कृपा से प्रदेशवासियों के जीवन में सदा सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उनकी आशीर्वाद से हम सभी को सफलता और नए अवसर प्राप्त हों। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रेमलाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, टेकराम विश्वकर्मा, सरपंच प्रमिला साहू उपसरपंच पुष्पा साहू, भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र निर्मलकर, पूर्व सरपंच राकेश साहू, महिला अध्यक्ष भारतीय विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा, धनेश्वरी विश्वकर्मा, सरस्वती विश्वकर्मा, रेख राम विश्वकर्मा, जयंत विश्वकर्मा, भूखन विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, जीवन विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोगों उपस्थित रहे।

# अवैध शराब रखने और बेचने के मामले में ढाबा मालिक गिरफ्तार, 52 पाव देशी, अंग्रेजी शराब जप्त

**रायगढ़।** माईनर एक्ट के तहत कार्रवाई करते समय, थाना कोतरारोड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जोरापाली क्षेत्र में स्थित छभ-49 ढाबा में अवैध रूप से देशी और अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के निर्देशन पर कोतरारोड़ पुलिस टीम ने मौके पर जाकर छापा मारा। पुलिस टीम ने ढाबा मालिक अभय सिंह (उम्र 41 वर्ष, निवासी कबीर चैक फटहामुडा, थाना जूटमील) से पूछताछ की। अभय सिंह ने अवैध रूप से शराब रखने और बेचने का जुर्म स्वीकार किया। ढाबा की तलाशी लेने पर, पुलिस ने ढाबे के अंदर से देशी प्लेन मदिरा 180 एमएल की 36 शीशियाँ, कुल 6.480 लीटर कीमत 3240, अंग्रेजी शराब (गोल्डन स्पेशल व्हिस्की) 180 एमएल की 16 शीशियाँ, कुल 2.880 लीटर कीमत 2080 कुल 9.360 लीटर अवैध शराब जिसकी कुल कीमत 5320 बरामद की, जिसे पुलिस द्वारा मौके पर ही जप्त कर ली गई।

# कोतवाली पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले युवक और दो नाबालिग बालकों को लिया हिरासत में

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस ने सूने किराना दुकान में चोरी करने वाले एक युवक और दो नाबालिग बालकों को हिरासत में लिया है। चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया है।

रिपोर्टकर्ता पूनमचंद अग्रवाल (उम्र 78 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 04, जगतपुर, रायगढ़ ने थाना कोतवाली में 15 सितम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके किराना दुकान में चोरी हो गई है। 08 सितंबर को वे रायगढ़ से अंबिकापुर गए थे, और 11 सितंबर को जब वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान में जांच करने पर राशन का सामान, 2 गैस सिलेंडर, एक पीतल का बर्तन और चिल्हर गायब था। इस पर थाना कोतवाली में धारा 331(4), 305 ठछै के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, मुखबिर से सूचना मिली कि रामभांठा में एक व्यक्ति गैस सिलेंडर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए से मिलते-जुलते एक व्यक्ति को संजय मैदान के पास हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार किया। आरोपी अजय शर्मा उर्फ गोल्डी (उम्र 23 वर्ष) और उसके 03 साथी, जिसमें 02 नाबालिग हैं, ने मिलकर सूने मकानध्किराना दुकान से राशन सामग्री, सिलेंडर और नकदी चोरी की थी। मुख्य आरोपी अजय शर्मा उर्फ गोल्डी को 16 सितंबर की देर शाम गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। दोनों नाबालिग आरोपियों के परिजनों को नोटिस तामील किया गया है।

# मोहरेंगा स्कूल में संस्कृत दिवस का आयोजन




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा विकास खण्ड बेमेतरा में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया, कक्षा नवमी व दसवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु संस्कृत सप्ताह अंतर्गत प्रथम दिवस वार्तालापः, द्वितीय दिवस सस्वर श्लोक वाचन व संस्कृत गीतम, तृतीय दिवस समाचारः, चतुर्थ दिवस संस्कृत नाटकम,पंचम दिवस निबंध लेखनम,सष्ठ दिवस कहानी वाचनम व पत्र लेखनम,सप्तम दिवस सभी कार्यक्रमों का पुनरावृत्ति कराया गया,समापन दिवस कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रस्तुतिकरण किया जिसमें कु.केशरी साहू दसवीं ने संस्कृत समाचार,कु .गामनी जोशी व धनेश्वरी ध्रुव दसवीं द्वारा सस्वर श्लोक वाचन, भुनेश्वरी यादव, कीर्ति निर्मलकर, खुशी पाल,दशोदा पाल ने संस्कृत गीत पेश किया,खुशी पाल,दशोदा पाल व संतोषी साहू कक्षा नवमी द्वारा संस्कृत वार्तालाप, वहीं नवमी से ही खुशी पाल,त्रिति साहू, संतोषी साहू, दुर्गा साहू,व दशोदा पाल द्वारा नाटक एकलव्य पेश किया गया, मोना पाल ने निबंध लेखन,संतोषी साहू व खुशी पाल ने क्रमशः कहानी,व पत्र लेखन वाचन किया, समापन कार्यक्रम बेहद रोचक रहा,सरल संस्कृत भाषा,शब्दों का प्रयोग कर सिखने हेतु प्रेरित किया गया, कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा आराधना कर शुभारंभ हुआ,उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य शिवबसंत टंडन, सेवा निवृत्त शिक्षक डॉ गोकुल बंजारे चंदन, व्याख्याता अंजू बारमते, देव कुमारी साहू, सुश्वेता निर्मल उपस्थित रहे, कार्यक्रम संचालन व संयोजन संस्कृत भाषा में डॉ.गोकुल बंजारे ÷चंदन÷ व विद्यार्थी केशरी साहू ने किया, इस अवसर पर समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

# विष्णुदेव के सुशासन में खेल-खिलाड़ियों को मिल रहा सम्मान पहाड़ी कोरवा जनजाति की प्रतिभा को नई पहचान

## राष्ट्रीय स्तर खेलने के लिए गया था उत्तरप्रदेश-विपिन कुमार भगत

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में खेल-खिलाड़ियों को सम्मान मिल रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन की पहल पर तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल आकादमी का संचालन किया जा रहा है। जहॉ जिले के दूरस्थ अंचल के पहाड़ी कोरवा जनजाति की प्रतिभाओं को भी नई पहचान मिल रही है।कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के दिशा-निर्देश में तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल आकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर में भी भाग रहे हैं। पहाड़ी कोरवा जनजाति के बालक अनिल राम ने कबीरधाम में आयोजन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फिल्ड आर्चरी प्रतियोगिता 2022 में कम्पाउन्ड राउण्ड में स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ। इसी प्रकार कोण्डागांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में अनिल राम ने अंडर 14 कम्पाउन्ड राउण्ड में रजत पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ। चयनित पश्चात् राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गुजरात में अनिल छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल आकादमी में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विपिन कुमार भगत ने बताया कि यहॉ रहने-खाने और पढ़ाई सुविधा निःशुल्क है। विपिन केन्द्र से प्रशिक्षण लेकर राष्ट्रीय स्तर खेलने के लिए उत्तरप्रदेश गया था। तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल आकादमी जशपुर में प्रशिक्षक के पद पर पदस्थ राजेन्द्र देवांगन ने बताया कि यहॉ प्रतिदिन बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जाता है। तिरांदाजी केन्द्र के बच्चे नेशनल में भी भाग ले चुके हैं। जिसमें कास्य पदक भी हासिल किया है। प्रदेश स्तर पर भाग लेने के बाद खिलाड़ियों के चेहरे पर अलग मुस्कान दिख रही है। प्रशिक्षक देवांगन ने कहा कि इसी तरह यहॉ आकादमी चलता रहेगा तो बच्चे अंतर्राष्ट्रीय और ऑलम्पिक में भी अपना छाप छोड़ेंगें। तिरांदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल आकादमी में बच्चों के रहने, खाने और शिक्षा की सुविधा राज्य शासन और जिला प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा है। खेल अकादमी में कुल 30 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं। इनमें तीरंदाजी, तैराकी और ताइक्वांडो में 10-10 बच्चे शामिल हैं। सर्व सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बच्चों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

### जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनदर्शन में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें जिले के ग्राम डांडगांव की रूपेश्वरी भारती ने आवास योजना के तहत आवास दिलाने, ग्राम पंचायत हडगांव के ग्रामीणों ने चारागाह पर अवैध कब्जा हटाने, ग्राम बरेला के शारदा विश्वकर्मा ने भूमि की नक्शा ऑनलाईन दर्ज कराने, ग्राम नुनियाकछार के दिल्लूराम निषाद ने पशु शेड निर्माण कराने, ग्राम धनगांव गोसाई की रेवती बाई साहू ने वृद्धा पेंशन दिलाने, ग्राम कारेसरा के दिनेश कुमार ने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण हटाने सहित अन्य आवेदकों ने आवेदन सौंपे। संयुक्त कलेक्टर प्रधान ने आवेदकों को नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मदद से लखपति दीदी बनी सुमन्ती

## आर्थिक स्थिति अच्छी होने से परिवार की कर पा रही है मदद



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विषेश पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय से आने वाली सुमन्ती बाई आज लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं, उनका जीवन कुछ समय पहले तक संघर्षों से भरा हुआ था। वह एक साधारण किसान परिवार से आती थीं और उनकी आय का मुख्य स्रोत केवल कृषि कार्य था। कृषि से होने वाली वार्षिक आय मात्र 38,000 रुपये थी, जो उनके परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी। वह अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और परिवार को एक बेहतर जीवन देने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित कमल स्व सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हुआ। बिहान योजना के तहत उन्हें आर.एफ से 15,000 रुपये, सी.आई.एफ से 60,000 रुपये और बैंक लिंकेज के माध्यम से एक लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस वित्तीय सहयोग ने उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ लेकर लाया। समूह की मदद से मिले आर्थिक सहयोग के बल पर सुमन्ती बाई ने मिर्च उत्पादन, टमाटर उत्पादन और बकरी पालन जैसे आजीविका के नए रास्ते चुने। इन गतिविधियों से आज उनकी कुल वार्षिक आय 1,80,000 रुपये हो चुकी है। उन्हें मिर्च उत्पादन से 80,000 रुपये टमाटर उत्पादन से 40,000 रुपये और बकरी पालन से 60,000 रुपये की आमदनी हो रही हैं। इस तरह उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। सुमन्ती बाई का कहना है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया, बल्कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी दिला रही हैं। अब वह अपने परिवार के रहन-सहन, खान-पान, और पहनावे में भी सकारात्मक बदलाव लाने में सफल हो पाई हैं। सुमन्ती बाई राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और स्व-सहायता समूह की मदद से, वह न केवल लखपति दीदी बनीं, बल्कि एक खुशहाल और आत्मनिर्भर जीवन जीने की मिसाल भी बन गई है।

# स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर मनाया जा रहा है स्वच्छता ही सेवा अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल नगर पालिका जशपुरनगर में स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम के द्वारा स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न संस्थानों को शामिल कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। अभियान के तहत शहर के जैन मंदिर चौक में स्वच्छता शपथ का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही शहर के जन प्रतिनिधिगण, नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, नगर पालिका के समस्त-कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदियां, सफाई मित्र एवं आम नागरिक उपस्थित थे । स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इनमें स्वच्छता लक्ष्य इकाई सीटीयू के तहत् श्रमदान गतिविधियां, विशेष लक्ष्य इकाइयों और संपूर्ण स्वच्छता के लिए समयबद्ध परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसी प्रकार स्वच्छता में जन भागीदारी, जागरूकता, विभिन्न भागीदारी गतिविधियों द्वारा नागरिकों को स्वच्छता प्रयासों में सम्मिलित और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर स्वच्छता कर्मचारियों की निवारक स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान किया जाएगा।

# स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के तहत निकाली गई रैली




पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। जिसका सारा श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसी कड़ी में नगरपालिका परिषद के द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वच्छ मैराथन दौड़ और स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय के जनप्रतिनिधि दिलीप सोनी,विनय यादव, अमित गुप्ता,समस्त पार्षदगण, शासकीय कन्या हाईस्कूल, स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण तथा नगर पालिका परिषद् बलरामपुर के समस्त अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता कमांडो तथा स्वच्छता दीदी सम्मिलित हुए। उक्त संबंध में सीएमओ प्रणव राय का कहना है कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के लिए प्रारंभ किया गया है इस वर्ष का थिम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है,जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की महत्ता को रेखांकित करता है।

# नगर में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जंयती बडी धूमधाम से मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जंयती बडी धूमधाम से मनाई गई । निर्माण कार्य से संबंधित कार्य , बढाई, लोहार, वेल्डिंग दुकान दार, सहित मशिनो का कार्य करने वाले अपने प्रतिष्ठानो में भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर होम हवन किया । नगर के आर्दश कृषि उपज मंडी में विराजे भगवान विश्वर्मा -भवन निमार्ण ठेकेदार संघ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के आर्दश कृषि उपज मंडी में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई । विधी विधान से पूजा अर्चना कर भोजन भंडारे सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर समिति ने बताया कि इसकी तैयारी लगभग 15 से 20 दिनो पूर्व प्रारंभ हो जाती है। 17सिंतबर को पूजा प्रतिष्ठा के बाद भंडारा सहित रात्रि में लोक कलाकारो द्वारा प्रस्तुति दी गई । धूमधाम से निकाली गई झांकी - 18 सिंतबर को धूमधाम से विश्वकर्मा की झांकी निकाली गई , जो आर्दश कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी । रामधूनी की धून में निकली शोभायात्रा नगर वासियों के लिए आर्कषण का केन्द्र रही । इस दौरान लगभग 15 से 20 राम धूनी टीमो ने हिस्सा लिया ।

# श्रीराम विहार कालोनी में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान मिनाक्षी जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

श्रीराम कालोनी, मिनाक्षी नगर वार्ड 53 केडी पब्लिक स्कूल के निकट श्रीराम विहार कालोनी में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो गई।विनोद अरोरा के सहयोग से नव निर्मित हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रीराम कालोनी वासियों व श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा करने के लिए लग गई। ज्ञात हो कि विजय मालापुरे व मूलचंद वर्मा सहयोग एवं कालोनी वासियों के उपस्थिति में भव्य हनुमान मंदिर का नव निर्मित मंदिर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत पंडितों द्वारा हनुमान जी की नवीन प्रतिमा का मंत्रोच्चार व पंचामृत से अभिषेक कर विधि-विधान से हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना किया और इसके बाद हवन किया गया, जिसमें कालोनीवासियों ने पूर्णाहूति डाली। पूजा अर्चना के बाद में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में सैकड़ों भक्तों को खिचड़ी व हलवा प्रसाद का वितरण भक्तों में किया गया। इस अवसर पर विनोद अरोरा, रत्न यादव, विजय मालापुरे, राजू बक्शी, मूलचंद वर्मा, संतोष खिरोडकर, तेजराम देशमुख, शुभम रामटेके, अनिल सोनवानी, मंजूलता सोनवानी, शालिनी सोनवानी, महेश मालापुरे चिंटू मालापुरे जितेंद्र बरेकर रोहित टाडेकर कमलेश मालापुरे लक्की बिजेवर सहित कालोनी वासी मौजूद रहें।

# आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने संभाली कमान OBC सर्वे निरीक्षण पर निकलें



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की गठित छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुसार नगर निगम द्वारा पिछड़ा वर्ग का सर्वे कराया जा रहा है। बुधवार को आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व्दारा वार्ड क्रमांक 03 एवं 04 में ओबीसी सर्वे का औचक निरीक्षण राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा,थानसिंह यादव,योगेश सूरे एवं अमला के साथ पहुँचे।वार्ड के निरीक्षण के मौके पर पार्षद नरेंद्र बंजारे भी मौजूद रहे।आयुक्त ने सर्वे का काम जल्द से जल्द पूरा हो सके इसके लिए आयुक्त अधिकारी/ कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यक्रताओं के साथ घर मे जाकर लोगो से संपर्क कर लिस्ट की समीक्षा की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओबीसी सर्वेक्षण को पूरा करने का निर्देश जारी किया है।निगम अधिकारी/कर्मचारी,सुपर वाइजारो के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी में ये काम शामिल है।बता दे कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ निगम कर्मचारी व सुपर वाइजर सर्वे के दौरान उनकी सुविधा के लिए साथ मे डयूटी लगाई गई है। मंगलवार को नगर निगम के मोतीलाल वोरा सभाकक्ष में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की थी। उन्होंने सर्वे कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।अधिकारी / कर्मचारी व बीएलओ / आंगनबाड़ी व सुपरवाईजरों को अपने-अपने वार्डो में हुए सर्वेक्षणों की जानकारी लेकर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा करने को कहा।उन्होंने कहा कि बीएलओ को सर्वे कार्य में लगाया गया हैं और कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जाए।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों से सर्वेक्षण कार्य में कोई भी लापरवाही न बरतने और समय पर कार्य पूरा करने पर ज़ोर दिया।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर जिला महिला मोर्चा की हुई बैठक




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर जिला महिला मोर्चा की बैठक जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में हुई। जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नवीन सदस्यता अभियान में महिला मोर्चा को भी पार्टी की ओर से टारगेट दिया गया है अतः हम सभी महिलाओं को अपने कार्य क्षेत्र में सदस्यता बढ़ाना है विशेषकर महिलाओं को पार्टी का सदस्य बनाना है क्योंकि भाजपा की सरकार ने ही राममंदिर, तीन तलाक,धारा 370 समाप्त करने जैसे कार्य किए हैं। महिलाओं का मान सम्मान भाजपा शासन में बढ़ा है महिलाओं को महतारी वंदन में प्रतिमाह 1 हजार रुपए भी मिल रहा है। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा प्रभारी संध्या सिंह,अंजना जायसवाल,माला गुप्ता सुकन्या सिंह,कन्या सिंह,पायल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहीं।

## मुंगेली जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के 1058 हितग्राही भी शामिल ...

# प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम आवास योजना शहरी के तहत 4 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए पीएम आवास योजना शहरी के तहत 04 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया, जिसमें मुंगेली जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के 1058 हितग्राही भी शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि आज देश भर में गणपति को विदाई दी गई।आज अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा पूजा भी है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है जहां श्रम और कौशल को विश्वकर्मा देवता के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा सरकार द्वारा किसान, नौजवान और आम नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के साथ विकसित भारत की संकल्पना समृद्ध भारत की गारंटी बनेगी।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली में किया गया। जहां विधायक पुन्नुलाल मोहले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर सहित प्रशानिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में जिले के नागरिक शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओड़िशा के भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीबों और जरूरतमंदो को आवास स्वीकृत कर योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के नगरीय निकायों में कुल 04 हजार 675 आवास स्वीकृत किए गए है, जिसमें से 03 हजार 362 आवास पूर्ण कर लिया गया है। शेष अवास का निर्माण कार्य प्रगतिरत है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। विधायक श्री मोहले ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है। कोई भी पात्र हितग्राही आवास से वंचित नहीं होगा। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई भी दी। कलेक्टर ने कहा कि आज बहुत अच्छा कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया है।इसके साथ ही ''स्वच्छता ही सेवा'' के तहत सभी नगरीय निकायों और गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने कार्यक्रम का शुभारंभ और प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को प्राप्त करने के लिए विविध आयामों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। आप सभी लोग इसके साक्षी बने है।इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और आमजनों को शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलाने कार्ययोजना बनाकर लगातार कार्य किए जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1058 हितग्राहियों को गृह प्रेवश कराया गया है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई दी। गणमान्य नागरिक शैलेश पाठक ने कहा कि गरीब बिना छत के न रहे इसके लिए आवास योजना संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा 18 लाख आवास देने का संकल्प लिया गया है। कोई भी गरीब आवास से वंचित नहीं रहेगा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम रोपण किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई शहर के पर्यावरण की सुन्दरता को बनाये रखने वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान में एक पेड़ मां के नाम अधिक से अधिक पेड़ लगाने के निर्देश प्राप्त है। खुर्सीपार आई.टी.आई. ग्राउण्ड एवं केनाल रोड किनारे 200 पौधे एक पेड़ मां के नाम रोपण किया गया। इसी प्रकार सुपेला घड़ी चैंक पर 94.3 माय एफ एम लाइव स्टूडियो के माध्यम से नागरिको को एक पेड़ मां के नाम पौधे रोपित करने गमले में पौधे लगाकर वितरण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू निर्देशित किये है।

# ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रमों का हो सफल आयोजन : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने बस्तर दशहरा पर्व के आयोजन के सम्बंध में की समीक्षा, 15 अक्टूबर को मुरिया दरबार का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो कि 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा। यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय को इस दौरान बस्तर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इसमें तिथिवार विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें बताया गया कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 15 अक्टूबर 2024 को मुड़िया दरबार का आयोजन होगा। इसी तरह बस्तर दशहरा को भव्य रूप देने के लिए बस्तर मड़ई, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट, एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम, बस्तर टूरिस्ट सर्किट, दसरा पसरा, नगरगुड़ी टेंट सिटी, टूरिज्म ट्रेवलर्स आपरेटर मीट, देव सराय, स्वच्छता पखवाड़ा जैसे विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बस्तर दशहरा पर्व में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष यात्री बसों के संचालन के सम्बंध में भी चर्चा की गई। 4 अगस्त को पाट जात्रा पूजा विधान से शुरू हुए ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व 2024 के अंतर्गत 2 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान, रेलामाता पूजा विधान। 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा विधान, रथ परिक्रमा पूजा विधान। 12 अक्टूबर को मावली परघाव विधान, 15 अक्टूबर को काछन जात्रा पूजा विधान और मुरिया दरबार, 16 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान, 19 अक्टूबर को मावली माता जी की डोली की विदाई पूजा विधान आयोजित है। गौरतलब है कि मुरिया दरबार में विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रमुख, नेता और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर संस्कृति, परंपरा और प्रथाओं को सहेजने और सामुदायिक मांग तथा समस्याओं पर विचार करते हैं। इस वर्ष 15 अक्टूबर 2024 को मुरिया दरबार का आयोजन किया जायेगा।मुरिया दरबार आयोजन के 10 दिन बाद बस्तर संभाग के मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरीन, पुजारी, कोटवार, पटेल, मातागुड़ी के मुख्य पुजारियों का सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कई अभिनव पहल की जा रही है। द बस्तर मड़ई के अंतर्गत बस्तर की प्राकृतिक सौन्दर्य, एतिहासिक एवं पुरातत्विक स्थलों, एडवेंचर स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों से पर्यटकों को अवगत कराने के लिए प्रशासन द्वारा ÷द बस्तर मड़ई÷ की अवधारणा तैयार की गयी है। बस्तर मड़ई के अंतर्गत 21 सितम्बर को सामुहिक नृत्य कार्यक्रम, 21 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक बस्तर हाट-आमचो खाजा, 24 सितम्बर को सिरहासार परिसर मैदान में बस्तर नाचा, 27 सितम्बर को पारंपरिक लोक संगीत, 29 सितम्बर को बस्तर की कहानियां एवं हास्य कवि सम्मेलन, 30 सितम्बर को बस्तरिया नाचा जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## राज्यपाल डेका का स्काउट गाइड मुख्य संरक्षक अलंकरण बैज लगाकर किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका को छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड के मुख्य संरक्षक अलंकरण बैज लगाकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका को आज राजभवन में संस्था के पदाधिकारियों ने भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त बैज पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। राजभवन में आयोजित छत्तीसगढ़ के स्काउट-गाइड के एक संक्षिप्त कार्यक्रम में संस्था को पदाधिकारियों से मिलकर राज्यपाल डेका ने प्रसंन्नता व्यक्त की और कहा कि स्काउट-गाइड की समाज में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्काउट गाइड में शामिल होने के लिए प्रेरित करें जिससे उनमे अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा और वे देश के अच्छे नागरिक बनेंगे। छत्तीसगढ़ स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मुख्य संरक्षक राज्यपाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में स्काउट-गाइड योजना शुरू करने की योजना हैं। स्काउट गाइड के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने आभार प्रदर्शन किया। इस पूर्व राज्यपाल को मुख्य संरक्षक बैज पहनाकर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्वागत किया।

## ईंट उठाने वाले हाथों में है अब चाक, नौकरी से बदलेगी पहाड़ी कोरवा की तकदीर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पहाड़ी कोरबा सागर कुछ माह पहले तक एक मजदूर था। हाथ में कुछ काम नहीं होने की वजह से वह गाँव में एक ठेकेदार के पास जाकर ईंट ढोने का काम किया करता था। इससे उन्हें जी भर के परिश्रम करनी पड़ती थी और पैसे भी कम मिलते थे। घर में माता-पिता की जिम्मेदारी उठाने और अपना खर्च निकालने के लिए सागर को यह काम हर हाल में तब भी करना पड़ता था जब कभी उसे शारीरिक थकावट महसूस होती थी। वह चाहकर भी ऐसी नौकरी नहीं कर पा रहा था, जिससे उसका ईंट ढोने के कार्य से पीछा छूटे। विशेष पिछड़ी जनजाति के पहाड़ी कोरवा सागर के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था एक बड़ी चुनौती बन गई थी, क्योंकि उनके हाथों को हर दिन काम मिल जाए यह भी जरूरी नहीं था। इसी बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जब जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के योग्य बेरोजगार युवकों को नौकरी देने की शुरुआत की गई तो पहाड़ी कोरवा सागर ने भी अपना आवेदन जमा किया। पहाड़ी कोरवा सागर के दस्तावेजों की जाँच के पश्चात उसका चयन कर लिया गया। विषम परिस्थितियों में रहकर गरीबी के बीच मजदूरी करने वाला पहाड़ी कोरवा सागर के हाथ से अब कोई ईंट नहीं उठता बल्कि इन्हीं परिश्रमी हाथों को चाक और किताबों का साथ मिल गया है। पहाड़ी कोरवा सागर अब प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को शिक्षा देकर आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। कोरबा ब्लॉक के ग्राम चीतापाली में पदस्थ पहाड़ी कोरवा सागर ने बहुत संघर्षो से बारहवीं पास किया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि आज रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बल एवं शक्ति के प्रतीक भगवान हनुमान एवं रायगढ़ के कला सम्राट राजा चक्रधर के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर तथा फाइनल राउंड में पहुंचे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी जनप्रतिनिधियों के गरिमामय उपस्थिति में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम राउंड का आयोजन कराया गया। रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कुल 275 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 70 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक और शानदार रहा। मुख्य अतिथि साहू ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले सभी वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों को इसी तरह हमेशा पूरे उत्साह एवं खेल भावना से कुश्ती खेलने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सुप्रतिमा दुबे और एक अन्य कोच को गदा प्रदान कर भी सम्मानित किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने रायगढ़ जिले में पहुंचे देशभर के सभी पहलवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पूरे देश से आए सभी खिलाड़ियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राजा चक्रधर सिंह का नाम हम सभी आज भी पूरे सम्मान के साथ याद करते हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ की इस धरती पर कभी गामा पहलवान का भी मैच हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान गीता के कर्मयोग की तरह है। क्योंकि खेल के मैदान में कोई भी खिलाड़ी हार जीत की चिंता किए बिना खेल भावना से खेलता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल के माध्यम से भी अपना एक बेहतर करियर बनाया जा सकता है, जो बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस तरह के पुनीत खेलों के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया और कहा कि देशभर से आए विभिन्न खिलाड़ियों से मुझे मिलने का अवसर मिला यह मेरे लिए भी गौरव की बात है।

### मंत्री राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर में वजन त्यौहार का किया शुभारंभ

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर से आज वजन त्यौहार 2024 का शुभारंभ किया। महिला एवं बाल विकास परियोजना सिलफिली के सेक्टर पार्वतीपुर के आंगनबाड़ी केंद्र बीरपुर से वजन त्यौहार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 23 सितंबर तक वजन त्यौहार कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसकी शुरूआत आज से राज्य के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई। सूरजपुर जिले के बीरपुर आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष तौर से ध्यान देना चाहिए। उन्हें संतुलित तथा पौष्टिक आहार का सेवन कराएं, ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा एवं वजन संतुलित हो। इस दौरान मंत्री राजवाड़े ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने स्कूल की बच्चियों की एनीमिया जांच की जानकारी ली और स्वयं का स्वास्थ्य जांच भी कराया।

## हमारे आने वाली पीढ़ी सामाजिक एकता और समरसता के बारे में रू-ब-रू होगी : मंत्री देवांगन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सामाजिक एकता विपरीत परिस्थिति में भी एक दूसरे को मदद करने के लिए प्रेरित करती है। एकजुट रहना, मजबूत रिश्ते और मजबूत समाज के निर्माण में एकता विशेष महत्व रखता है। प्रदेश के अन्य समाज की भांति देवांगन समाज भी छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागी है। यह समाज व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे आकर समाज को आगे ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इस आशय के उद्गार वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने रायपुरा स्थित सत्यम विहार में परमेश्वरी भवन में आयोजित देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमें अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के प्रति विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है, जिससे समाज तरक्की के राह पर आगे बढ़ सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज देवांगन समाज की एकजुटता मिशाल है। हमारे आने वाली पीढ़ी भी सामाजिक एकता और समरसता के बारे में इसी तरह से मिशाल पेश करेगा। हमारा यह कर्तव्य है कि पारंपरिक और आधुनिक समाज की मुख्य धारा में सभी को शामिल कर सकें तो निश्चित रूप से वे समृद्ध व लाभान्वित हो सकते हैं। इससे समाज और मजबूत बन सकता है। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने माता परमेश्वरी की पूजन अर्चना कर समाज की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंत्री देवांगन ने समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा की विष्णु देव सरकार आने के बाद हर योजना का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नरेंद्र देवांगन, किरण देवांगन, दद्दू देवांगन, ओम प्रकाश देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिवमहापुरण कथा श्रवण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री साय को सपरिवार किया आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



शिव महापुराण कार्यक्रम के संचालक समिति ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सपरिवार सिहोर वाले महाराज पंडित क्तप्रदीप मिश्रा के कथा श्रवण हेतु ग्राम कुकरेल कांटाकुरीडीह में आमंत्रित किया। समिति के सहयोगी बताया कि क्षेत्र का सबसे बडा सनातन धर्म का कार्यक्रम किया जा रहा है। व्यवस्था हेतु वो स्वयं भी दिन रात समिति के साथ कार्य कर रहे हैं। समिति से दीपक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के समक्ष विषय प्रस्तुत किया और कहा कि क्षेत्र में लगातार वामपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा मासूम आदिवासी भाइयों को मिसगाइड किया जा रहा है, और कुछ देशविरोधी ताकतों के प्रभाव से सम्बद्ध लोगों द्वारा भी धर्मांतरण का कार्य क्षेत्र में किया जा रहा है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए गांव के आदिवासी भाइयों और बहनों द्वारा निर्मित समिति रूद्रेश्वर सेवा समिति ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है ताकि क्षेत्र में निवास करने वाले सभी जनजाति परिवार के लोगों को सनातन धर्म के सबसे बडे कथावाचक पंडित क्तप्रदीप मिश्र जी के क्तमुख से शिवमहापुराण का कथा श्रवण करवाया जा सके और इस सत्य को समझाया जा सके इस सृष्टि के सबसे पहले आदिवासी समुदाय ही प्रथम हिन्दू हैं, आदिवासी समाज के अनेकों देवी देवता भी शिव पार्वती का ही रूप है। हमारी वन देवी मां अंगारमोती स्वयं जगतजननी मां आदिशक्ति है,हमारे बूढ़ादेव भी स्वयं महादेव ही हैं। दीपक ठाकुर ने मुख्यमंत्री से कार्यक्रम में सपरिवार आने हेतु आग्रह किया और समिति वालों की कुछ अपेक्षाओं से भी अवगत करवाया साथ ही साथ जिला प्रशासन को भी सहयोग हेतु निर्देशित करने का आग्रह किया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403